


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 311 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) माघ शु.4 2081 रविवार, 2 फरवरी-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये

## धुंध में क्रूजर नहर में गिरी, 12 की मौत

हिसार, 1 फरवरी (एजेंसियां)। हरियाणा के फतेहाबाद में शुक्रवार देर रात घने कोहरे के कारण एक क्रूजर गाड़ी भाखड़ा नहर में जा गिरी। इस हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 2 लोगों को बचा लिया गया है। शनिवार को 7 लोगों के शव सिरसा जिले में मिले। इनमें से 6 शव गांव गदराना के पास कालुआना माइनर में मिले हैं। इनमें चार महिलाएं, एक पुरुष, एक 12 वर्षीय लड़की है। वहीं, रोड़ी क्षेत्र के गांव कुरंगावाली के पास भी कालुआना माइनर में एक डेडबॉडी मिली है। यह डेडबॉडी करीब डेढ़-दो साल के बच्चे की है। वहीं 4 शव पंजाब में फरीद के हेड में मिले। एक शव रात को ही फतेहाबाद से बरामद कर लिया था। गाड़ी में कुल 14 लोग सवार थे, जो कि पंजाब में एक शादी समारोह से लौट रहे थे।

# 12.75 लाख की आय पर कोई टैक्स नहीं

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए टीडीएस में छूट की सीमा को 50 हजार से बढ़ाकर एक लाख रुपये किया जाएगा



नई दिल्ली, 1 फरवरी (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दे दी है। अब 12 लाख रुपये तक की आमदनी आयकर के दायरे से बाहर होगी। वित्त मंत्री ने प्रत्यक्ष कर पर बजट में कहा कि नए आयकर विधेयक में न्याय की भावना को प्रमुखता दी जाएगी।

वित्त मंत्री ने कहा कि 12 लाख रुपये तक की आमदनी पर अब कोई आयकर नहीं लगेगा। इसमें जब स्टैंडर्ड डिडक्शन भी जोड़ देंगे तो वेतनभोगी लोगों के लिए 12.75 लाख रुपये की करयोग्य आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। वित्त मंत्री ने कहा है कि इस फैसले से मध्यम वर्ग पर करों को काफी हद तक कम करने में मदद मिलेगी। उनके पास अधिक पैसा छोड़ने, घरेलू खपत, बचत और निवेश बढ़ाने का मौका होगा।

वित्त मंत्री ने एलान किया है सभी करदाताओं को लाभ पहुंचाने के लिए आयकर स्लैब और दरों में बदलाव किया जा रहा है। वित्त मंत्री ने कहा है कि नई कर व्यवस्था के तहत 12 लाख की आय तक शून्य आयकर लगेगा। मध्यम वर्ग पर सरकार ने विशेष ध्यान दिया है और व्यक्तिगत आयकर प्रणाली में सुधार किया है।

**टीडीएस पर वित्त मंत्री ने क्या एलान किया :**

वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा है कि टीडीएस की सीमा में बदलाव किए जाएंगे ताकि इसमें एकरूपता लाई जा सके। वरिष्ठ नागरिकों के लिए टीडीएस में छूट की सीमा को 50 हजार से बढ़ाकर एक लाख रुपये किया जाएगा। किराए से होने वाली आमदनी पर टीडीएस में छूट की सीमा को बढ़ाकर छह लाख रुपये किया जाएगा।

वित्त मंत्री के अनुसार, नॉन-पैन मामलों में उच्च टीडीएस के प्रावधान लागू रहेंगे। अपडेटेड रिटर्न दाखिल करने की सीमा को दो साल से बढ़ाकर चार साल कर दिया है।

## सरकार ने पेश किया 50 लाख करोड़ रुपये का बजट

नई दिल्ली, 1 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का दूसरा बजट पेश किया। वित्तीय वर्ष 2025-26 में बजट अनुमान 50,65,345 करोड़ रुपये है, जिसमें कुल पूंजीगत व्यय 11,21,090 करोड़ रुपये है। इसमें राज्यों को 25,01,284 करोड़ रुपये मिलेंगे। सरकार ने बताया कि बजट में कुल राजस्व प्राप्ति 34,20,409 करोड़ रुपये है। वहीं पूंजीगत प्राप्तियां 16,44,936 करोड़ रुपये हैं। सरकार ने विभिन्न मंत्रालयों के लिए भी बजट तय किया है।

# यह जनता जनार्दन का बजट : पीएम

### 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाएं पूरी होंगी



नई दिल्ली, 1 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम बजट को जमकर सराहा। उन्होंने इसे जनता जनार्दन का बजट करार दिया। उन्होंने कहा, आज भारत के विकास यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। ये 140 करोड़ भारतीयों के आकांक्षाओं का बजट है, ये हर भारतीय के सपनों को पूरा करने वाला बजट है। हमने कई सेक्टर युवाओं के लिए खोल दिए हैं। ये विकसित भारत के मिशन को ड्राइव करने वाला है, ये बजट बल गुणक (फोर्स मल्टीप्लायर) है। ये बजट बचत को बढ़ाएगा, निवेश को बढ़ाएगा और ग्रोथ को भी तेजी से बढ़ाएगा। मैं वित्त मंत्री को इसके लिए बधाई देता हूं।

पीएम मोदी ने कहा कि आमतौर पर बजट का फोकस इस बात पर रहता है कि सरकार का खजाना कैसे भरेगा, लेकिन ये बजट उससे बिलकुल उल्टा है। ये बजट, देश के नागरिकों की जेब कैसे भरेगा, देश के नागरिकों की बचत कैसे बढ़ेगी और देश के नागरिक विकास के भागीदार कैसे बनेंगे? ये बजट इसकी एक बहुत मजबूत नींव रखता है। उन्होंने कहा कि आज देश 'विकास भी, विरासत भी' के मंत्र को लेकर चल रहा है। इस बजट में इसके लिए बहुत महत्वपूर्ण और ठोस कदम उठाए गए हैं। इस बजट में एक करोड़ पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए 'ज्ञान भारत मिशन' को शुरू किया गया है।

**बजट में रिफॉर्म की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए**

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट में रिफॉर्म की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। न्यूक्लियर एनर्जी में प्राइवेट सेक्टर को बढ़ावा देने का निर्णय बहुत ही ऐतिहासिक है।

बजट में रोजगार के सभी क्षेत्रों को हर प्रकार से प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि देश के एससी, एसटी और महिला... जो नए उद्यमी बनना चाहते हैं, उनके लिए बिना गारंटी के दो करोड़ रुपये तक के लोन की योजना भी लाई गई है। इस बजट में न्यू एज इकोनॉमी को ध्यान में रखते हुए गिग वर्कर्स के लिए बहुत बड़ी घोषणा की गई है। पहली बार गिग वर्कर्स का ई-श्रम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया जाएगा और फिर उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा।

## आठ माओवादी ढेर गोलीबारी अब भी जारी

बीजापुर, 1 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ के बीजापुर जिले के गंगालुर थाना क्षेत्र के तोड़का इलाके में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच चल रही मुठभेड़ आठ नक्सली मारे गए। सूत्रों के मुताबिक, मारे गए सभी नक्सलियों के शव जवानों ने बरामद कर लिए हैं। बताया जा रहा है कि अभी भी मुठभेड़ जारी है। इस मुठभेड़ में डीआरजी और एसटीएफ के जवान शामिल हैं। मारे गए नक्सलियों के पास से कई स्वचलित हथियार भी बरामद होने की खबर है। इससे पहले नक्सल प्रभावित जिला गरियाबंद में सुरक्षा बल और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में फोर्स को बड़ी कामयाबी मिली थी। कुल्हाड़ी घाट स्थित भालू डिग्गी जंगल में 14 नक्सली मारे गये थे। वहीं, सीआरपीएफ के कोबरा यूनिट का एक जवान भी घायल हुआ था। 14 नक्सलियों के शव और हथियार बरामद कर किए गए।

## न्यूक्लियर एनर्जी में प्राइवेट सेक्टर की एंट्री

नई दिल्ली, 1 फरवरी (एजेंसियां)। भारत न्यूक्लियर एनर्जी के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाने के लिए तैयार है। आज के बजट में इसकी स्पष्ट झलक दिखी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट 2025 में न्यूक्लियर एनर्जी क्षेत्र के लिए भारी-भरकम 20 हजार करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। सरकार ने इस क्षेत्र में प्राइवेट प्लेयर्स को आने के लिए न्यौता दिया है। यही नहीं निजी निवेशकों की सहूलियत के लिए सरकार एटॉमिक एनर्जी एक्ट और सिविल लाइबलिटी फॉर न्यूक्लियर डैमेज एक्ट में बदलाव करने को भी तैयार है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते हुए कहा कि 2047 तक कम से कम 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा का विकास हमारे एनर्जी ट्रांजिशन की कोशिशों के लिए आवश्यक है। निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत में 8 साल के अंदर यानी 2033 तक कम से कम 5 छोटे न्यूक्लियर रिएक्टर विकसित करके उसे चालू कर लेगा। परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में प्राइवेट खिलाड़ियों को आमंत्रित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि 2047 तक 100 गीगावाट के लक्ष्य को हासिल करने के लिए हम निजी क्षेत्र के खिलाड़ियों के साथ सक्रिय साझेदारी की शुरूआत करने जा रहे हैं। वित्त मंत्री ने कहा एनजी सेक्टर में दिग्गज खिलाड़ियों के प्रवेश को सहज बनाने के लिए सरकार एटॉमिक एनर्जी एक्ट और सिविल लाइबलिटी फॉर न्यूक्लियर डैमेज एक्ट में बदलाव करने को भी तैयार है।

## केंद्र ने टीडीएस की सालाना सीमा को 2.4 लाख से बढ़ाकर छह लाख करने का रखा प्रस्ताव

नई दिल्ली, 1 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने शनिवार को किराए पर टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) की सालाना सीमा को मौजूदा 2.4 लाख रुपये से बढ़ाकर छह लाख रुपये करने का प्रस्ताव रखा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा, मैं टीडीएस कटौती की दरों और सीमा को कम करके स्रोत पर कर कटौती को युक्तिसंगत बनाने का प्रस्ताव करती हूं। इसके अलावा, बेहतर स्पष्टता और एकरूपता के लिए कर कटौती की सीमा राशि बढ़ाई जाएगी।

इस दौरान वित्त मंत्री ने कहा कि किराये पर टीडीएस के लिए सालाना 2.40 लाख रुपये की सीमा को बढ़ाकर छह लाख रुपये किया जा रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इससे टीडीएस के लिए उत्तरदायी लेनदेन की संख्या कम हो जाएगी, जिससे छोटे भुगतान पाने वाले छोटे करदाताओं को फायदा होगा। बजट दस्तावेज के अनुसार, आयकर अधिनियम की धारा 194-आई के अनुसार, कोई भी व्यक्ति, जो व्यक्ति या हिंदू अविभाजित परिवार नहीं है, जो किसी निवासी को किराए के रूप में कोई आय देने के लिए जिम्मेदार है, उसे लागू दरों पर आयकर में कटौती तभी करनी चाहिए, जब ऐसी किराये की आय की राशि एक वित्तीय वर्ष में 2.4 लाख रुपये से अधिक हो।

## गोली के घावों पर पट्टी लगाने जैसा बजट : राहुल



नई दिल्ली, 1 फरवरी (एजेंसियां)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 2025-26 के केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इस बजट को 'गोली के घावों के लिए बैंडेज' जैसा बताया। उन्होंने कहा कि यह सरकार विचारों के मामले खोखली है। कांग्रेस नेता ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता के बीच आर्थिक संकट को हल करने के लिए आमूलचूल बदलाव की आवश्यकता है। इससे पहले कांग्रेस ने केंद्रीय बजट की आलोचना करते हुए कहा था कि यह वास्तविक मजदूरी, समग्र उपभोग में उछाल की कमी, निजी निवेश की सुस्त दरों और जटिल जीएसटी प्रणाली जैसी 'बीमारियों' का उपचार नहीं करता है, जिससे अर्थव्यवस्था पीड़ित है। कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी सरकार बिहार को बड़ी सौगात दे रही है, क्योंकि वहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सहयोगी नीतीश कुमार की सरकार और इसी गठबंधन का अहम हिस्से आंध्र प्रदेश को नजरअंदाज किया जा रहा है।






# किसान नेता बोले, अन्नदाता को कर्जदार बनाने की साजिश

## > लोन से बाजार उठेगा, मगर किसान नहीं

नई दिल्ली, 1 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2025 पेश कर दिया है। वित्तमंत्री ने कृषि क्षेत्र के लिए कई घोषणाएं की हैं। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, दलहन में आत्मनिर्भरता, बिहार में मखाना बोर्ड बनाने और असम में यूरिया प्लांट खोलने का एलान किया गया है। किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट को अब 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया गया है। किसान नेता वीएम सिंह कहते हैं, बजट में अन्नदाता को कर्जदार बनाने की साजिश रची जा रही है। किसानों को लोन देने की बात हो रही है, अनुदान देने की नहीं। बजट में एमएसपी का जिक्र तक नहीं है। किसानों की आय डबल करने की बात कहां तक पहुंची है, केंद्र सरकार इस बाबत चुप है।

वित्त मंत्री ने बजट में कहा, प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के तहत ऐसे 100 जिलों को चुना जाएगा, जहां पर कृषि उत्पादकता कम है। इससे वहां पर उत्पादकता बढ़ाने, खेती में विविधता लाने, सिंचाई और उपज के बाद भंडारण की क्षमता मजबूत करने में मदद मिलेगी। इस योजना से 1.7 करोड़ किसानों को लाभ होगा। इसके दायरे में सभी तरह के किसान आएंगे। कृषि के अच्छे तरीकों को अपनाने पर जोर दिया जाएगा। नाबार्ड के आंकड़ों के अनुसार, अक्तूबर 2024 तक सहकारी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने 167.53 लाख किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए गए थे। इनकी कुल क्रेडिट लिमिट 1.73 लाख करोड़ रुपये थी। इसमें डेयरी किसानों के लिए 10,453.71 करोड़ रुपये क्रेडिट लिमिट के साथ 11.24 लाख कार्ड और मत्स्य पालकों के लिए 341.70 करोड़ रुपये क्रेडिट लिमिट के साथ 65,000 किसान क्रेडिट कार्ड शामिल हैं।

किसान नेता सरदार वीएम सिंह कहते हैं, अन्नदाताओं द्वारा लंबे समय तक एमएसपी के लिए संघर्ष किया जा रहा है। सरकार ने इसके लिए कमेटी बनाई है, लेकिन बजट में इस बाबत कुछ नहीं कहा गया। बजट में किसान कहां पर है, बड़ा सवाल यह उठता है। भारत तो कृषि प्रधान देश है। यहां पर किसान को लोन देने की बात हो रही है, लेकिन उसे फसलों के उचित दाम मिलें, इस पर सरकार मौन है। एमएसपी की कानूनी गारंटी कहां पर है। किसानों को लोन देकर सरकार अपनी पीठ थपथपा रही है। इससे क्या किसान का भला हो जाएगा। वह तो और ज्यादा कर्जदार होगा। सरकार ने अपने बजट में उधारी ही तो बढ़ाई है। लोन की सीमा बढ़ा दी है, अनुदान तो नहीं बढ़ाया है।

एक ही जमीन पर अन्नदाता कई बार लोन लेता है। अब लोन की सीमा बढ़ाने से किसान का भला कैसे होगा। विभिन्न परिस्थितियों में लोन का रेट तीन से नौ प्रतिशत तक चला जाता है। उद्योगपति तो लोन लेकर भाग जाते हैं, लेकिन किसान कहां भागेगा। उसकी जमीन तो यहीं पर रहेगी। किसानों को उम्मीद थी कि बजट में एमएसपी को लेकर सरकार कोई बड़ी घोषणा करेगी, लेकिन बजट में किसानों के हाथ पूरी तरह खाली हैं। ऐसा लगा कि वित्त मंत्री के बजट में किसानों को जानबूझकर नजरअंदाज किया गया है। एमएसपी की गारंटी के लिए कानून पर कोई बात नहीं हुई। इसमें बढ़ोतरी की बात तो छोड़ ही दीजिए। सरकार स्वामीनाथन रिपोर्ट से दूर भागती है। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई, लेकिन किसान का लोन दोगुना होने की तरफ बढ़ रहा है। किसानों के बच्चे, खेती से भाग रहे हैं। वजह, उनके लिए यह घाटे का सौदा साबित हो रहा है। वीएम सिंह ने कहा, किसान को कर्जदार बनाया जा रहा है। अगर वह लोन वापस नहीं करेगा तो उसे नया नहीं मिलेगा। किसानों को लोन देने का सीधा मकसद है कि सरकार मार्केट को बूस्ट करना चाहती है। जब किसान लोन की राशि समय पर नहीं चुका पाएगा तो वह संकट में आ जाएगा। सरकार ने केवल बाजार का फायदा देखा है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गत वर्ष जुलाई में बजट पेश करते हुए कृषि क्षेत्र के लिए कई घोषणाएं की थीं। सरकार ने कृषि एवं उससे जुड़े विभिन्न सेक्टरों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपए मंजूर किए थे।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने निर्मला सीतारमण को खिलाया दही-चीनी, साथ में किया नाश्ता



नई दिल्ली, 1 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को रिकॉर्ड आठवां लगातार बजट पेश करेंगी। बजट पेश करने से पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, मंत्रालय पहुंची हैं।

वित्त मंत्री के साथ वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी भी साथ हैं। वित्त मंत्री ने आज मधुबनी आर्ट की साड़ी पहनी हुई है। इस आर्ट की प्रमुख कलाकार दुलारी देवी हैं, जिन्हें सरकार ने साल 2021 में पद्मश्री से सम्मानित किया था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वित्त मंत्रालय से राष्ट्रपति भवन पहुंचीं। राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात वित्त मंत्री ने उन्हें बजट के अहम प्रावधानों और बदलावों की जानकारी दी। यह परंपरा है, जिसमें राष्ट्रपति की मंजूरी ली जाती है। राष्ट्रपति ने वित्त मंत्री का दही चीनी खिलाकर मुंह मीठा कराया। साथ में नाश्ता भी किया।

## अभिषेक बनर्जी : बिहार को सब कुछ दिया, बंगाल को कुछ भी नहीं



कोलकाता, 1 फरवरी (एजेंसियां)। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद अभिषेक बनर्जी ने केंद्रीय बजट पर कड़ा हमला किया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में बिहार को विशेष ध्यान दिया गया है, क्योंकि इस साल वहां चुनाव होने हैं, जबकि बंगाल के लिए कुछ भी नहीं रखा गया। उन्होंने इसे दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताया। अभिषेक ने कहा, बजट में आम आदमी के लिए कोई राहत नहीं है। बिहार को सब कुछ दिया गया है, और वह भी सिर्फ चुनाव के चलते। पिछले साल के बजट में भी आंध्र प्रदेश और बिहार के लिए सुविधाएं दी गई थीं। लेकिन बीजेपी के 10 सालों के शासन के बावजूद बंगाल को कभी कुछ नहीं मिला। यह सब दुख की बात है।

उन्होंने यह भी कहा कि जब बंगाल से 18 भाजपा सांसद चुने गए थे, तब भी राज्य को कोई लाभ नहीं मिला था। आज भी बंगाल के 12 सांसद हैं, लेकिन वे कुछ नहीं कर पा रहे हैं। बंगाल हमेशा से वंचित रखा गया है और अब भी ऐसा हो रहा है। अभिषेक ने यह भी कहा कि उन्होंने पूरा बजट नहीं पढ़ा है और आयकर छूट पर कोई स्पष्टता नहीं है, इसलिए इसे ध्यान से पढ़ने के बाद ही वे अपनी प्रतिक्रिया देंगे।

## भाजपा में शामिल हुए आप छोड़ने वाले 8 विधायक

### एक दिन पहले चुनाव में टिकट नहीं मिलने और भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर इस्तीफा दिया था

नई दिल्ली, 1 फरवरी (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी (आप) छोड़ने वाले 8 विधायकों ने शनिवार का भाजपा जॉइन कर ली। एक दिन पहले ही इन विधायकों ने चुनाव में टिकट नहीं मिलने और भ्रष्टाचार को अपने इस्तीफे की वजह बताया था।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 5 फरवरी को वोटिंग है। इसके 4 दिन पहले इन नेताओं का भाजपा में शामिल होना आप के लिए बड़ी मुसीबत बन सकता है। पार्टी को मिलने वाले वोट पर असर पड़ सकता है।

आप विधायक ऋतुराज झा ने भाजपा पर इन विधायकों को लालच देने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि मुझे भी पार्टी छोड़ने का लालच दिया गया था, लेकिन मैं आखिरी दम तक आप में रहूंगा। आप ने 21 नवंबर से 20 दिसंबर के बीच यानी 30 दिनों में कुल 5 लिस्ट में 70 प्रत्याशियों के नाम घोषित किए थे। इसमें 26 विधायकों के टिकट काट दिए गए थे जबकि 4 विधायकों की सीट बदली गई थी।



दिल्ली में 5 फरवरी को वोटिंग होनी है। रिजल्ट 8 फरवरी को आएगा।

**10 दिसंबर को सीलमपुर विधायक ने दिया था इस्तीफा**

आम आदमी पार्टी ने 21 नवंबर को कैंडिडेट्स की पहली लिस्ट जारी की थी। इसमें सीलमपुर विधायक अब्दुल रहमान का नाम नहीं था। इस पर अब्दुल रहमान खुलकर अरविंद केजरीवाल के विरोध में आ गए थे। उन्होंने बताया था कि मुझे टिकट नहीं दिया और ये बताया भी नहीं कि टिकट क्यों नहीं दिया। केजरीवाल के ऊपर शनि सवार है। वे खुद ही पार्टी को खत्म करने पर तुले हैं। 10 दिसंबर को अब्दुल रहमान ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी पर मुस्लिमों के प्रति बेरुखी का आरोप लगाया था।

## सात राज्यों की संयुक्त टीम रोकेगी ड्रग्स तस्करी

**एसपी रैंक के नोडल अधिकारी को दी जाएगी जिम्मेदारी**

चंडीगढ़, 1 फरवरी (एजेंसियां)। नशा व अपराध मुक्त भारत बनाने के लिए पंचकूला में हरियाणा समेत उत्तर भारत के सात राज्यों के पुलिस महानिदेशकों, एनआईए, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और स्पेशल टास्क फोर्स ने शुक्रवार को पंचकूला में विस्तार से मंथन किया।

बैठक में मुख्य रूप से नशे की तस्करी रोकने को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने सहमति जताई कि पंचकूला में बना अंतरराज्यीय ड्रग सचिवालय बेहतर तरीके से काम करे, इसके लिए सभी राज्य अपने यहां एसपी रैंक के अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त करेंगे, ताकि नशा तस्करी व तस्कर की सूचनाएं वास्तविक समय पर साझा की जा सकें। बैठक में यह भी तय हुआ कि राज्यों के बीच में अपराधियों का डाटा साझा करने के लिए राज्यों की संयुक्त टीम बनाई जाएगी, ताकि आपसी तालमेल स्थापित करते हुए कार्य किया जा सके। बैठक में इस बात पर चिंता जताई गई कि आपराधिक गतिविधियों व आतंक को अंजाम देने के लिए पैसों का इंतजाम नशे के माध्यम से किया जा रहा है। ऐसे में नशा तस्करी पर अंकुश लगाने को लेकर सभी राज्यों के बीच में मजबूत समन्वय पर जोर दिया गया। बैठक में एनसीबी के डिप्टी डायरेक्टर जनरल संबित मिश्रा ने बताया कि नशा तस्करी के रूट पहचानने की जरूरत है, ताकि सभी प्रदेश अफीम व अन्य मादक पदार्थों की सीमा पार तस्करी पर रोक लगा सकें। नशा ही संगठित अपराध की आय का प्रमुख स्रोत है। बैठक में हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, चंडीगढ़, हिमाचल, उत्तराखंड और राजस्थान के पुलिस प्रमुख शामिल थे।

**हरियाणा में 80 गैंग, 8 दिल्ली एनसीआर में मांगते हैं रंगदारी**

बैठक में एसपी स्पेशल टास्क फोर्स वसीम अकरम ने बताया कि हरियाणा में वर्तमान में 80 आपराधिक गैंग सक्रिय हैं। इनमें से आठ बड़े गैंग ऐसे हैं जो दिल्ली-एनसीआर में रंगदारी मांगते हैं। इन गैंग ने विदेशों में अपने संपर्क बना रखे हैं, जो वहां से अपनी गैंग को संचालित कर रहे हैं। इस दिशा में सभी राज्यों की पुलिस के संगठित प्रयास अत्यंत आवश्यक है। कुख्यात अपराधी दुबई, पाकिस्तान, अर्मेनिया, बैंकाक, थाईलैंड, अमेरिका, पुर्तगाल और कनाडा में छिपे हैं। इन अपराधियों को वापस लाने के लिए पुलिस इंटरपोल के साथ संपर्क में है। हरियाणा पुलिस ने वर्तमान में 35 लुकआउट नोटिस जारी किए गए हैं, वहीं 22 पासपोर्ट रद्द किए गए हैं।

## इंसाफ़ के लिए संघर्ष करने वाली ज़किया जाफ़री का निधन

अहमदाबाद, 1 फरवरी (एजेंसियां)। साल 2002 के गुजरात दंगों में गुलबर्ग सोसायटी हत्याकांड में मारे गए पूर्व कांग्रेस सांसद एहसान जाफ़री की पत्नी ज़किया जाफ़री का निधन हो गया है। उनका निधन 1 फरवरी को हुआ, जब वह सूरत से अहमदाबाद अपनी बेटी के पास आईं थीं। ज़किया जाफ़री का संघर्ष भारतीय न्याय व्यवस्था के लिए एक प्रेरणा था।

उन्होंने गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी समेत 63 लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर एसआईटी का गठन किया गया था। इस मुकदमे में कई सालों तक संघर्ष करने के बाद भी उन्होंने कभी हार नहीं मानी और हमेशा न्याय के लिए आवाज उठाई।

## पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त नवीन चावला का निधन



नई दिल्ली, 1 फरवरी (एजेंसियां)। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) नवीन चावला का शनिवार को निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे। उनके निधन की सूचना पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी ने दी है। इसके अलावा, चुनाव आयोग के एक पदाधिकारी ने भी चावला के निधन की पुष्टि की है। पूर्व सीईसी एसवाई कुरैशी ने बताया कि, वह चावला से करीब 10 दिन पहले मिले थे, उस समय चावला ने उन्हें बताया था कि उन्हें ब्रेन सर्जरी के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। आज सुबह अपोलो अस्पताल में उनका निधन हो गया।

उन्होंने कहा कि जब वे आखिरी बार मिले थे, तब वे खुश थे। एसवाई कुरैशी ने एक्स पर लिखा, भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त नवीन चावला के निधन के बारे में जानकर दुख हुआ। उनकी आत्मा को शांति मिले। पूर्व नौकरशाह चावला 2005 से 2009 के बीच चुनाव आयुक्त थे और फिर अप्रैल 2009 से जुलाई 2010 तक मुख्य चुनाव आयुक्त रहे। तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त एन गोपालस्वामी ने नवीन चावला पर कामकाज में कथित भेदभाव बरतने का आरोप लगाकर राष्ट्रपति से उन्हें चुनाव आयुक्त पद से हटाने की सिफारिश की थी। जिसके बाद खासा विवाद देखने को मिला था।

## भैंसों की लड़ाई की अनुमति के लिए असम बनाएगा नया कानून

**हाईकोर्ट ने रद्द की थी हिमंत सरकार की एसओपी**



गुवाहाटी, 1 फरवरी (एजेंसियां)। सदियों से असम की संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग रही भैंसों की लड़ाई के खेल को अनुमति देने के लिए असम सरकार नया कानून लाएगी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने इसका एलान किया है। हिमंता ने कहा कि एक पुल का उद्घाटन करने के बाद सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार राज्य की विरासत को संरक्षित करने के लिए पहल करेगी। उन्होंने कहा कि अहतगुरी की भैंसों की लड़ाई हमारी परंपरा और विरासत है। यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट ने भी इसे पारंपरिक खेल के रूप में मान्यता दी है। उसके दिशानिर्देशों का पालन करते हुए, हम जल्द ही भैंसों की लड़ाई जैसे पारंपरिक खेलों की अनुमति देने वाला कानून बनाएंगे।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही विधानसभा में एक विधेयक लाएगी, जिसमें भैंसों की लड़ाई को कानूनी संरक्षण देने की मांग की जाएगी। कानून बनने से लोग पारंपरिक भैंसों की लड़ाई देख सकेंगे और आनंद ले सकेंगे। गौरतलब है कि बीते साल दिसंबर माह में असम में भैंसों और बुलबुल पक्षियों की लड़ाई के खेल के आयोजन को लेकर राज्य सरकार की ओर बनाई गई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को गौहाटी हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया था। तब कोर्ट ने कहा था कि राज्य सरकार की एसओपी विभिन्न वन्यजीव संरक्षण कानून का उल्लंघन है।

## फिल्मी स्टाइल में दो अंधे मकान को रेकी कर अपने साथी के साथ मिलकर करते थे चोरी

**पुलिस ने किया गिरफ्तार**

दमोह, 1 फरवरी (एजेंसियां)। दमोह जिले की गैसाबाद थाना पुलिस ने चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें दो आरोपी आंशिक रूप से अंधे हैं और इन्हें थोड़ा दिखाई देता है। फिल्मी अंदाज में इन दो अंधों की मदद से तीसरा आरोपी चोरी की घटना को अंजाम देता था। क्षेत्र के हिनौता कला में एक माह पूर्व हुई चोरी की घटना में शुक्रवार को जब यह तीन आरोपी पकड़े गए तब इस मामले का खुलासा हुआ। चोरी भले बिल्कुल छोटी है, लेकिन यह घटना साल 2002 में आई अमिताभ बच्चन की फिल्म आंखे की याद ताजा करती है। जिसमें अक्षय कुमार, परेश रावल और अर्जुन रामपाल तीनों लोग अंधे थे। अमिताभ के प्लान के अनुसार तीनों ने मिलकर बैंक में एक बड़ी लूट की घटना को अंजाम दिया था। बिल्कुल इसी फिल्म की तर्ज पर यह दो आंशिक अंधे आरोपी अपने तीसरे साथी के साथ मिलकर मकान की रेकी करते थे और इसके बाद उस घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता था।

## अवैध तरीके से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई, 18 को किया डिपोर्ट

नई दिल्ली, 1 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली के पहाड़गंज में पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 21 की पहचान की और 18 को डिपोर्ट कर दिया।

पुलिस ने तीन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। एक घर में छापेमारी के दौरान संदिग्ध लोग मिले, जिनके पास भारतीय और बांग्लादेशी दोनों प्रकार के दस्तावेज थे। इनके पास से पासपोर्ट और आधार कार्ड बरामद किया गया। गिरफ्तार महिला स्वीटी सरकार, उसकी बेटी और इसके साथ ही एक नाबालिग को भी पकड़ा गया। पुलिस के मुताबिक महिला स्वीटी 20 साल से अवैध रूप से भारत में रह रही थी और उसका असली नाम जोहरा खातून था। वह एक ट्रैवल कंपनी में काम करती थी। स्वीटी के बारे में जानकारी मिली है कि उसने और भी लोगों के लिए इसी तरह के दस्तावेज तैयार किए हैं। इसके



अलावा, एक मध्यस्थ का नाम भी सामने आया है, जिसने पासपोर्ट तैयार करने में मदद की थी।

स्वीटी का आधार कार्ड मुनिरका से बना था और उसने 3 जुलाई 2020 को वोटर कार्ड भी बनवाया था। सेंट्रल दिल्ली जिला के डीसीपी एम हर्षवर्धन ने इस संबंध में प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि ये आज से 20 साल पहले दिल्ली में आ गए थे। ये लोग जब पहली बार दिल्ली में आए थे, तो मुनिरका इलाके में रुके थे, इसलिए इनके आधार कार्ड पर मुनिरका का पता है। इसके बाद ये पहाड़गंज इलाके में रहने लगे, इसलिए इनके आधार कार्ड में मुनिरका का एड्रेस है और इनका वोटर आईडी कार्ड 3 जुलाई 2020 को जारी किया गया था। इनके पहाड़गंज वाले इलाके के नाम से यह वोटर आईडी कार्ड जारी किया गया था। उन्होंने आगे कहा कि इनके पास वोटर आईडी कार्ड भी था, तो ऐसे में इनके लिए पासपोर्ट बनाना आसान था, क्योंकि इन लोगों ने सबसे पहले पासपोर्ट बनाने में इस्तेमाल होने वाले दस्तावेजों को पहले से ही बनवा लिया।

# खबरें जरा हटके

## देवी नहीं, नाग नहीं, यहां बिल्ली की होती है पूजा!

*थूक में प्रसाद और मरने पर अंतिम संस्कार भी होता है*



अब तक आपने मंदिरों में देवी-देवताओं की पूजा सुनी होगी, नाग देवता की महिमा भी सुनी होगी, मगर क्या कभी किसी को बिल्लियों की पूजा करते देखा है? नहीं ना? लेकिन ऐसा हो रहा है. वो भी हमारे देश में, दरअसल, कर्नाटक के मांड्या के बेक्कलाले गांव, जहां बिल्ली सिर्फ एक पालतू जानवर नहीं, बल्कि देवी है. जी हां, बिल्ली मंगम्मा देवी के रूप में यहां के लोग न केवल बिल्ली की पूजा करते हैं, बल्कि उसकी कृपा से अपनी परेशानियों का हल भी ढूंढते हैं.

**यहां बिल्ली का थूक भी प्रसाद है**

अब यह मत पूछिए कि प्रसाद में क्या मिलता है क्योंकि यहां प्रसाद कोई लड्डू-पेड़ा नहीं, बल्कि बिल्ली का थूक होता है. जी हां, सही सुना आपने! यहां मान्यता है कि बिल्ली का थूक शुभ होता है और इसे स्वीकार करने से जीवन में सुख-समृद्धि आती है. अब इसे आस्था कहें या परंपरा, मगर यहां के लोगों का विश्वास अडिग है.

**बिल्ली को हानि पहुंचाई, तो मुसीबत पक्की**

यह गांव बिल्ली के लिए जितना प्रेम दिखाता है, उतना ही कड़ा नियम भी है. अगर किसी ने गलती से भी बिल्ली को नुकसान पहुंचाया, तो मान लीजिए कि उसकी परेशानियों की लिस्ट तैयार हो चुकी है. यहां के लोग मानते हैं कि अगर कोई बिल्ली को तकलीफ पहुंचाता है, तो उसके जीवन में अनहोनी हो सकती है. यही वजह है कि अगर किसी बिल्ली की मृत्यु होती है, तो उसका अंतिम संस्कार भी इंसानों की तरह पूरे विधि-विधान से किया जाता है.

**बिल्ली मंगम्मा की कृपा से पूरी होती हैं इच्छाएं**

चाहे घर की सुख-शांति की बात हो, सेहत की समस्या हो या फिर शादी-ब्याह की चिंता—यहां के लोग हर मुराद लेकर बिल्ली मंगम्मा के दरबार में पहुंचते हैं. उनका विश्वास है कि सच्चे मन से मांगी गई मुरादें जरूर पूरी होती हैं. यही कारण है कि दूर-दूर से लोग यहां अपनी समस्याओं का हल ढूंढने आते हैं. तो अगली बार अगर कोई आपसे कहे कि "अरे, बिल्ली रास्ता काट गई, अपशकुन हो गया!", तो उसे बेक्कलाले गांव की कहानी जरूर सुनाइए क्योंकि यहां बिल्ली सिर्फ रास्ता नहीं काटती, बल्कि भक्तों की किस्मत भी संवारती है.

## लड़की ने निकाली बॉयफ्रेंड की वेकेंसी 5000 मर्दों ने कर दिया आवेदन!

**अब सिखा रही लड़के पटाने का सही तरीका**



सोशल मीडिया के जमाने में बड़े ही अजीबोगरीब ट्रेंड देखने को मिल रहे हैं. अब लोग प्यार में पड़ते नहीं, बल्कि प्यार को मजाक समझने लगे हैं. इंग्लैंड में रहने वाली एक मॉडल ने भी ऐसा ही किया. इस लड़की को बॉयफ्रेंड की तलाश थी. तो उसने बॉयफ्रेंड के लिए वेकेंसी ही निकाल दी. लड़के भी कहां पीछे रहने वाले थे, उन्होंने भी रिश्तों का मजाक बनाते हुए लड़की को आवेदन भेजना शुरू कर दिया और उस लड़की के पास 5000 मर्दों के आवेदन आ गए. अब जब लड़की इस बात से सुर्खियों में आ गई है, तो उसने एक और चीज से सुर्खियां बटोर ली हैं. अब वो दूसरी लड़कियों को लड़के पटाने के तरीके सिखा रही है. रिपोर्ट के अनुसार वेरा एक कंटेंट क्रिएटर हैं और इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर भी हैं. 2023 में वो तब सुर्खियों में आई थीं, जब उन्होंने बताया था कि वो बॉयफ्रेंड खोज रही हैं और उसके लिए वो लड़कों के आवेदन एक्सेप्ट कर रही हैं. पर 2024 में 1 साल पूरे होने के बाद भी उन्होंने किसी लड़के का चयन नहीं किया था. उन्हें 5 हजार आवेदन आए थे, जिसमें से उन्होंने 3 को शॉर्टलिस्ट किया था. वो उनके साथ डेट पर भी गई थीं, पर वो उस वक्त तक सिंगल थीं.

**लड़कियों को बताया सही लड़के चुनने का तरीका**

अब वो एक बार फिर चर्चा में हैं. अबकी बार वेरा अन्य महिलाओं को सही लड़के का चुनाव करना और लड़कों को रिझाकर उन्हें अपना बनाने का तरीका सिखा रही हैं. वेरा खुद को मोस्ट वॉन्टेड महिला बताती हैं, यानी ऐसी महिला, जिसे हर लड़का अपना बनाना चाहता है. उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि लड़कियों को सबसे पहले अपना सम्मान करना चाहिए. पुरुषों के लिए एक बाउंड्री बनाना जरूरी है. उन्होंने कहा कि जब भी महिलाएं किसी पुरुष से मिलें तो ये सुनिश्चित करें कि वो उन्हें एक डेट पर ले जाए. देर रात लड़कों के घर जाने से लड़कियों को बचना चाहिए. इसके अलावा डेट पर लड़कों को गिफ्ट भी लाना चाहिए.

## सड़क का हो रहा था निर्माण, तभी रोड के नीचे गड़ा मिला ताबूत

**पुरातत्वविदों ने खोलकर देखा तो उड़ गए होश!**

पुरातत्वविदों की एक टीम ने इंग्लैंड के पीटरबरो के पास वैन्सफोर्ड और सुटॉन के बीच की रोड को सुधारने का काम कर रही थी. इस रोड को सिंगल लेन से डबल लेन में कन्वर्ट करने कार्य चल रहा था. तभी वहां पर एक ताबूत मिल गया। सड़क का जब निर्माण होता है तो उसके नीचे मिट्टी, पत्थर या कुछ अन्य चीजें मिलती हैं, पर क्या आपने कभी रोड निर्माण के वक्त ताबूत बरामद हुए देखा है? पिछले दिनों इंग्लैंड में ऐसा ही हुआ, जिसे देखकर हर कोई सन्न रह गया. एक रोड का रेनोवेशन का काम चल रहा था. पर अचानक रोड के नीचे दबा ताबूत मिला. जांच के लिए जब पुरातत्वविदों को बुलाया गया और उन्होंने ताबूत खोलकर देखा तो उनके होश उड़ गए क्योंकि ताबूत के अंदर करीब 1500 साल पुराना रहस्य छुपा हुआ था. बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार पुरातत्वविदों की एक टीम ने इंग्लैंड के पीटरबरो के पास वैन्सफोर्ड और सुटॉन के बीच की रोड को सुधारने का काम कर रही थी. इस रोड को सिंगल लेन से डबल लेन में कन्वर्ट करने कार्य चल रहा था. तभी वहां पर एक ताबूत मिल गया. ये ताबूत 750 किलो का था और 1500 साल पुराना रोमन स्टाइल का बना था. हेडलैंड आर्कियोलॉजी के प्रोजेक्ट मैनेजर डेविड हैरिसन का कहना है कि ये खोज बहुत हैरान करने वाली है और उस इलाके में मिलना बेहद दुर्लभ है. इस A47 रोड पर करीब 7 महीनों के दौरान 52 पुरातत्वविदों और 20 सिविल इंजीनियरों की टीम रोड की 12 साइट्स पर काम कर रही थी. उनका मानना था कि रोड के नीचे से कुछ न कुछ हैरान करने वाला और इतिहास से जुड़ा मिल सकता है. कार्य का मुख्य कारण सड़क को सुधारना था. ये ताबूत ऐसी जगह पर मिला है जो एक प्राचीन रोमन रोड थी जो ब्रिटेन को जोड़ती थी.

सुविचार: अपनी उड़ान के लिये किसी की राय ना मांगे बस अपने ऊपर विश्वास रखना।

# तेलंगाना के साथ केंद्रीय बजट में खुला भेदभाव : श्रीधर बाबू



हैदराबाद, 1 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। आईटी और उद्योग मंत्री दुद्दिल्ला श्रीधर बाबू ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट ने एक बार फिर केंद्र सरकार तेलंगाना के प्रति जानबूझकर की गई पक्षपातपूर्ण नीति को उजागर किया है। जहां चुनावी और एनडीए शासित राज्यों को उदारतापूर्वक लाभ दिया गया, वहीं तेलंगाना को सुनियोजित तरीके से दरकिनार कर दिया गया। उन्होंने कहा कि तेलंगाना का राष्ट्रीय जीडीपी में 5 प्रतिशत योगदान होने के बावजूद, राज्य को उसकी आर्थिक शक्ति के अनुपात में धन आवंटित नहीं किया गया। तेलंगाना ने केंद्र को 26,000 करोड़ का कर भुगतान किया, फिर भी उसे उसका वाजिब हिस्सा नहीं दिया गया। जहां कुल बजट पिछले वर्ष की तुलना में 12 प्रतिशत बढ़ाया गया, वहीं तेलंगाना को राजनीतिक कारणों से पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया। मोदी सरकार ने तेलंगाना के लोगों के साथ विश्वासघात किया, जबकि राज्य ने 8 बीजेपी सांसदों को संसद में भेजा। बिहार, दिल्ली, आंध्र प्रदेश और गुजरात जैसे राज्यों को बेतहाशा बजटीय लाभ दिए गए, जबकि तेलंगाना को जानबूझकर अलग रखा गया। क्या यह स्पष्ट रूप से राजनीतिक बदला लेने की मानसिकता नहीं है?

तेलंगाना के विकास के प्रति केंद्र की उदासीनता मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने बार-बार प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों से 1.63 लाख करोड़ की वित्तीय सहायता की मांग की, लेकिन उनकी अपील को अनदेखा कर दिया गया। तेलंगाना ने 76.4 किमी लंबी मेट्रो विस्तार के लिए 17,212 करोड़ की मांग की, लेकिन केंद्र ने एक भी रुपया आवंटित नहीं किया। हैदराबाद को वैश्विक शहर के रूप में विकसित करने के बावजूद, केंद्र ने सीएसएमपी के तहत हैदराबाद और उसके उपनगरों में भूमिगत जल निकासी के आधुनिकीकरण के लिए धन देने से इनकार कर दिया। 55 किमी लंबी मूसी नदी, जो अब एक पर्यावरणीय खतरा बन गई है, के पुनर्जीवन के लिए 4,000 करोड़ की जरूरत थी, लेकिन केंद्र ने साफ मना कर दिया।

## बिजली की मांग में अपेक्षित उछाल की तैयारियों पर चर्चा

हैदराबाद, 1 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। यासांगी (रबी सीजन) और आगामी गर्मियों के दौरान बढ़ती मांग के अनुरूप निर्बाध गुणवत्ता वाली बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, बिजली उपयोगिताओं ने सभी आवश्यक उपाय किए हैं। दक्षिणी विद्युत वितरण कंपनी तेलंगाना (टीजीएसपीडीसीएल) के कॉर्पोरेट कार्यालय में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव संदीप कुमार सुल्तानिया ने की और टीजीएसपीडीसीएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मुशर्रफ फारूकी भी मौजूद थे। वर्तमान बिजली आपूर्ति की स्थिति और गर्मियों के दौरान बिजली की मांग में अपेक्षित उछाल के लिए तैयारियों पर चर्चा की गई। वर्तमान बिजली खपत के रुझान के आधार पर, आने वाले महीनों में मांग में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद है। पिछले साल जनवरी में, तेलंगाना की अधिकतम बिजली की मांग 13,810 मेगावाट थी, जबकि इस साल 31 जनवरी को यह रिकॉर्ड 15,205 मेगावाट तक पहुंच गई। इससे पहले मार्च में 15,000 मेगावाट की अधिकतम मांग दर्ज की गई थी, लेकिन इस साल यह जनवरी में ही पहुंच गई। दक्षिणी डिस्कॉम के अधिकार क्षेत्र में मांग पिछले साल के 8,679 मेगावाट से बढ़कर इस साल 9,589 मेगावाट हो गई।

इसी तरह ग्रेटर हैदराबाद क्षेत्र में मांग 3,018 मेगावाट से बढ़कर 3,334 मेगावाट हो गई। पिछले जनवरी की तुलना में इस साल अधिकतम मांग में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अब तक तेलंगाना की सबसे अधिक बिजली मांग 8 मार्च, 2024 को 15,623 मेगावाट दर्ज की गई थी। इस साल अधिकतम मांग 17,000 मेगावाट तक पहुंचने की उम्मीद है, जिसमें दक्षिणी डिस्कॉम की हिस्सेदारी 10,000 मेगावाट और ग्रेटर हैदराबाद की हिस्सेदारी 5,000 मेगावाट होगी। संदीप कुमार सुल्तानिया ने कहा कि बढ़ती मांग के बावजूद बिजली कंपनियां आपूर्ति की जरूरतों को पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

# तेलंगाना पुलिस राष्ट्रीय स्तर पर सबसे आगे : डॉ. जितेंद्र

## खेलों समापन समारोह आयोजित



हैदराबाद, 1 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। करीमनगर पुलिस आयुक्तालय के केंद्र में पिछले चार दिनों से चल रही तेलंगाना राज्य स्तरीय पुलिस खेल प्रतियोगिता शनिवार को करीमनगर पुलिस आयुक्तालय के परेड ग्राउंड में समाप्त हो गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर तेलंगाना राज्य के डीजीपी डॉ. जितेंद्र मौजूद रहे। करीमनगर पुलिस आयुक्तालय सशस्त्र बल ने समापन समारोह में भाग लेने वाले डीजीपी को सलामी दी। हाल ही में आधुनिकीकृत परेड ग्राउंड का उद्घाटन किया गया। बाद में खेलों के समापन समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए, राज्य के डीजीपी डॉ. जितेंद्र ने कहा कि पुलिस के मामले में राष्ट्रीय स्तर पर हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, तेलंगाना राज्य पुलिस राष्ट्रीय स्तर पर सबसे आगे है। इसके अलावा, हाल ही में आयोजित ऑलइंडिया पुलिस ड्यूटी मीट प्रतियोगिता में तेलंगाना पुलिस प्रथम स्थान पर रही। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में भी तेलंगाना पुलिस राष्ट्रीय स्तर के खेलों में प्रथम स्थान पर रहेगी। इसके लिए तेलंगाना राज्य पुलिस को राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए और सर्वोच्च स्थान हासिल करने का प्रयास करना चाहिए। अब से हर साल तेलंगाना राज्य पुलिस के लिए खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

पुलिस ने सभी खिलाड़ियों को इतनी बड़ी संख्या में प्रतियोगिताओं में भाग लेने और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बधाई दी। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर वे खेलों में भाग लेंगे तो उन्हें अपनी ताकत और कमजोरियों का पता चलेगा और उन्हें दूर करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे और आने वाले दिनों में और अधिक सफलता हासिल करेंगे। उन्होंने इन खेल प्रतियोगिताओं के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। ऐसी शानदार तीसरी राज्य स्तरीय तेलंगाना पुलिस खेल प्रतियोगिता के आयोजन के लिए आईजीपी राज्य के डीजीपी स्पोर्ट्स एम. रमेश ने कम से कम समय में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी करने के लिए करीमनगर पुलिस आयुक्त अभिषेक मोहंती के स्टाफ को विशेष रूप से बधाई दी। पी स्पोर्ट्स एम. रमेश ने कहा... साढ़े सात साल के अंतराल के बाद डीजीपी की पहल पर इन खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

तेलंगाना पुलिस ने खेल विभाग के लिए एक नया प्रतीक और ध्वज डिजाइन और अनावरण किया है। कलाडू ने कहा कि यह प्रतीक सतर्कता, ईमानदारी और एकजुटता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पुलिस का समुदाय के साथ हमेशा अटूट रिश्ता रहता है और लोग किसी भी छोटी समस्या के लिए पुलिस की ओर रुख करते हैं, उन पुलिसकर्मियों के लिए खेल विभाग की स्थापना की गई है जो अपने कर्तव्यों के पालन में अथक परिश्रम करते हैं और कल्याण में योगदान देते हैं समाज का। राज्य गठन के बाद तीसरी बार राज्य स्तरीय पुलिस खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में 2380 एथलीटों ने भाग लिया, जिनमें से 296 महिलाएं थीं और 12 आईपीएस अधिकारियों ने भी भाग लिया। पहले सभी पुलिसकर्मियों में से केवल एक प्रतिशत ही खेलों में भाग लेते थे, इस बार डीजीपी की पहल से यह बढ़कर तीन प्रतिशत हो गया है।

# जैव विविधता संरक्षण में आर्द्रभूमि की भूमिका अद्वितीय : मंत्री

हैदराबाद, 1 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। वन, पर्यावरण और धमार्थ मंत्री कोंडा सुरेखा ने कहा कि जैव विविधता संरक्षण में आर्द्रभूमि की भूमिका अद्वितीय है। मंत्री कोंडा सुरेखा ने 2 फरवरी को वेटलैंड्स संरक्षण दिवस के अवसर पर अपने विचार साझा किए।

आर्द्रभूमियां जैव विविधता से समृद्ध हैं। वेटलैंड्स प्रदूषण की तीव्रता के कारण पर्यावरणीय असंतुलन के प्रतिकूल प्रभावों को रोकने और पानी की गुणवत्ता में सुधार करने में एक फ़िल्टरिंग प्रणाली के रूप में कार्य करते हैं। दुर्लभ मछलियों और पौधों की प्रजातियों के जीवन का समर्थन करने, बाढ़ को नियंत्रित करने और देशी और विदेशी पक्षियों के लिए आवास प्रदान करने के अलावा, आर्द्रभूमि इस पर्यावरण के लिए बहुत फायदेमंद हैं। मंत्री सुरेखा ने कहा कि वे खेती और पीने के पानी की जरूरतों को पूरा कर रहे हैं और मानव जाति को सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं। मंत्री सुरेखा ने कहा, आर्द्रभूमि के लिए इस प्राथमिकता को देखते हुए, भारत आर्द्रभूमि के संरक्षण के लिए 1982 में रामसर कन्वेंशन में शामिल हुआ। मंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र से संबद्ध संगठन यूनेस्को के तत्वावधान में इस वर्ष 'हमारे भविष्य के लिए आर्द्रभूमि का संरक्षण' विषय के तहत सभी देश दुनिया भर में आर्द्रभूमि को प्राकृतिक आवास के रूप में संरक्षित करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चला रहे हैं। मंत्री सुरेखा ने कहा कि राज्य में मंजीरा जलाशय, पकाला झील, किन्नरसानी जलाशय, रामप्पा झील और अमीनपुर झील की पहचान आर्द्रभूमि के रूप में की गई है। दिशानिर्देशों का पालन करते हुए इन्हें जल्द ही अधिसूचित किया जाएगा।

## भाजपा ने ऐतिहासिक सुधारों के लिए सीतारमण की सराहना की

हैदराबाद, 1 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा की राज्य इकाई ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत 2025 के केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए इसे गेम चेंजर बताया है, जिसमें महत्वपूर्ण आर्थिक सुधार और भारतीय मध्यम वर्ग को बहुत जरूरी राहत दी गई है। इसकी एक प्रमुख विशेषता 12 लाख रुपये तक की आय पर आयकर से छूट है, जो लाखों लोगों को पर्याप्त वित्तीय राहत प्रदान करती है। यह मध्यम वर्ग को भी प्राथमिकता देता है, जो सीतारमण की खुद की पृष्ठभूमि के करीब का एक हिस्सा है, कर राहत के लिए उनकी लंबे समय से लंबित मांग को संबोधित करके। सुभाष ने कॉर्पोरेट पहलों के लिए बढ़ी हुई सीमा सहित सरकार के व्यापार-समर्थक उपायों की सराहना की, जो आर्थिक विस्तार के लिए एक मजबूत धक्का का संकेत देता है।

# हत्या के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार




हैदराबाद, 1 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बालानगर पुलिस ने हत्या के मामले में चार अपराधियों को गिरफ्तार किया। सीसीटीवी फुटेज का उपयोग करके और भागने के रास्ते के साथ 50 से अधिक कैमरों का विश्लेषण करके आरोपियों को गिरफ्तार किया। डीसीपी, बालानगर, साइबराबाद के. सुरेश कुमार ने बताया कि ई. श्रीशैलम- पुलिस कांस्टेबल वीरस्वामी एचजी के साथ ड्यूटी कर रहे थे। उन्हें डायल 100 के माध्यम से राजू नामक एक व्यक्ति का फोन आया जिसमें उसने बताया कि एक पुरुष व्यक्ति खेतान कंपनी रोड, राजस्थान ट्रांसपोर्ट लिमिटेड, सहकारी औद्योगिक एस्टेट के पास कचरे में पड़ा हुआ है।

शिकायतकर्ता और वीरस्वामी तुरंत मौके पर पहुंचे और देखा कि उक्त अज्ञात व्यक्ति कूड़े के ढेर में पड़ा हुआ है और उसके बाएं कान से खून बह रहा है, निरीक्षण करने पर पता चला कि उक्त अज्ञात व्यक्ति पहले ही मर चुका है। इसके अलावा व्यक्ति के बाएं कान से खून बह रहा था और मृतक के दोनों हाथों पर टैटू बना है। मृतक की पहचान कृष्णा गौड़ के रूप में हुई। पुलिस ने इस मामले में अकुला कृष्णा, निवासी गजुलारामरम, मदारबोइना रवि, निवासी सनतनगर, गुरम नरेश, निवासी सनतनगर, गंबू शंकर निवासी सनतनगर को गिरफ्तार किया है। प्रमुख आरोपी आकुला कृष्णा वर्तमान में जीडीमेटला में रहता हैं और ऑटो चालक के रूप में काम करते थे। जबकि तीन आरोपी सनतनगर के निवासी हैं और मृतक के करीबी परिचित ऑटो चालक के रूप में भी काम करते थे। इससे पहले मृतक और कृष्णा के बीच ऑटो सेल्फ मोटर की मरम्मत को लेकर कुछ कहासुनी हुई थी, जिसके चलते कृष्णा ने अपने साथियों के साथ मिलकर पुरानी रंजिश के चलते मृतक कृष्णा की हत्या करने की योजना बनाई और उसे ऑटो में बिठाकर दुर्गा भवानी मंदिर, एडुपयाला ले गए और मृतक को शराब पिलाई। इसके बाद और फिर ऑटो के मेटल फ्रेम रॉड से मृतक के सिर पर वार कर दिया। मृतक को खेतान कंपनी रोड, दिल्ली राजस्थान ट्रांसपोर्ट लिमिटेड कंपनी के पास, कोऑपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट, बालानगर के पास एक रुकी हुई लॉरी के पीछे फेंक दिया। वहां भी उसकी बेरहमी से पिटाई की और उसकी मौत की पुष्टि करने के बाद वे सभी घटनास्थल से भाग गए।

## 11वां ईएमई कोर पुनर्मिलन आयोजित



हैदराबाद, 1 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। 30 जनवरी से 1 फरवरी, 2025 तक आयोजित 11वां ईएमई कोर पुनर्मिलन एक ऐतिहासिक और हृदयस्पर्शी कार्यक्रम था, जिसमें देश भर से 3500 से अधिक अधिकारी, जूनियर कमीशन अधिकारी और अन्य रैंक के अधिकारी शामिल हुए। तीन दिवसीय समारोह में कोर ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियर्स (ईएमई) के सेवारत कर्मियों और सम्मानित दिग्गजों ने भाग लिया, जिसमें कोर की एकता, सम्मान और गौरव की भावना को दर्शाया गया। पुनर्मिलन की शुरूआत राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुर ईएमई सैनिकों को सम्मानित करने के लिए एक गंभीर पुष्पांजलि समारोह के साथ हुई। सबसे महत्वपूर्ण क्षणों में से एक हमारे शहीद नायकों की बहादुर और दृढ़ पत्नियों, वीर नारियों का अभिनंदन था, क्योंकि कोर ने उनकी ताकत और साहस के लिए अपनी गहरी कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त किया।

# अंशकालिक नौकरी धोखाधड़ी का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार

हैदराबाद, 1 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सीसीएस, डिटेक्टिव डिपार्टमेंट, हैदराबाद के साइबर क्राइम पुलिस के अधिकारियों ने पांच आरोपियों पलादुगुला देवकृपा, वी.वी. शिव शंकर, बेथम बलाराजू, मंत्री एन.एस. प्रज्वल रेड्डी, सी. विजय सागर को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों ने अंशकालिक कार्य-आधारित नौकरी की आड़ में पीड़ित को धोखा दिया, जिसमें आरोपी व्यक्तियों द्वारा जाली इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों के साथ भारी रिटर्न की पेशकश की गई। इस मामले में साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन, डीडी, हैदराबाद में रिपोर्ट दर्ज की गई। मामले के तथ्य यह हैं कि बीते 11 जनवरी को शिकायतकर्ता से शिकायत प्राप्त हुई जिसमें कहा गया कि धोखेबाजों के समूह ने कई बैंक खातों की मदद से, अपनी सुनियोजित योजना के अनुसार, खुद को निवेश पर आकर्षक रिटर्न वाली प्रतिष्ठित कंपनियों के आयोजकों के रूप में पेश किया, और उसके साथ 1, 93,760 रुपये की ठगी की।

आरोपियों ने एक-दूसरे के साथ मिलकर पार्ट टाइम जॉब के जरिए उच्च रिटर्न देने के बहाने आसानी से पैसा कमाने की योजना बनाई। जालसाजों ने फोन कॉल के जरिए पीड़ित से संपर्क किया और खुद को नौकरी.कॉम के अधिकारी के रूप में पेश किया और होटलों के लिए समीक्षा लिखने के कार्यों के जरिए अंशकालिक नौकरी की पेशकश की और वे कार्य पूरा होने के बाद पैसे देंगे। पीड़ित को भुगतान करने के बाद, उन्होंने "सीढ़ी" नामक एक अवधारणा पेश की, जिसमें दावा किया गया कि गलत कार्यों के कारण शिकायतकर्ता का खाता "फ्रीज" कर दिया गया था और उन्होंने शिकायतकर्ता पर धन को "अनफ्रीज" करने के लिए और अधिक राशि का भुगतान करने का दबाव डाला, जिससे उसे बैंक खाते उपलब्ध कराकर 1,93,760 का नुकसान हुआ। टीम में पुलिस निरीक्षक के.मधुलता, एसआई विजय चेरियाला, बी.प्रनिता, पीसी के सागर, डी.प्रनिता, एन भास्कर, मनीष कुमार तिवारी, विनय और ए. पावनी शामिल रहे।

# आईओसीएल ने बूम लिफ्ट वाहन दान किया

## एडब्ल्यूसीएस को 2.2 लाख रुपये का अतिरिक्त अनुदान




संगारेड्डी, 1 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। एनिमल वारियर्स कंजर्वेशन सोसाइटी (एडब्ल्यूसीएस) के कार्य से प्रभावित होकर इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) ने शुक्रवार को एडब्ल्यूसीएस के पुनर्वास केंद्र को 28 लाख रुपये खर्च करके एक बूम लिफ्ट वाहन दान किया। आईओसीएल ने एडब्ल्यूसीएस को 2.2 लाख रुपये का अतिरिक्त अनुदान भी दिया है, ताकि समाज को पाटनचेरू के बोम्मानिकुंटा में एडब्ल्यूसीएस के पुनर्वास केंद्र में घायल पक्षियों के लिए एक प्रेस-रिलीज़ इकाई बनाने में मदद मिल सके। आईओसीएल के कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार ने एडब्ल्यूसीएस के संस्थापक प्रदीप नायर और संतोषी को बूम-लिफ्ट वाहन सौंपा और प्री-रिलीज इकाई का भी उद्घाटन किया। अनिल कुमार ने कहा कि वे एडब्ल्यूसीएस की महिला स्वयंसेवक संतोषी के काम से प्रभावित हैं, जिन्हें उन्होंने हैदराबाद में आईओसीएल मुख्यालय में एक टावर पर फंसी एक काली पतंग को बचाते हुए देखा था।

उन्होंने कहा कि इसके बाद उन्होंने इस तरह के काम को करने में उनका समर्थन करने और इस उद्देश्य के लिए अपना योगदान देने का फैसला किया है। कुमार ने भविष्य में उनके प्रयासों में उन्हें पूरा सहयोग देने का वादा किया। आईओसीएल के सीएसआर प्रमुख कैलाश कंठ और अन्य लोग भी मौजूद थे।

# नकली मुद्रा छापने व चलाने के आरोप में एक गिरफ्तार

## जाली मुद्रा, मुद्रण उपकरण और आपत्तिजनक सामग्री जब्त




हैदराबाद, 1 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कमिश्नर टास्क फोर्स, सेंट्रल जोन टीम के जासूसों ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर नामपल्ली पुलिस के साथ मिलकर, बाजार घाट के पास नामपल्ली पुलिस थाने की सीमा के अंतर्गत एक आरोपी पब्बती मुरली कृष्णा को पकड़ा है। वह गुंटूर जिला, आंध्र प्रदेश राज्य का निवासी है और अवैध रूप से आसानी से पैसा कमाने के लिए मेट्रो सिटी हैदराबाद में 500 रुपये मूल्यवर्ग की जाली भारतीय मुद्रा की अवैध छपाई और संचालन कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के पास से जाली भारतीय मुद्रा 11,10,500/- (500 रुपये मूल्यवर्ग), एक सेल फोन-1, कंप्यूटर सिस्टम, एक ब्लैक एंड व्हाइट प्रिंटर, एक स्कैनिंग और कलर प्रिंटर, एक लेमिनेटिंग/हीटर मशीन, एक पेपर कटर, स्क्रीन प्रिंटिंग लकड़ी का फ्रेम आदि बरामद किया है। आरोपी पब्बती मुरली कृष्णा नकली करेंसी छापने का एक आदतन अपराधी है। उसने कंप्यूटर सिस्टम, कलर प्रिंटर, स्कैनर, स्क्रीन प्रिंटिंग मशीन, हीट मशीन खरीदी और करेंसी नोटों के समान कागज (लेजर पेपर) का उपयोग करके और स्कैनर मशीन में मूल करेंसी नोट रखकर, महात्मा गांधी के वाटरमार्क चिपकाकर और कलर प्रिंटर का उपयोग करके रंगीन प्रतियां प्रिंट करके और हीटिंग मशीन के साथ विंडोड सिक्योरिटी थ्रेड (हरा) लगाकर नकली नोट तैयार किए। फिर इन नोट प्रतियों को कटिंग मशीन की मदद से मूल नोटों के समान आयामों में काटा जाता है और उन्हें एक बंडल में बनाया जाता है और अपने सहयोगियों के माध्यम से बाजार में प्रसारित किया जाता है। वह 1 लाख के नकली नोटों को 14,000 के असली नोटों से बदल रहा है और अवैध रूप से आसानी से पैसा कमाने की कोशिश कर रहा है। आरोपी पब्बती मुरलीकृष्णा गुंटूर जिले, एपी राज्य का मूल निवासी है। वर्तमान में नायडूपेटा, खम्मम, टीजी में रह रहा है।

उसने कंप्यूटर का ज्ञान, फोटोशॉप और डीटीपी आदि हासिल किया। उसने कई व्यवसाय किए लेकिन सफल नहीं हुआ, जिसके कारण वह वित्तीय संकट में आ गया। जाली मुद्रा मामलों में उसका 2018 से आपराधिक रिकॉर्ड है और पहले भी इसी तरह के तीन मामलों में गिरफ्तार किया जा चुका है। उसने जाली भारतीय मुद्रा की छपाई में कौशल हासिल किया और अपने सहयोगियों के माध्यम से 1:3 अनुपात के आधार पर बाजार में प्रसारित किया और मेट्रो शहरों में प्रसारित कर अवैध रूप से आसानी से पैसा कमा रहा है। पहले उसे कावली पीएस, एपी, बेगम बाजार पीएस, हैदराबाद ने गिरफ्तार किया था।

जमानत बांड पर जेल से रिहा होने के बाद उसने अपना ठिकाना खम्मम में बना लिया और फिर से 500 रुपये के जाली नोट छापना शुरू कर दिया। बीते एक फरवरी को आरोपी पब्बाती मुरलीकृष्णा 500 रुपये के नकली भारतीय नोट के साथ हैदराबाद आया और श्री गणेश टिफिन सेंटर, बाजार घाट, नामपल्ली रेलवे स्टेशन रोड पर मूल भारतीय नोट के मार्जिन के साथ एक्सचेंज के लिए प्रॉस्पेक्टस ग्राहकों से सौदा करने की कोशिश कर रहा था। इस बीच विश्वसनीय सूचना पर सेंट्रल ज़ोन टास्क फोर्स टीम ने नामपल्ली पुलिस के साथ मिलकर आरोपी पब्बाती मुरलीकृष्णा को पकड़ लिया और उसके पास से 500 रुपये के 11,10,500 नकली भारतीय नोट और प्रिंटिंग उपकरण और अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की। पकड़े गए आरोपी को जब्त सामग्री के साथ आगे की जांच के लिए एसएचओ, नामपल्ली पीएस को सौंप दिया गया।

## फरवरी में स्थानीय दर्शन में बदलाव

तिरुमला, 1 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। चार फरवरी को राधासप्तमी के मद्देनजर, टीटीडी ने स्थानीय दर्शन में बदलाव करते हुए इसे फरवरी महीने के पहले सप्ताह के मंगलवार से दूसरे सप्ताह में कर दिया है। इस प्रकार, 11 फरवरी को श्रीवारी दर्शन के लिए स्थानीय लोगों के लिए दर्शन टोकन 09 फरवरी को तिरुपति के महाति ऑडिटोरियम और तिरुमाला के बालाजी नगर के सामुदायिक हॉल में जारी किए जाएंगे।

**पूर्व तट रेलवे**

सूचना सं. eT-East-WAT-04-2025
दिनांक: 25.01.2025

कार्य का नाम : विजयनगरम (VZM) स्टेशन में प्लेटफार्म 1 एवं 2, प्लेटफार्म 3 एवं 4 तथा प्लेटफार्म 5 हेतु कोच वाटरिंग के लिए त्वरित (Quick) वाटरिंग सिस्टम का प्रावधान।

कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 3,25,66,005.33, EMD: ₹ 3,12,800/-, कार्य पूरा होने की अवधि : 03 (तीन) महीने।

निविदा बंद होने की तिथि व समय : दिनांक 19.02.2025 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।
उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पन्द्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर
PR-935/P/24-25

# बिहार के आठ जिलों के साथ तीन राज्यों को मखाना बोर्ड से होगा फायदा

## मखाना किंग ने गिनाए 7 फायदे




पटना, 1 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय बजट में बिहार को कई सौगातें दी गई हैं। इस बार के बजट में बिहार के लिए कई योजनाएं तो आई ही, कोसी-मिथिला क्षेत्र को राहत देने की खबर भी इस बजट के जरिए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने दी। मिथिलांचल-कोसी की पहचान 'मखाना' से जुड़ी एक बड़ी घोषणा केंद्रीय बजट में की गई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एलान किया कि बिहार में मखाना बोर्ड बनाया जाएगा।

अबतक कोसी-मिथिलांचल में मखाना उत्पादन करने वाले किसानों के लिए बाजार का पूरा सिस्टम नहीं है। इस बोर्ड के जरिए मखाना किसानों को सीधा बाजार उपलब्ध कराया जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की कि मखाना (फॉक्स नट) के उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और विपणन में सुधार के लिए बिहार में मखाना बोर्ड की स्थापना की जाएगी। वित्त मंत्री ने केंद्रीय बजट 2025-26 पेश करते हुए कहा, 'मखाना किसानों को सहायता और प्रशिक्षण सहायता और यह सुनिश्चित करने के लिए भी काम किया जाएगा कि उन्हें सभी प्रासंगिक सरकारी योजनाओं का लाभ मिले।

### मखाना उद्योग को शिखर पर ले जाने में अहम भूमिका

इधर, मखाना बोर्ड के गठन की खबर से बिहार उद्योग से जुड़े लोगों में खुशी की लहर है। 'अमर उजाला' ने मखाना किंग सत्यजीत सिंह ने इस मामले पर बातचीत। आइए जानते हैं उन्होंने क्या-क्या कहा? मखाना किंग ने कहा कि 2025 के बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बिहार में मखाना बोर्ड के गठन की घोषणा की है। यह काफी अच्छी पहल है। मैं पिछले 10 साल प्रयास कर रहा था कि बिहार में मखाना बोर्ड का गठन हो। आज अंततः इसकी घोषणा हो गई। यह मखाना उद्योग को शिखर पर ले जाने में अहम भूमिका निभा सकता है। इससे मखाना के प्रोडक्सन, प्रोसेसिंग और मार्केटिंग में अहम योगदान होगा। इससे बिहार के आठ जिले (दरभंगा, मधुबनी, सुपौल, सहरसा, पूर्णिया, कटिहार, अररिया और किशनगंज) के अलावा बंगाल, असम और यूपी के उन जिलों में फायदा होगा, जहां मखाने की खेती होती है। बोर्ड के बनने से मखाना से जुड़े लोग एक मंच पर आ जाएंगे। कीमतों में अंतर नहीं होगी। किसानों को उचित मूल्य मिलेगा।

### हर साल लगभग दो लाख टन मखाना निर्यात किया जाता

मखाना किंग सत्यजीत सिंह ने बताया कि बिहार मखाना का प्रमुख उत्पादक राज्य है। यहां देश के कुल मखाना का 85 प्रतिशत उत्पादन होता है। मधुबनी, दरभंगा, सहरसा, सुपौल, पूर्णिया, कटिहार जैसे जिले मखाना की खेती के लिए प्रसिद्ध हैं। बिहार मखाना का निर्यात अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, जापान और इंग्लैंड जैसे देशों में किया जाता है, और हर साल लगभग दो लाख टन मखाना निर्यात किया जाता है।

## तेजस्वी यादव ने बजट पर खड़े किए सवाल



पटना, 1 फरवरी (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से आज आठवां बजट बेश किया गया। इस आम बजट पर बिहार में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार को कुछ नहीं मिला। तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार सरकार समेत सभी लोग विशेष पैकेज की मांग कर रहे थे। लेकिन, मिला क्या? यह तो बिहार के साथ सौतेला व्यवहार है। तेजस्वी यादव ने कहा कि यह बजट पूरी तरह से जुमलेबाजी है। बिहार को लेकर जो भी घोषणा की गई है वह सब पुराना है। केंद्र सरकार ने एक भी नई घोषणा नहीं किया। रेलवे किराया को लेकर कहा कि प्रति दिन रेल किराया बढ़ रहा है। लेकिन, केंद्र सरकार रेल सफर का किराया पर लगाम लगाने में पूरी तरह से विफल है। उन्होंने आगे कहा कि बजट में जो घोषणा की गई है उसका बजट तय ही नहीं है। यही कारण यह नहीं बताया कि कब होगा पूरा। ग्रीन फील्ड के लिए किसानों से जो जमीन लिया जाएगा उसके लिए क्या दिया जाएगा। इसकी कोई चर्चा बजट में नहीं किया गया। यह बजट बिहार के साथ पूरी तरह से सौतेला व्यवहार है।

## नग्न अवस्था में मिला युवती का शव, दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका

अयोध्या, 1 फरवरी (एजेंसियां)। कोतवाली अयोध्या क्षेत्र के सहनवा गांव के बाहर एक युवती का शव नग्न अवस्था में मिला है। युवती दो दिन से लापता थी। परिजनों व स्थानीय लोगों ने दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई है। क्षेत्र के सहनवा निवासी 22 वर्षीय एक युवती पिछले दो दिन से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा तो परिजनों ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा शुक्रवार को कोतवाली अयोध्या में दर्ज कराया था।

पुलिस मामले की छानबीन कर रही थी। इस बीच शुक्रवार की सुबह गांव के बाहर स्थित एक नाले के पास युवती का शव नग्न हालत में पाया गया है। खून से सने हुए युवती के कपड़े भी शव से थोड़ी दूरी पर पड़े मिले हैं। मौके पर आई पुलिस ने छानबीन शुरू की है। कोतवाल अयोध्या मनोज शर्मा ने बताया कि प्रथमदृष्टया मामला हत्या का लग रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

## बजट पर राकेश टिकैत की पहली प्रतिक्रिया कहा- अभी इंतजार करना होगा



मुजफ्फर नगर, 1 फरवरी (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार, 1 फरवरी को केंद्रीय बजट पेश किया है। अब इस पर प्रतिक्रियाओं का दौर जारी है। इसी क्रम में भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने टिप्पणी की है। उत्तर प्रदेश स्थित मुजफ्फरनगर में बजट पर किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा, 'सरकार को बिजली, चिकित्सा सुविधा और शिक्षा जैसी आवश्यक सेवाओं पर ध्यान देना चाहिए। अब, हम इंतजार करते हैं कि वे क्या कदम उठाते हैं। किसान मांग कर रहे हैं कि ब्याज दर को घटाकर 1% प्रति वर्ष किया जाए। पहले, हमने इन मुद्दों को हल करने की योजनाओं के बारे में सुना था, लेकिन हमें पूरी जानकारी के लिए इंतजार करना होगा। किसानों को उचित फसल मूल्य के साथ-साथ उचित मूल्य की भी आवश्यकता है।' बजट पर मैनपुरी सांसद डिंपल यादव ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि इस बजट में कुछ भी नया नहीं है। हमें कुंभ में मारे गए लोगों का आंकड़ा चाहिए। उधर, कांग्रेस ने केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री द्वारा विकास के चार इंजनों की बात कहे जाने को लेकर केंद्र सरकार पर कटाक्ष किया और कहा कि इतने इंजन हो गए कि बजट पूरी तरह पटरी से ही उतर गया।सीतारमण ने शनिवार को अपने बजट भाषण में कहा कि कृषि, एमएसएमई (सूक्ष्म, मध्यम एवं लघु उद्योग), निवेश और निर्यात, विकास के चार शक्तिशाली इंजन हैं।

**जयराम रमेश ने क्या कहा?**

कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "वित्त मंत्री ने चार इंजनों की बात की- कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात। इतने सारे इंजन हैं कि बजट पूरी तरह से पटरी से ही उतर गया है।"उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा, "डॉ। मनमोहन सिंह जब प्रधानमंत्री थे तब अंतरराष्ट्रीय कंपनियां परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम, 2010 चाहती थीं लेकिन अरुण जेटली के नेतृत्व में भाजपा ने इस अधिनियम को नुकसान पहुंचाया था। अब ट्रंप (अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप) को खुश करने के लिए, वित्त मंत्री ने अधिनियम में संशोधन करने की घोषणा की है।

## ससुर को ठंडी चाय देने पर भड़क गई सास, बहू का कर दिया बेहाल अस्पताल में करानी पड़ी भर्ती

आगरा, 1 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में बहू के साथ हैवानियत की दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां सास-ससुर ने बहू को इस कदर पीटा कि उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ गया। बहू की गलती सिर्फ इतनी थी कि उसने ससुर को ठंडी चाय दे दी। इस बात पर सास भड़क गई और बहू को चप्पल से पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान ससुर ने बचाने की जगह बहू के मुंह में मुक्का मार दिया, जिससे वो बेहोश हो गई। उसके मुंह से खून बहने लगा। ये दृश्य देख सास-ससुर मौके से भाग निकले। अर्जुन नगर निवासी अंजली यादव ने केस दर्ज कराया। आरोप लगाया कि वह अपनी सास विमला को कमरे में दोपहर की चाय देने गई थीं। सास ने चाय को ठंडी बताकर उनकी चप्पलों से पिटाई की। शोर सुनकर ससुर राजवीर भी कमरे में आ गए। दोनों ने मिलकर पीटा। ससुर ने उसके मुंह पर घूंसा मार दिया, जिससे वह बेहोश हो गई। होश में आई तो सास-ससुर नहीं दिखे, जिसके बाद पीड़िता ने मायके वालों को सूचना दी।

# 'हमें बजट के आंकड़े नहीं, कुंभ में मौत का आंकड़ा चाहिए'

## अखिलेश यादव ने साधा निशाना



लखनऊ, 1 फरवरी (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बजट को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि सपा के लिए बजट जरूरी नहीं बल्कि महाकुंभ में हुई मौतों का आंकड़ा जानना जरूरी है। उन्होने कहा कि हम बजट के आंकड़ों का क्या करेंगे, हमें कुंभ में हुई मौतों का आंकड़ा चाहिए, वहां अब भी लोग अपनों की फोटो लेकर उनकी तलाश में भटक रहे हैं सपा अध्यक्ष ने सरकार को हिन्दू विरोधी बताया और कहा कि कुंभ में सबसे ज्यादा जान हिन्दू की गई है। सपा अध्यक्ष ने कहा जो सरकार मरने वालों का आंकड़ा न दे सके। जो खोया पाया केंद्र में उसमें बड़ी संख्या में लोग भटक रहे हैं। लोग अपने परिवारों की सदस्यों की तस्वीर लेकर भटक रहे हैं, जो आंकड़े जान जाने के बताए जा रहे हैं वो झूठे हैं। जिस सरकार को 17 घंटे लग गए ये बताने के लिए कि वहां भगदड़ हुई है जान गई है। लोग कुंभ में स्नान नहीं करा पाई ये सरकार। उस महाकुंभ में हजारों सीसीटीवी कैमरे हैं ड्रोन हैं। क्या सरकार पर लोगों के आंकड़े नहीं है। महाकुंभ की व्यवस्थाओं को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि जब 40 करोड़ का इंतजाम करना था, तो आपने क्या इंतज़ाम किया। जो सामान मिला है कि क्या सरकार को इसकी चिंता नहीं है। जो सरकार हिन्दुओं के सबसे बड़े महाकुंभ, पर्व का आयोजन नहीं कर पा रही है वो क्या दुनिया में क्या अर्थव्यवस्था को खड़ा कर पा रहे हैं। वो बात करते हैं विकसित भारत की, क्या विकसित भारत की यही परिभाषा है कि आप लोगों को सुरक्षित स्नान भी न करा पाएं।

### 'जहां लाशें पड़ी थी वहां फूल बरसाए'

अखिलेश ने कहा कि लोग जाएंगे तो भगदड़ में उनकी जान चली जाएंगे। क्या विकसित भारत की यही परिभाषा है कि शंकराचार्य कह रहे हैं कि आपका मुख्यमंत्री झूठा है। कुछ लोग खुलकर कह रहे हैं और जितने भी वहां साधु संत और शंकराचार्य आए हैं। वो दबी जुबान में कह रहे हैं कि इससे बुरा महाकुंभ नहीं हो सकता था। वहां फूल बरसाए गए, जिस समय वहां लोगों की लाशें पड़ी थीं उस वक्त सरकार वहां फूल बरसा रही थी। अरे कुछ फूल अपने लिए भी बचा कर रखते वो भी काम आते, क्या मरने वालों पर फूल डाले जा रहे थे या श्रद्धा के साथ आए थे उन पर फूल बरसाए जा रहे थे। उन्होंने कहा कि ये सरकार झूठी है जो एक महाकुंभ नहीं करा सकती उसका हर आंकड़ा आज के बजट में झूठा है। जो मरने वालों का आंकड़ा न दे पाए हम बजट के आंकडों का क्या करेंगे वो मरने वालों का आंकड़ा नहीं दे पा रहे, खोए हुए लोगों का आंकड़ा नहीं दे रहे।

## समस्तीपुर में गेट के अंदर घुसे छात्रों पर लाठीचार्ज

### गेट बंद होने पर करने लगे धक्का-मुक्की, परिजन बोले- एक मिनट लेट हुए; ताला लगा दिया



समस्तीपुर, 1 फरवरी (एजेंसियां)। समस्तीपुर में बिहार बोर्ड की 12वीं की परीक्षा शनिवार से शुरू हो गई है और पहले ही दिन जिले के आरबी कॉलेज, दलसिंहसराय में हंगामा और पुलिस लाठीचार्ज की घटना सामने आई है। परीक्षा केंद्र पर देर से पहुंचे छात्रों को प्रवेश नहीं देने पर विवाद खड़ा हो गया, जो देखते ही देखते हिंसक रूप ले बैठा। परीक्षा केंद्र पर सख्ती को लेकर 1 मिनट की देरी से पहुंचे छात्रों को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई। इससे नाराज छात्रों ने पहले तो प्रशासन से गुहार लगाई, लेकिन जब कोई सुनवाई नहीं हुई, तो छात्रों और उनके परिजन ने मुख्य गेट पर हंगामा शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने जबरन गेट खोलने की कोशिश की, तो पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज कर दिया। इस दौरान कई छात्र और छात्राएं लाठीचार्ज की चपेट में आ गए। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें पुलिस के लाठी बरसाते और छात्र-छात्राओं को भागते हुए देखा जा सकता है।

## बजट पर विपक्षी नेताओं ने दी प्रतिक्रिया, मायावती बोलीं- राजनीतिक स्वार्थ का बजट है

लखनऊ, 1 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्र की मोदी सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश कर दिया है जिसमें नौकरी पेशा लोगों और किसानों के लिए कई बड़ी घोषणाएं की हैं। वहीं, विपक्षी नेताओं ने अलग पक्ष रखा है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने बजट पर कहा कि ये राजनीतिक स्वार्थ पूरा करने वाला बजट है। उन्होंने एक्स पर कहा कि देश में महंगाई, गरीबी और बेरोजगारी की जबरदस्त मार के साथ ही सड़क, पानी, शिक्षा, सुख-शान्ति आदि की जरूरी बुनियादी सुविधाओं के अभाव के कारण लगभग 140 करोड़ की भारी जनसंख्या वाले भारत में लोगों का जीवन काफी त्रस्त है, जिसका केन्द्रीय बजट के माध्यम से भी निवारण होना जरूरी है। किन्तु वर्तमान भाजपा सरकार का भी बजट, कांग्रेस की ही तरह, राजनीतिक स्वार्थ का अधिक व जन एवं देशहित का कम लगता है। अगर ऐसा नहीं है तो इस सरकार में भी लोगों का जीवन लगातार तंग, बदहाल व दुखी क्यों? 'विकसित भारत' का सपना बहुजनों के हित का भी होना जरूरी है।

## आंतें और किडनियां बाहर सिर धड़ से अलग, सड़क पर बिखरी थीं लाशें; मंजर देख कांप उठे लोग



गाजीपुर, 1 फरवरी (एजेंसियां)। वाराणसी-गाजीपुर फोरलेन पर रेवसा गांव के पास हादसा कितना भयानक था, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कदम-कदम पर सड़क पर श्रद्धालुओं के शव पड़े थे। किसी की आंतें और किडनियां बाहर निकल गई थी तो किसी का सिर धड़ से अलग था। प्रयागराज महाकुंभ से स्नान कर लौटे श्रद्धालु जगह-जगह शव के पास बैठकर बिलख रहे थे। हालांकि पुलिस ने एंबुलेंस आने के बाद किसी तरह शवों को उठाकर पोस्टमार्टम हाउस भेजा। जहां शवों की पहचान के बाद उनके अंग रखे गए। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक हादसे के बाद किसी ने डायल 112 पर सूचना दी, जिसके बाद एएसपी सिटी ज्ञानेंद्र नाथ प्रसाद, सीओ सिटी सुधाकर पांडेय, नंदगंज थाना पुलिस, ट्रैफिक पुलिस प्रभारी मनीष त्रिपाठी, जंगीपुर थानाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह पहुंचे। पुलिसकर्मी भी सौ मीटर के अंदर एक के बाद एक शव पड़े देख विचलित से हो गए। वहीं, स्ट्रेचर पर एक के बाद एक शवों को पुलिस ने उठाया। शाम करीब साढ़े पांच बजे मृतकों के कपड़े, हुलिया और कटे सिर से पहचान हुई। पिकअप सवार श्रद्धालु एक सप्ताह पहले प्रयागराज में महाकुंभ स्नान के लिए निकले थे, जो बृहस्पतिवार को भोर में स्नान करने के याद वहां से निकल गए लेकिन लौटते समय जाम में फंस गए। पिकअप चालक (मालिक) धर्मवीर साहनी के मुताबिक, 24 जनवरी को ये निकले थे। जाम में फंसते-फंसते प्रयागराज पहुंचे। 30 जनवरी को भौर में तीन-चार बजे महाकुंभ में स्नान किया लेकिन जाम के कारण वे झूंसी से आगे नहीं निकल पाए। वहीं रात गुजारी। घायल मुन्नी देवी के मुताबिक वे लोग इसी तरह मचान बनाकर दो पिकअप से गए थे। दूसरे जत्थे का पता नहीं है।

## लखनऊ हाईकोर्ट के दो वकीलों की मौत:चिनहट में कार तालाब में डूबी, अंदर मिले शव; रस्सी से खींचकर बाहर निकाला



लखनऊ, 1 फरवरी (एजेंसियां)। लखनऊ हाईकोर्ट के दो वकीलों की संदिग्ध हालात में तालाब में डूबकर मौत हो गई। दोनों के शव कार के अंदर मिले हैं। माना जा रहा है कि घटना देर रात की है। शनिवार सुबह आसपास के लोगों ने कार को तालाब में डूबे देखा तो कार तालाब में उल्टी पड़ी थी। चारों पहिए ऊपर थे। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तालाब के अंदर उतरी। देखा तो दोनों शव कार के अंदर थे। फिर टीम ने जैसे-तैसे दरवाजा खोलकर शवों को बाहर निकाला। इसके बाद रस्सी से खींचकर वेन्यू कार को किनारे लाए। मामला चिनहट थाने के नौबस्ता कला गांव का है। फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर कार की जांच की। इसके बाद पुलिस ने कार को सील कर दिया। वकीलों की पहचान खरगापुर निवासी स्टैंडिंग काउंसिल कुलदीप अवस्थी (40) और विकास नगर निवासी शशांक सिंह (37) के रूप में हुई है। पुलिस ने वकीलों के पास से मिले कागजों और कार के नंबर से मृतकों की पहचान की। इसके बाद परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे हैं। फिलहाल, पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। कार की जो तस्वीरें सामने आई हैं, उसमें कार का पिछला शीशा टूटा दिखाई दे रहा है। फिलहाल, सीनियर पुलिस अफसर भी मौके पर पहुंचे हैं। अफसरों ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। आसपास के सीसीटीबी चेक किए जा रहे हैं। घटना कैसे हुई। इसका पता लगाया जा रहा है। परिवार से भी बातचीत की जा रही है। दोनों कितने बजे घर से निकले थे। यह भी जानकारी जुटाई जा रही है।

### घर से दावत के लिए निकले थे

कार कुलदीप की थी। भाई मनीष का कहना है कि रात 8 बजे वह दावत में जाने की बात कहकर घर से निकले थे। देर रात तक जब घर नहीं पहुंचे तो कई बार फोन किए। फोन नहीं उठा। सुबह घटना की जनकारी हुई।

### शरीर पर नहीं मिले चोट के निशान

पुलिस का कहना है कि जहां हादसा हुआ है वहां अंधा मोड़ है। हो सकता है गाड़ी स्पीड में थी, अचानक मोड़ में ब्रेक लगाने के कारण बेकाबू हो कर पलट गई हो। दोनों वकीलों के शव पर चोट के निशान नहीं मिले हैं।

## 'अम्मा! साफ पानी दिलवा दो', कानपुर की मेयर को पता चली हकीकत

कानपुर, 1 फरवरी (एजेंसियां)। जल ही जीवन है... यह कहावत तो अपने सुनी ही होगी। अगर पीने का साफ पानी भी ना मिले तो इंसान क्या करें। कुछ ऐसी ही शिकायत आई कानपुर की 'अम्मा' यानी महापौर के सामने। लोगों की समस्या सुनने के लिए 'महापौर आपके वार्ड' कैंप के तहत जब शहर की मेयर प्रमिला पांडे लोगों के बीच पहुंची तो लोगों ने उनसे साफ पानी की गुहार लगाई। लोगों ने महापौर से कहा कि 'अम्मा' साफ पानी तो दिलवा दीजिए। महापौर ने जलकल के अधिकारियों को तुरंत समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। कानपुर की मेयर आजकल 'महापौर आपके वार्ड' अभियान के तहत शहर के सभी वार्ड में कैंप लगा रही है। महापौर प्रमिला पांडे वार्ड नंबर 16 में पहुंची। महापौर के पहुंचते ही हाशमी अस्पताल के आसपास रहने वाली, शकीना, रूबी, विमला देवी समेत दर्जनों महिलाएं अपना प्रार्थना पत्र लेकर पहुंच गईं। उन्होंने मेयर से कहा कि महापौर जी सप्लाई में गंदा पानी आ रहा है। वाटर सप्लाई में गंदा पानी आता है जिसके कारण हम सभी मोहल्ले वालों का जीना दूभर हो रहा है।

## सरसों के खेत में चहलकदमी करते जंगली जानवर कैमरे में कैद, बाघ की दहशत

सीतापुर, 1 फरवरी (एजेंसियां)। सीतापुर जिले के मिश्रिख क्षेत्र में सोशल मीडिया पर शनिवार सुबह से तेजी से वीडियो वायरल होने के बाद से क्षेत्र में बाघ होने की दहशत फैल गई जिसमें बाघ की तरह एक जंगली जानवर खेतों में घूमता दिखाई दे रहा है। जानकारी के अनुसार ग्राम आंट मार्ग पर तेलियानी और मोहम्मदीपुर गांवों के बीच स्थित खेतों में एक स्थानीय निवासी प्रशांत ने इस जानवर को देखा और उसका वीडियो बना लिया। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई। वन विभाग के अधिकारियों ने वीडियो का गहन निरीक्षण किया और पुष्टि की यह कोई जंगली जानवर है लेकिन यह बाघ है

# बेरोजगार हैं? तो बिहार में अमरूद की खेती करिए नीतीश सरकार चमका देगी आपकी किस्मत



गोपालगंज, 1 फरवरी (एजेंसियां)। घर के आंगन की अमरूद की मिठास अब किसानों के खेतों में भी घुलेगी। इस साल उद्यान विभाग ने जिले में 100 हेक्टेयर में अमरूद के व्यावसायिक खेती की पहल की है। इस अभियान के तहत केला तथा पपीता के साथ अमरूद की खेती को बढ़ावा दिया जाएगा।

**अमरूद की खेती पर सरकार देगी अनुदान**

इन फलों की खेती करने वाले किसानों को अनुदान भी मिलेगा। अमरूद, पपीता तथा केला के लिए अलग अलग अनुदान की राशि निर्धारित की गई है। इन फलों की खेती करने वाले किसानों को अनुदान देने के साथ ही उन्हें उन्नत तरीके से फलों की खेती करने के लिए प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। एक समय था कि जब हर घर के आंगन में अमरूद के पेड़ होते थे। गांव के बगीचे में भी आम के बाद अमरूद के ही पेड़ नजर आते थे। समय के साथ अमरूद बगीचों से गायब होती चली गई। घर-घर के सामने दिखने वाले अमरूद के पेड़ अब कुछ ही घरों के सामने नजर आते हैं। ऐसे में उद्यान विभाग ने इस साल से अमरूद की मिठास फिर से खेतों में घोलने की तैयारी करते हुए इसकी व्यावसायिक खेती कराने का निर्णय लिया है। इस योजना के तहत थावे प्रखंड सहित जिले के सभी प्रखंडों में अमरूद की व्यावसायिक खेती करने की पहल की गई है। अमरूद की खेती के लिए जिले के साथ ही सभी प्रखंडों के लिए भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला कृषि पदाधिकारी भुपेंद्र मणि त्रिपाठी बताते हैं कि जिले में पहले चरण में 100 हेक्टेयर में अमरूद की व्यवसायी खेती करने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए सभी प्रखंडों के लिए भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रति हेक्टेयर में अमरूद के 1,110 पौधे लगाए जाएंगे। प्रति पौधे की कीमत 30 रुपये होती है। किसानों को अनुदान पर पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे। अमरूद की खेती करने वाले किसानों को पहले साल 90 प्रतिशत पौधे बचने पर अनुदान दिया जाएगा। अनुदान की राशि किसानों के खाता में भेजी जाएगी। इसके साथ ही किसानों को उन्नत तरीके से अमरूद की खेती करने के लिए प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अमरूद की खेती के लिए किसानों को चयनित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## दिल्ली में सुबह-सुबह तड़तड़ाई गोलियां: पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ तीन को लगी गोली, पांच बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली, 1 फरवरी (एजेंसियां)। बाहरी उत्तरी जिला के मेट्रो विहार इलाके में शनिवार तड़के पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। दोनों तरफ से चली गोलीबारी में तीन बदमाशों को गोली लगी है। पुलिस ने पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि तीन भागने में कामयाब रहे। घायल बदमाशों को पुलिस ने पास के अस्पताल में भर्ती कराया है। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वालसन ने बताया कि आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नरेला औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस इलाके में गश्त कर रही थी। गांव खेड़ा खुर्द के गोदाम क्षेत्र में गश्त करते समय टीम को गांव खेड़ा खुर्द के बाहरी इलाके में कुछ लोगों के संदिग्ध हरकत के बारे में सूचना मिली। वहां पहुंचने पर पुलिस ने 8-9 लोगों को एक ट्रक में पीवीसी लादते देखा। पुलिस टीम को देखते ही बदमाश वहां से भागने लगे। इस दौरान एक बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी।

# 2025 के बजट से नाखुश पंजाब-चंडीगढ़ के सांसद, मनीष तिवारी बोले

### ये केंद्र का बजट है या बिहार का, पता नहीं





चंडीगढ़, 1 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को 2025-26 के लिए बजट पेश किया। इस बजट में किसानों और उद्योगों को मजबूती देने के लिए कई बड़े एलान किए गए हैं। हालांकि पंजाब और चंडीगढ़ के सांसद बजट से नाखुश ही दिखे। शिरोमणि अकाली दल की सांसद हरसिमरत कौर बादल ने केंद्रीय बजट पर कहा कि जिन राज्यों में चुनाव आने वाले हैं, उनके नाम सबसे ज्यादा लिए गए। बिहार फिर असम का नाम लिया गया। पंजाब का नाम भी नहीं लिया जहां किसान एमएसपी की गारंटी के लिए धरने पर बैठे हैं। किसानों की लड़ाई को बिल्कुल भी नहीं सुना गया, इसलिए मुझे दुख है। वहीं चंडीगढ़ के कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि मैं यह समझने में असफल रहा कि यह भारत सरकार का बजट था या बिहार सरकार का? क्या आपने केंद्रीय वित्त मंत्री के पूरे बजटीय भाषण में बिहार के अलावा किसी अन्य राज्य का नाम सुना है। जब आप देश के बजट की बात करते हैं तो उसमें पूरे देश के लिए कुछ होना चाहिए। यह दुखद है कि जिस बैसाखी पर सरकार चल रही है उसे स्थिर रखने के लिए देश के बाकी हिस्सों के विकास को दांव पर लगा दिया गया है।

**देश को डुबोने वाला बजट**

वहीं कांग्रेस सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने कहा कि बजट में किसी वर्ग को कुछ नहीं मिला। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश का नाम तक नहीं लिया। किसानों के लिए कुछ भी नहीं। किसान धरने पर बैठे हैं, उनकी बात और एमएसपी की बात नहीं हुई, यह देश को डूबोने वाला बजट है।

**केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू ने गिनाई खासियतें**

आम बजट पर केंद्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि बजट में मध्य वर्ग को बड़ी राहत दी गई है। 12 लाख रुपये तक की आय पर कोई आयकर नहीं देना होगा। इसी तरह 36 जीवन रक्षक दवाओं को बेसिक कस्टम्स ड्यूटी से पूरी तरह से छूट दी गई है, जिससे आवश्यक उपचारों तक पहुंच बढ़ गई है। बीमा क्षेत्र में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) की सीमा 74% से बढ़ाकर 100% कर दी गई है, जिससे अधिक अंतरराष्ट्रीय भागीदारी और निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा। कृषि उत्पादकता में वृद्धि पर विशेष फोकस किया गया। खासकर विशेष रूप से उच्च उपज वाली फसलें और कपास को प्रोत्साहन दिया गया है। भारतीय रेलवे के लिए पूंजीगत व्यय में 15-20% की महत्वपूर्ण वृद्धि, जिससे आधुनिक वंदे भारत ट्रेनों और सुरक्षा उपायों का मार्ग प्रशस्त होगा। बिहार में एक राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना की घोषणा की गई है, जिसका उद्देश्य खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में नवाचार और विकास को बढ़ावा देना है।

**सीएम बोले-ये चुनावी बजट**

वहीं सीएम भगवंत मान ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट में एक बार फिर पंजाब को अनदेखा किया गया। पंजाब के किसानों, नौजवानों को केंद्र सरकार ने कुछ भी नहीं दिया है। केंद्र द्वारा न तो किसानों को फसल पर एमएसपी दी गई, न ही राज्य को किसी इंडस्ट्री के लिए पैकेज दिया गया। पंजाब को ऐसा कुछ नहीं दिया गया जो उसके आर्थिक और भविष्य में सुधार ला सके। यह बजट केवल चुनावी बजट है, जिसमें केवल बिहार राज्य के लिए ही घोषणा हैं। एक बार फिर बजट में केंद्र सरकार ने पंजाब और पंजाबियों के साथ सौतेला व्यवहार किया है। पर पंजाब को हम अपने बलबूते पर पैरों पर खड़े करके रहेंगे।

बजट पर आम आदमी पार्टी पंजाब प्रवक्ता नील गर्ग ने कहा कि बजट में बिहार, बिहार और सिर्फ बिहार है। लगता है चुनाव का मौसम आ गया है, तभी अचानक बिहार को सौगातों की बारिश हो रही है। पर सवाल यह है कि बाकी राज्यों का क्या होगा। क्या विकास सिर्फ चुनावी हितों के हिसाब से होगा। उन्होंने कहा कि पंजाब के किसान का जिक्र नहीं है। पंजाब के उद्योगपतियों के लिए कुछ नहीं है। केंद्र को जवाब देना चाहिए कि पंजाब के रुके हुए फंड्स का हिसाब कौन देगा। उन्होंने कहा कि देश को राजनीतिक सौगातों की नहीं, जनहितकारी नीतियों की जरूरत है।

## पूर्व मंत्री एवं सांसद किशन कपूर का निधन, पीजीआई में ली अंतिम सांस, 1970 में बने थे जनसंघ के सदस्य



धर्मशाला, 1 फरवरी (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के पूर्व मंत्री व सांसद किशन कपूर का निधन हो गया है। किशन कपूर ब्रेन हेमरेज के चलते पीजीआई में उपचाराधीन थे, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। वे 73 वर्ष के थे और पिछले काफी समय से बीमार थे। उनका अंतिम संस्कार रविवार को उनके पैतृक गांव धर्मशाला में होगा। किशन कपूर का जन्म गांव खनियारा में 25 जून 1951 को पिता हरि राम और माता गुलाबो देवी के घर हुआ। उनका विवाह रेखा कपूर के साथ हुआ जो वर्तमान में हिमाचल प्रदेश के शिक्षा विभाग में संयुक्त निदेशक के पद पर सेवारत हैं। उनके दो बच्चे हैं, बेटे का नाम शाश्वत कपूर और बेटी का नाम प्रगति कपूर है। किशन कपूर की शिक्षा खनियारा और धर्मशाला में हुई थी।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के काफिले को टक्कर मारकर भागा ट्रक, 6 थानों की पुलिस को छकाया, ब्यावरा में पकड़ाया



भोपाल, 1 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के काफिले को टक्कर मारकर भागने वाले ट्रक डाइवर को पकड़ लिया गया है। पकड़े जाने से पहले ट्रक ड्राइवर ने भागने की कोशिश में एक पुलिसकर्मी को घायल कर दिया। पुलिस की एक गाड़ी को भी नुकसान पहुंचाया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि, उसका साथी मौके से भागने में सफल रहा। छह थानों की पुलिस ने इस ट्रक को रोकने की कोशिश की, लेकिन ब्यावरा में ही इसे पकड़ा गया। आरोपी ट्रक ड्राइवर ने 30 जनवरी को भोपाल में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के काफिले को टक्कर मारी थी। टक्कर के बाद आइसर ट्रक सहित ड्राइवर फरार हो गया था।

इस ट्रक को ब्यावरा में देहात थाना पुलिस ने पकड़ लिया है। ड्राइवर पर एफआईआर भी दर्ज की है। देहात थाना प्रभारी गोविंद मीणा ने बताया कि आरोपी ट्रक चालक भोपाल में कारकेट को टक्कर मारकर राजगढ़ की ओर भागा। गांधी नगर में ट्रक को पकड़ने की कोशिश हुई, लेकिन एएसआई को टक्कर मारकर ड्राइवर ट्रक सहित फरार हो गया। इसके बाद उसे करीब छह थानों की पुलिस ने पकड़ने का प्रयास किया तो ट्रक चालक वाहनों को टक्कर मारते हुए आगे बढ़ गया। ब्यावरा में कचनारिया टोल पर पुलिस ने रोका तो ड्राइवर ने तेज गति से ट्रक को पीछे किया। इस दौरान उसने पुलिसकर्मियों को कुचलने की भी कोशिश की। ब्यावरा में ही ट्रक को पीछे करते हुए पुलिस की गाड़ी में जोरदार टक्कर मारी। इससे गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

# ऑटो से बाहर खींच ईंट से मारा

### फिर सिर में मारी गोली, टीएमसी कार्यकर्ता की बेरहमी से हत्या




कोलकाता, 1 फरवरी (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में उत्तरी 24 परगना जिले के नैहाटी में तृणमूल कांग्रेस ( टीएमसी) कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई। घटना दोपहर की है। अज्ञात हमलावरों ने टीएमसी के स्थानीय कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि सिर में गोली लगने से तृणमूल कार्यकर्ता की मौके पर ही मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने कहा बताया कि संतोष यादव गौरीपुर इलाके से गुजर रहे थे, तभी उनके साथ यह वारदात हुई। शुरुआती गोलियां चलने के बाद वह पहले हमलावर से रिवॉल्वर छीनने में कामयाब हो गए, लेकिन वह खुद को नहीं बचा पाए, क्योंकि दूसरे बदमाशों ने उन पर चार बार गोली दागी। एक गोली उनके सिर में लगी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि संतोष यादव को नैहाटी राजकीय सामान्य अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत बता दिया। पुलिस के मुताबिक, 40 वर्षीय तृणमूल कार्यकर्ता संतोष यादव को ऑटो-रिक्शा से बाहर खींच लिया गया और मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया। उसके सिर पर ईंटों से वार किया गया। उसके गिरने के बाद गुंडों ने उसे गोली मार दी। अधिकारी ने कह कि मामले की जांच जारी है और अपराधियों की तलाश की जा रही है। वहीं, स्थानीय लोगों ने कहा कि यादव एक ऑटो-रिक्शा में घर लौट रहे थे, जब बाइक सवार हमलावरों ने उन्हें गोली मारने की कोशिश की, लेकिन गोली नहीं चली। इसके बाद गुंडों ने ऑटो को रोका और उसे बाहर खींच लिया। उस पर ईंटों से हमला किया गया। बाद में उन्होंने तीन और राउंड गोलियां चलाईं और भाग गए।

## बजट से खुश उद्धव ठाकरे की शिवसेना यूबीटी? प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा- 'मैं स्वागत करती हूं'



मुंबई, 1 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय बजट में इनकम टैक्स में छूट के ऐलान ने विपक्षी दलों को खुश कर दिया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नौकरीपेशा और मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देते हुए 12 लाख रुपये तक की वार्षिक आय को पूरी तरह से आयकर से छूट देने की घोषणा की। इस ऐलान का विपक्ष विपक्षी पार्टी शिवसेना (यूबीटी) ने स्वागत किया। उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना (यूबीटी) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि मीडिल क्लास 10 साल से, इस गूंगी बहरी सरकार से मांग कर थी कि उनको राहत दी जाए, आज उसकी सुनवाई हुई है।

**ये 240 का पावर है- प्रियंका चतुर्वेदी**

उन्होंने कहा, "ये 240 (लोकसभा में बीजेपी की सीट) का पावर है कि अहंकारी सरकार को मजबूर कर दिया कि उनकी आवाज सुनी जाए। ऐलान से जनता को राहत मिलेगी। आमदनी नहीं बढ़ रही थी, सेविंग नहीं हो रही थी, खर्चा लगातार बढ़ रहा था। अब इनकम टैक्स में छूट से मिडिल क्लास को राहत मिली है, मैं स्वागत करती हूं।" बजट में बिहार को लेकर कई बड़े ऐलान किए गए हैं। इसको लेकर प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि बिहार की जनता कह रही होगी कि हर साल चुनाव आए, हर साल चुनाव होंगे तभी बजट में फोकस होगा।

## दिल्ली चुनाव से पहले बीजेपी को झटका, महिला मोर्चा की अध्यक्ष सहित इस पूर्वांचली नेता ने थामा आप का दामन




नई दिल्ली, 1 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली में आम आदमी पार्टी को एक और बड़ी सफलता मिली है। पूर्वांचल प्रवासी संस्था चलाने वाले आकाश शर्मा और राजेंद्र नगर से बीजेपी महिला मोर्चा की अध्यक्ष डिंपल शर्मा ने आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया है। आप में शामिल होने के बाद दोनों नेताओं ने कहा कि वे अरविंद केजरीवाल की नीतियों और आम आदमी पार्टी की राजनीति से प्रभावित हैं। उन्होंने दिल्ली में बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हुए बदलावों की तारीफ की और कहा कि आप गरीबों और आम लोगों के लिए काम कर रही है। आकाश शर्मा दिल्ली में पूर्वांचल प्रवासी संस्था के प्रमुख हैं और पूर्वांचली समाज में उनकी अच्छी पकड़ है। दिल्ली में बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश और झारखंड से आए लाखों लोग रहते हैं, जो चुनाव में बड़ी भूमिका निभाते हैं। आकाश शर्मा के आप में आने से पार्टी को पूर्वांचल समुदाय का और ज्यादा समर्थन मिल सकता है। वहीं डिंपल शर्मा बीजेपी की महिला विंग की राजेंद्र नगर से अध्यक्ष थीं।

**बीजेपी के लिए बड़ा झटका**

उन्होंने बीजेपी छोड़ते हुए कहा कि पार्टी में अब महिलाओं की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने आप की नीतियों की तारीफ करते हुए कहा कि वे अब आम आदमी पार्टी के साथ मिलकर समाज सेवा करेंगी। वहीं इन दो नेताओं के आप में शामिल होने से पार्टी को बड़ा फायदा हो सकता है, क्योंकि पूर्वांचली मतदाता दिल्ली के कई इलाकों में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। वहीं बीजेपी के लिए यह झटका माना जा रहा है, क्योंकि महिला मोर्चा की नेता का पार्टी छोड़ना संगठन में असंतोष को दिखाता है। आप नेताओं ने दावा किया कि आने वाले दिनों में बीजेपी और कांग्रेस के और भी कई नेता पार्टी में शामिल हो सकते हैं। वहीं बीजेपी ने इसे सिर्फ व्यक्तिगत फैसला बताया और कहा कि इसका चुनावों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

## दुबई में परिवार के साथ फरारी काट रहा था मोस्ट वांटेड सलमान लाला एमडीएमए ड्रग्स के साथ गिरफ्तार

उज्जैन, 1 फरवरी (एजेंसियां)। मोस्ट वांटेड मादक पदार्थ का तस्कर सलमान पिता शैरूलाला को पुलिस ने चंबल नदी के पुलिया ग्राम बनावाड़ा से गिरफ्तार किया। वह उज्जैन पुलिस का मोस्ट वांटेड आरोपी था। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में 15 से अधिक अपराध पंजीबद्ध हैं। सलमान फर्जी पासपोर्ट के माध्यम से पत्नी बच्चों को लेकर दुबई फरार हो गया था। वीजा की अवधि खत्म होने पर वह नेपाल के रास्ते इंडिया और फिर नागदा पहुंचा था। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया सलमान पिता शैरूलाल निवासी राजीव नगर नागदा कुख्यात अपराधी है। वह 25.83 ग्राम एमडीएमए ड्रग्स के साथ पकड़ाया है। जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत 25 लाख रुपए है। सलमान 2 साल से फरार था। फरारी के दौरान वह दुबई में रहा। पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि सलमान एमडीएमए ड्रग्स लेकर खाचरौद, चांपाखेड़ा, होते हुए ताल-आलोट की ओर क्रय विक्रय के लिए जाने की फिराक में खड़ा है।

## यह एक हेट क्राइम, एसएचओ पर दर्ज हो एफआईआर, दंगा मामले में कोर्ट का आदेश



नई दिल्ली, 1 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली दंगों के मामले में कड़कड़डूमा कोर्ट ने ज्योति नगर पुलिस स्टेशन के तत्कालीन एसएचओ के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि यह एक हेट क्राइम है। एसएचओ के ऊपर आरोपी है कि उन्होंने दिल्ली दंगों के दौरान लोगों की पिटाई की और उससे जन गण मन और वंदे मातरम गवाने पर मजबूर किया। कोर्ट ने उस समय के विधायक कपिल मिश्रा के खिलाफ भी नाराजगी जाहिर की। कोर्ट ने कपिल मिश्रा के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज करने को कहा। कोर्ट ने शिकायतकर्ता से कहा कि इसके लिए आप स्पेशल एमपी/एमएलए कोर्ट से संपर्क करें। कोर्ट ने कहा कि इस मामले की जांच इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी से कराया जाए। मोहम्मद वसीम की शिकायत पर कोर्ट ने यह आदेश दिया। कड़कड़डूमा कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि मौजूदा एसएचओ को निर्देश दिया जाता है कि वह इस मामले की जांच के लिए इंस्पेक्टर रैंक के एक अधिकारी को नियुक्त करें और उसी से इसकी जांच करवाएं ताकि जांच के दौरान कथित अपराधों में शामिल अन्य अज्ञात पुलिस अफसरों की भूमिका का पता लगाया जा सके। कोर्ट ने ये भी कहा कि यह देखा गया है कि पुलिस कपिल मिश्रा की भूमिका को लेकर चुप थी। ज्युडिशियल मजिस्ट्रेट उद्भव कुमार जैन ने कहा कि पुलिस कथित आरोपी कपिल मिश्रा के खिलाफ जांच में विफल रही। कोर्ट ने जांच अधिकारी (आईओ) के व्यवहार की निंदा की और कहा कि उन्होंने बीजेपी नेता के खिलाफ आरोपों को छिपाने की कोशिश की।

**24 फरवरी 2024 को हुआ था दंगा**

दिल्ली में 24 फरवरी 2024 को दंगा हुआ था। इस दंगे में 53 लोगों की जान गई थी जबकि कई घायल हुए थे। जान-माल का भारी नुकसान हुआ था। कई लोगों के घर और दुकानों में आग लगा दी गई थी। शिकायतकर्ता मोहम्मद वसीम ने दावा किया कि वह उन पांच लोगों में शामिल था, जिन पर 24 फरवरी को सांप्रदायिक दंगों के दौरान हमला किया गया। राष्ट्रगान और वंदे मातरम गाने के लिए मजबूर किया गया।

## मनरेगा का अधिकारी 15 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार, ईओडब्ल्यू ने कसा शिकंजा

रतलाम, 1 फरवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में रिश्वतखोरी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। सरकारी एजेंसियां भ्रष्टाचार की शिकायत पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही हैं। अब रतलाम जिले में आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) का बड़ा एक्शन हुआ है। ईओडब्ल्यू की टीम ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के एक अधिकारी को रिश्वत लेते रंगे हाथों धर दबोचा। आलोट कस्बे में शुक्रवार को सहायक लेखा अधिकारी मनीष ईओडब्ल्यू के शिकंजे में आ गया। आरोप है कि मनरेगा का सहायक लेखा अधिकारी रिश्वत की रकम ले रहा था।

घात लगाए बैठी ईओडब्ल्यू की टीम ने मनीष को धर दबोचा। ईओडब्ल्यू की छापेमार कार्रवाई से हड़कंप मच गया। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) अमित बट्टी ने बताया कि मनरेगा का सहायक लेखा अधिकारी मनीष 15,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार हुआ है। उन्होंने कहा कि मनरेगा अधिकारी ने दो लाख रुपये का भुगतान मंजूर करने के बदले में कथित तौर पर रिश्वत की मांग की थी। नंदन फलोद्यान योजना का लाभार्थी था। लाभार्थी नंदन योजना की स्वीकृत अनुदान राशि मिलने में दुश्वारी आ रही थी। उसने मनरेगा के सहायक लेखा अधिकारी मनीष से संपर्क कर राशि जारी करने की गुहार लगाई। आरोप है कि भुगतान के एवज आठ प्रतिशत कमीशन की मांग लाभार्थी से की गई। लाभार्थी नंदन ने रिश्वत मांगे जाने की शिकायत ईओडब्ल्यू से की। ईओडब्ल्यू ने शिकायत का सत्यापन कराया। सत्यापन में लाभार्थी की शिकायत सही पाई गई।

मनरेगा अधिकारी को पकड़ने के लिए जाल बिछाया गया। योजना के तहत शिकायतकर्ता मनीष को रिश्वत की रकम देने पहुंचा। घात लगाए बैठी ईओडब्ल्यू की टीम ने मनीष को रिश्वत की रकम लेते गिरफ्तार कर लिया। रिश्वतखोरी के मामले में कार्रवाई से हड़कंप मच गया। डीएसपी अमित बट्टी ने बताया कि मनरेगा अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# 'मुझे गवर्नर पद देना मेरे मुंह पर ताला लगाने जैसा होगा'

### राज्यपाल बनाए जाने की चर्चा पर एनसीपी नेता छगन भुजबल का बड़ा बयान



मुंबई, 1 फरवरी (एजेंसियां)। एनसीपी के सीनियर नेता छगन भुजबल ने कहा कि मुझे किसी राज्य का राज्यपाल बनाना मेरे मुंह पर ताला लगाने जैसा होगा। मेरा काम समाज के गरीब और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए लड़ना है। उन्होंने तेलगी स्टांप पेपर घोटाले में कुछ आरोप सामने आने पर जल्दबाजी में उनका इस्तीफा मांगने के लिए शरद पवार पर भी हमला किया। साथ ही छगन भुजबल ने देवेंद्र फडणवीस सरकार में मंत्री नहीं बनाए जाने पर सार्वजनिक रूप से नाराजगी व्यक्त है। छगन भुजबल ने एक शैक्षणिक संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कहा कि मुझे राज्यपाल का पद देना मेरे मुंह पर ताला लगाने जैसा है। मैं राज्यपाल के रूप में क्या करूंगा? मेरा काम गरीब और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए लड़ना है। क्या मैं राज्यपाल बनने के बाद उस लड़ाई को जारी रख पाऊंगा? भुजबल ने स्पष्ट किया कि वह राज्यपाल के पद का अनादर नहीं कर रहे हैं।

**गवर्नर पद पर क्या बोले भुजबल?**

उन्होंने कहा कि गवर्नर का पद लेने से वह ओबीसी और अन्य समुदायों के अधिकारों और आरक्षण के लिए काम नहीं कर पाएंगे। वहीं जब उनसे पूछा गया कि वह बीजेपी के साथ गठबंधन करते हुए फुले-शाहू-अंबेडकर की विचारधारा को कैसे बनाए रखने की योजना बना रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि इस विचारधारा को अब व्यापक रूप से अपनाया गया है।

**बीजेपी के साथ आने पर क्या बोले?**

शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में (जून 2022 और नवंबर 2024 के बीच), अजित पवार के महायुति में शामिल होने से पहले ही (जुलाई 2023 में) मैंने (तत्कालीन डिप्टी सीएम) देवेंद्र फडणवीस से मंत्रालय में महात्मा फुले और सावित्रीबाई फुले के चित्र लगाने का अनुरोध किया था। उन्होंने तुरंत इस पर कार्रवाई की। भुजबल ने बताया कि भिड़े वाडा में (फुले) स्मारक परियोजना भी अमल में आई। अगर लोग मेरी बात सुनते हैं और मेरी मांगों को पूरा करते हैं, तो मुझे उनके (बीजेपी) साथ काम करने में कोई समस्या नहीं है। उन्होंने सवाल किया कि अगर वे ओबीसी का समर्थन करते हैं और फुले, शाहू और अंबेडकर के दिखाए रास्ते पर चलते हैं, तो मुझे उनके साथ काम करने में कोई समस्या क्यों होनी चाहिए? तेलगी घोटाले के बाद उपमुख्यमंत्री के पद से उनके इस्तीफे के बारे में पूछे जाने पर भुजबल ने कहा कि उन्होंने गृह मंत्री के रूप में पूरे मामले को उजागर किया और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ मकोका लगाया। मेरे खिलाफ कुछ आरोपों के बाद शरद पवार ने मेरा इस्तीफा मांग लिया। मैंने दो घंटे के भीतर उपमुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया।

**क्लीन चिट मिलने के बाद भी मेरी छवि खराब हुई- भुजबल**

जबकि बाद में मैंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और अनुरोध किया कि मामले की सीबीआई से जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने जांच की और निष्कर्ष निकाला कि घोटाले में मेरी कोई भूमिका नहीं थी। हालांकि, भुजबल ने कहा कि भले ही मैंने इस्तीफा दे दिया और केंद्रीय जांच ब्यूरो की जांच में मुझे क्लीन चिट दे दी गई, लेकिन घोटाला की वजह से अभी भी मेरी छवि प्रभावित होती है।

## मंदसौर में 11वीं की छात्रा की दुर्घटना में मौत, सीएम मोहन यादव ने जताया शोक, आर्थिक मदद का ऐलान

मंदसौर, 1 फरवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले के ग्राम गुर्जर बर्डिया स्थित सीएम राइज स्कूल परिसर में कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा नेहा पर पिता विष्णु माली निवासी गुर्जरबर्डिया बस की चपेट में आ गई। पुलिस के मुताबिक, छात्रा छुट्टी होने के बाद घर जाने के लिए निकल रही थी। इस दौरान स्कूल बस के चालक ने बस को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए नेहा को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल नेहा को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ। मोहन यादव ने इस मामले में दुख जताया है। उन्होंने कहा है कि दुर्घटना में घायल छात्रा को बचाया नहीं जा सका। उन्होंने पीड़ित परिवार को चार लाख रुपए की आर्थिक मदद देने का भी ऐलान किया है। घटना के बाद छात्र के परिजनों ने जमकर आक्रोश व्यक्ति किया सीएसपी सतनाम सिंह ने बताया कि इस मामले में बस चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

# ज्ञान कला और प्रकृति का उत्सव : बसंत पंचमी





अतुल कुमार

हमारे प्रमुख त्यौहारों में एक बसंत पंचमी है . आज के संदर्भों में यह महत्वपूर्ण त्यौहार है क्यों कि नालेज ( ज्ञान ) के संदर्भ में इसकी अधिक महत्ता है . इस दिन ज्ञान ,भाषा ,संगीत कला और हुनर की शक्ति की देवी सरस्वती की पूजा होती है . विद्यार्थियों के लिये सबसे अहम पर्व है क्यों कि शास्त्रानुसार देवी सरस्वती उनकी प्रतिभा और मेहनत के अनुसार उनको सफलता का आशीर्वाद देती हैं . वसंत पंचमी को देवी सरस्वती का जन्मोत्सव माना गया .जिस प्रकार धन और लक्ष्मी की पूजा का महत्व है और जिस तरह शक्ति और विकास की

देवी दुर्गा की पूजा का महत्व है उसी प्रकार विद्या और स्किल की देवी के रूप में देवी सरस्वती का महत्व है . वर्तमान को ज्ञान और तकनालाजी का समय माना गया और इसी आधार पर व्यक्ति और व्यक्तित्व की ज्ञानशीलता को आंका जाता है तब बसंत पंचमी की मौजूदा वक्त में महिमा और बडी दिखायी देती है . राणों के अनुसार आज ही के दिन भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की अतः क्रियेशन, क्रियेट और क्रियेटर के रूप में इसे ज़रूरी पर्व माना गया . कहा भी

गया " सरस्वती महाभागे ,विद्ये कमललोचने / विद्यारूपे विशालाक्षि ,विद्यां देहि नमोस्तुते // अर्थात महाभाज्ञवती , ज्ञानरूपा ,कमल के समान विशाल नेत्र वाली ,ज्ञानदात्री सरस्वती ! मुझे विद्या दो , मैं

आपको श्रद्धामय प्रणाम करता हूं दुनिया को जब आज तकनालाजी रूल कर रही है तब ज्ञान की महत्ता को सभी जानते और समझते हैं . घर घर में शिक्षा के इंपोर्टेंस को जितना आज समझा गया उतना कभी नहीं . पेरेंट्स अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी एजुकेशन दिलवाने के लिये उत्सुक रहते हैं इसके लिये भले ही उनको भारी कीमत चुकानी पडे वह पीछे नहीं हटते . इस

**फीलिंग का ही परिणाम है कि दुनिया में हर क्षेत्र में इंडियन**

इंटेलेक्चुएल्स की तूती बोल रही है . भारतीय अभिभावकों की यह बडी जीत है . किसी ने खूब लिखा कि शिक्षा वह पंख देती है जो किसी भी उंचाई तक उडने की क्षमता रखती है . इंडियन पेरेंट्स ने अपने बच्चों के लिये यही किया और कर रहे हैं . ध्यान रहे ! शिक्षा और बसंत पंचमी एक दूसरे के पर्याय हैं . इस दिन नयी कापी ,कलम ,स्लेट और चाक को खरीदना और उसे देवी सरस्वती के चरणों में अर्पित करने को शुभ माना गया . जानेमाने साहित्यकार सूर्यकांत त्रिपाठी निराला ने अपनी सरस्वती वंदना कविता में यूं ही नहीं लिखा कि " हे मां हमारे ह्रदय में अंधकार की बेडियों को तोड दो और प्रकाश ( ज्ञान ) की नदी को बहने दो जिससे अज्ञानता का अंधेरा खत्म हो सके " तेजस्वी सरस्वती अज्ञान और तमस को दूर करती हैं . किसानों के लिये फसलों की कटाई के वास्ते तैयारी

**का प्रतीक है .पीले सरसों के फूल पूरी तरह से खिल चुके होते हैं**

और अपनी चमक दमक के साथ ह्यूमन फीलिंग्स को पासिटिविटी में तब्दील करते है अतः अवसर पर पीले कपडे पहनने , पीले चावल बनाने का रिवाज़ है जो शुभ्रता का द्योतक है. वसंत को सभी " ऋतुओं के राजा " के रूप में माना गया . सर्दियों में न केवल ठंड से राहत देता है बल्कि जीवन में प्रकाश ,ऊर्जा ,समृद्धि , शांति और ज्ञान को प्रदान करता है . इसलिये इस दिन नये उद्यम शुरु करने को शुभ समय माना गया. विवाह के लिये ,घर खरीदने ,नयी वस्तु को लेने

**और नौकरी शुरु करने को शुभ वक्त माना गया .**

किंवदंती के अनुसार विद्योतमा नाम की एक असाधारण बुद्धिमान राजकुमारी थी जिसने शास्त्रार्थ में कई नामी विद्वानों और बुद्धिमानों को पराजित किया . विवाह का समय आया तब उसने घोषणा की कि वह केवल उसी व्यक्ति से विवाह करेगी जो उससे अधिक योग्य होगा . ईर्ष्यावश सभी विद्वानों ने मिल तय किया कि राजकुमारी को सबक सिखाने के लिये उनका विवाह किसी ऐसे व्यक्ति से करवाया जाए जो सबसे मूर्ख हो . इसकी तलाश शुरु हुई , कुछ दिनों बाद उनको एक ऐसा मूर्ख व्यक्ति मिला जो पेड की जिस शाखा पर बैठा था उसी को काट रहा था उसे पंडितों ने अत्यंत विद्वान ऋषि के रूप में राजकुमारी के सामने पेश किया और उससे विवाह करने के लिये उनको मना लिया. बहकावे में आ राजकुमारी शीघ्र विवाह के लिये मान गयीं विद्योतमा को पता चला कि कालिदास वह ज्ञानी व्यक्ति नहीं जैसा समझती थीं .तब उसने उनको महल से निकाल दिया इससे निराश ,हताश और शर्मिंदा कालिदास ने अपना जीवन समाप्त करने का निश्चय किया लेकिन देवी सरस्वती ने उसे ऐसा करने से रोक दिया और पास की नदी में डुबकी लगाने का निर्देश दिया इसका पालन करते हुए उन्होंने नदी में अपने को डुबोया जब बाहर आये तो वह पुराने कालिदास नहीं थे .वह अविश्वसनीय बुद्धि और ज्ञान से संपन्न थे और प्रसिद्ध कवि और

नाटककार हुए जिन्होंने " अभिज्ञान शाकुंतलम " " मेघ दूतम " " कुमारसंभवम " और " रघुवंशम " आदि ऐतिहासिक कृतियां लिख विश्व वांगमय में अपनी श्रेष्ठता को साबित किया . इसलिये लोग देवी सरस्वती से प्रार्थना करते हैं कि हमारी अज्ञानता को वैसे ही दूर करें जैसे कालिदास की नासमझी को दूर किया और बुद्धिमत्ता को प्रदान करें . वसंत ऋतु पंच तत्व के सुंदर और मोहक रूप को प्रदर्शित करती है आकाश सुहावना होता है , अग्नि ( सूर्य ) ठंड से राहत देती है, जल दूध की तरह सुखदाता होता है , वायु का प्रवाह शीतलयुक्त होता है . और धरती पीले रंग के सरसों और लहलहाती फसलों से अपने सौंदर्य को

बिखेरती है जिससे मतवाला माहौल रहता है .इस ऋतु में सात रागों में से पंचम स्वर ( वसंत राग ) में गायन से वसंत की पूजा होती है . इसलिये इसे मदन महोत्सव भी कहा गया .इसी ऋतु के दौरान दो बडे पर्व आते हैं " महाशिव रात्रि " और " होली " .शास्त्रानुसार जब भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की तब संसार बिल्कुल मौन था ,इसमें नीरसता थी लेकिन बसंत पंचमी के दिन जब देवी सरस्वती प्रकट हुईं तो उन्होंने सबसे पहले वीणा के तार छेडे तार छेडते ही संसार के जीव जंतुओं में वाणी आ गयी वेद मंत्र ग़ूंज उठे इसके बाद भगवान कृष्ण ने देवी सरस्वती को वरदान दिया कि आज का ये दिन आपको समर्पित

होगा आप ज्ञान ,वाणी और संगीत की देवी कहलाएंगी . बसंत पंचमी ज्ञान और कला की देवी का दिन है . साइंटीफिक रूप से भी इसे इंपौर्टेंट माना गया .पीला रंग उत्साह जगाता है और मस्तिष्क को सकृय रखता है . यह रंग मन को मज़बूत बनाता है , नर्वस सिस्टम को प्रभावशाली बनाता है मानसिक तनाव को भी दूर रखता है .पीले रंग के फूलों की तो जैसे बहार आ जाती है . लिली,बाला

. विंटर चमेली , जेस्मीन जैसे फूलों की बहार आती है . पीला रंग मां शारदा को पसंद होने के कारण उन्हें पीले चावल अक्षत के रूप में चढाये जाते हैं . इस ऋतु पर फिल्मी गीत भी लिखे गये जैसे " ओ बसंती पवन पागल " ( फिल्म : जिस देश में गंगा बहती है) . कवियों ,शायरों और गीतकारों की भावनाओं के लिये इस ऋतु के विविध रूपों पर कहने को बहुत कुछ है .प्रसिद्ध कवि सोहन लाल द्विवेदी ने सुंदर लिखा " आया वसंत आया वसंत / छाई जग में शोभा अनंत / सरसों खेतों में उठे फूल /बौरें आमों में उठीं झूल / बेलों में फूले नये फूल // . यही वसंत का सौंदर्य है जिसमें मां बुद्धिदात्री की आराधना और प्रकृति के अनुपम रूप का वास है .

# काव्य कुंज

## नशा - एक अभिशाप है



गजानन पाण्डेय

बच्चों की खुशियां,
सुहागनों के सिंदूर का
तू इससे न दोस्ती कर
ज़िंदगी से प्यार कर ।
नशा - ज़हर है
तू इस पर एतबार कर
नशे की लत से,
युवाओं को बचाना है
नशामुक्ति का अभियान चलाना है ।
हमारा एक है नारा ,
नशामुक्त हो समाज हमारा ।

## वरदान



कुमुद बाला, हैदराबाद

वरदहस्त हो शीश पे सबके
ऐसा वरदान दीजिए माता
शिक्षा विश्व में फले और फूले
ऐसी पहचान दीजिए माता
ज्ञान की वीणा आपके
हाथों में सुशोभित हो रही है
गूँज ज्ञान की धीरे-धीरे तरंगें
हम तक पहुँच रही है
जलाके शिक्षा का दीपक हर्षित मन में उजियारा भर दें
सुशोभित नवज्ञान प्रकाश से वाणी हम तक पहुँच रही है
इस पावन ज्योति को संसार में नवीन उड़ान दीजिए माता
वरदहस्त हो शीश पे सबके ऐसा वरदान दीजिए माता
शिक्षा विश्व में फले और फूले ऐसी पहचान दीजिए माता
शिक्षा से बढ़कर जगत में ऐसा कोई भी हथियार नहीं
शिक्षा के मंदिर में बंद हो ऐसा कोई बेबस द्वार नहीं
शिक्षा का दीप जला जिस घर में नवल स्वर्ग वहीं लहराया
शिक्षा से वंचित हाथों में मनु होता कोई अधिकार नहीं
जग में सबको शिक्षित करने का अब आह्वान कीजिये माता
वरदहस्त हो शीश पे सबके ऐसा वरदान दीजिए माता
शिक्षा विश्व में फले और फूले ऐसी पहचान दीजिए माता
हर बच्चे की जिह्वा पर माता बस होवे आप ही का वास
अनुशासन,अनुशीलन,अनुराग संग हो नम्रता का भी वास
हर मात - पिता और गुरू पे अपने श्रद्धा और सम्मान हो
अनुभूति के दर्पण में माता हो करुणा - धैर्य का वास
वात्सल्य की मूरत बन स्नेह- ध्यान को प्राण दीजिये माता।

## ये बोझ क्यों धरू...!



संजय एम. तराणेकर, इंदौर

तुम्हारी संवेदना लेकर क्या करूँ ?
मैं अपने मन पे ये बोझ क्यों धरू।
कोशिश करता हूँ अकेला ही चलू,
किसी का साथ लेकर क्या? करूँ।
क्यों? मुसीबत में उसे भी डाल दूँ,
स्वयं के भोग है, खुद ही भोग लूँ।
तुम्हारी संवेदना लेकर क्या करूँ ?
मैं अपने मन पे ये बोझ क्यों धरू।
इन दुःखों का पिटारा हैं तेरा-मेरा,
मेरा कुछ ज्यादा, तेरा है कुछ कम।
जिंदगी जीना अब हो रहा है दुर्गम,
तू और मैं आजाद ये गाड़ी निर्गम।
तुम्हारी संवेदना लेकर क्या करूँ ?
मैं अपने मन पे ये बोझ क्यों धरू।
तुम न छलकाओं आँसूओं के बांध,
मैं इन्हें देखकर हो जाता भयाक्रांत।
शब्दों से तुम्हें क्या? दूँ मैं सांत्वना,
हम तो असीमित कर चुके मंत्रणा।

## सदा स्वदेशी सभ्यता अपनायेंगे



रमेश गायकवाड रागा, हैदराबाद

देश की सभ्यता खोने नहीं देंगे
इतिहास के पन्ने भूलने नहीं देंगे
फिर से वीरगाथाओं को दोहराएंगे
फिरसे राष्ट्रीय गुलशन खिलाएंगे
आध्यात्मिक के आड भ्रष्टाचार पलने
नहीं देंगे
धोखा अत्याचार कदम कदम पर बढ़ने
नहीं देंगे
प्रगति के नाम मानव ममता खदेड़
नहीं देंगे
कदम कदम पर जीवन मरोड़ने
नहीं देंगे
न्याय धर्म नीति को कायम रखेंगे
राजनीति में नतमस्तक होने नहीं देंगे
इन्सानों के बीच घृणा भरने नहीं देंगे
धर्म ग्रंथों के अमूल्य पाठ मिटने नहीं देंगे
विदेशी फैशन के नाम संस्कारों को
तोड़ने नहीं देंगे
षड्यंत्र राजनीति का चलने नहीं देंगे
स्वदेशी सभ्यता नारित्व गौरव मिटने
नहीं देंगे
तपोवन है यह भारत विश्व सरताज का
मान घटने नहीं देंगे
आओ सारे नाद और कंठ एक कर जायेंगे
जिससे हुई आज़ादी हमें हम वो गीत गाएंगे
ऐतिहासिक के गाथाओं को हम सदा सजाएंगे
विश्व में भारत का सम्मान अवश्य बढ़ाएंगे।।

## इम्तिहान



हंशिता, सुतापल्ली

हर कोई देता है इम्तिहान
दिया था मैया सीता ने अपनी शिद्दत का
दिया था देवी राधा ने अपनी मोहब्बत का
दिया था सखी द्रौपदी ने अपने सतित्व का
दिया था भक्त प्रहलाद ने अपनी भक्ति का
दिया था राजा हरिश्चन्द्र ने अपने स्वधर्म का
दिया था मर्यादापुरुषोत्तम श्री राम ने अपनी मर्यादा का
दिया था पुण्यश्री सावित्री ने अपने हठ का
सफलता या असफलता कौन जानें, या खुदा
बच्चे देते है अपने ज्ञान का
बड़े देते है अपने फैसलों का
बूढ़े देते है अपनी उमर का
अगर सफलता प्राप्त होगी
बेशक खुशी होगी
पर अगर असफलता प्राप्त होगी
तब तुम करोगे क्या..?
क्या तुम छोड़ोगे तुम्हारा इंम्तिहान ?

## आई फिर बसंत



-बलविंदर सिंह, गुरदासपुर

जन्नत का पहनावा पा कर आई फिर बसंत
जन्न्त का पहनावा पा कर आई फिर बसंत
धरती दुल्हन भांति
सजा कर आई फिर बसंत
खुशबू के अलंकार
सुशेभित तेज़ हवाओं में।
सरस्वती के उत्सव चार
चुफेरे राहों में।
वनस्पति के बीच
नहा कर आई फिर बसंत।
जन्न्त का पहनावा
पा कर आई फिर बसंत।
अठखेलियों के मनमौजी दृश्य-दर्शन ले कर।
मौसम परिवर्तन वाले मीठे अर्पण ले कर।
निर्मलता का संतोष उठा कर आई फिर बसंत।
जन्न्त का पहनावा पा कर आई फिर बसंत।
फसलों, फूलों के जोबन का बेपरवाह स्वागत।
कुदरत के हस्ताक्षर करके लिख दी है ईबादत।
धूप के साथ छांव नचा कर आई फिर बसंत।
जन्न्त का पहनावा पा कर आई फिर बसंत।
जन्न्त का पहनावा पा कर आई फिर बसंत।
गन्ने का रस, रेवडी, गच्चक, भुग्गा, मूंगफली।
खिचडी, साग, दहीं, मक्खन, घी मिश्री की डली।
ज़ायकेदान त्योहार बना कर आई फिर बसंत।
जन्न्त का पहनावा पा कर आई फिर बसंत।
सांझ की वारिस, ऋतुयों की रानी कहला कर।
अभिवादन करती फुलकारी का घुंघट उठा कर।
चंचलता भीतर शरमा कर आई फिर बसंत।
जन्न्त का पहनावा पा कर आई फिर बसंत।
अम्बर में की है चित्रकारी डोर, पतंगों ने।
एक अलौकिक सुन्दर तोहफा दिया रंगों ने।
खुशियों की उपमा अपना कर आई फिर बसंत।
जन्न्त का पहनावा पा कर आई फिर बसंत।
मानवता की आशा, चरित्र अंगीकार बने।
घर-घर में ही बालम प्यार बने, सत्कार बने।
रंगों-धर्मो को समझा कर आई फिर बसंत।
जन्न्त का पहनावा पा कर आई फिर बसंत।

## एक कदम आकाश में



कमलेश झा

हां एक कदम बड़े आकाश में
नापने अंतरिक्ष की ऊंचाई को।
तीन रंग का अपना प्यारा झंडा
घोष करे भारत की बड़ाई को।।
चंद्रयान का सफल परीक्षण
हौसला बुलंदी का करता आगाज।
अगली कठिन परीक्षा के लिए ईशरो फिर से है तैयार ।
वेद पुराणों के पन्नो पर अंकित है पूर्वजों के कृत्यों का भंडार।
चंद्र नही पूरे अंतरिक्ष पर हमारा हीं था पूरा अधिकार ।।
ब्रह्म लोक में ब्रह्मा जी बैकुंठ बसे त्रिलोक पति।
आदित्य लोक में आदित्य बसेरा सोम पूरी में रोहणी पति।।
सूक्ष्म ज्ञानों का भंडार पड़ा है वेदों के उस पन्नों पर।
कड़ियों को बस जोड़ने की जरूरत आधुनिकता के पन्नो पर।।
धर्म विज्ञान के युगल युग्म से नव इतिहास का होगा निर्माण।
नव कृति का आगाज करेगा आर्यावर्त ये सकल जहान।
अगर मथना हो समंदर फिर से केवल रखना सद पुरुषों को साथ।
अमृत विष का निपटारा करना अपनी सूझ बूझ के साथ ।।
हलाहल का कर्कस स्वर मत फैलाना समाज में आज।
नीलकंठ अब न आयेंगे हलाहाल का निपटारा करने आप।।
इस सावन के पुण्य माह में औघरदानी बैठे कैलाश।
आम जन बस आश लगाए आ जाओ कैलाशी आप।।

## प्रजातंत्र का तंत्र



प्रियंका सौरभ

भारत के गणतंत्र की, ये कैसी है शान।
भूखे को रोटी नहीं,बेघर को पहचान।।
सब धर्मों के मान की,बात लगे इतिहास।
एक-दूजे को काटते,ये कैसा परिहास।।
प्रजातंत्र का तंत्र अब,लिए खून का रंग।
धरम-जात के नाम पर,छिड़ती देखो जंग।।
पहले जैसे कहाँ रहे,संविधान के मीत।
न्यारा-न्यारा गा रहा,हर कोई अब गीत।।
विश्व पटल पर था कभी भारत का सम्मान।
लोभी नेता देश के, लूट रहे वह मान।।
रग-रग में पानी हुआ,सोये सारे वीर।
कौन हरे अब देश में भारत माँ की पीर।।
मुरझाये से अब लगे, उत्थानो के फूल।
बिखरे है हर राह में, बस शूल ही शूल।।
आये दिन ही बढ़ रहा, देखो भ्रष्टाचार।
वैद्य ही जब लूटते, करे कौन उपचार।।
कैसे जागे चेतना,कैसे हो उद्घोष।
कर्णधार ही देश के, लेटे हो बेहोश।।

## कुसुमाकर



गीता अग्रवाल हैदराबाद

स्वर्ग से सुंदर धरा मनोहर,
दुल्हन सी गई सज धरती।
सक्रियता से भर गया सरोवर ,
जब धरा यौवन भरती ।।
टिमटिम तारों के मध्य
मृगांक की धवल उजियार रात ,
मन नयनों से दूर से देखा
क्षितिज कुसुमाकर आज,
वातायन से झांककर देखा,पुष्पित सुगंधित दृश्य आज
मन मष्तिष्क में सुखद फुलवारी,रग रग में महक भरती।
स्वर्ग से सुंदर धरा मनोहर,दुल्हन सी सज गई धरती।।
रंग बिरंगे पुष्पों पे गुनगुन करते नटखट भँवरे,
छूती हवाएं पल्लव को,तितलियों के अदभुद नखरे,
तलैया जल लहरों में भेका की फुदक फुदक हलचलें
सूर्य लालिमा प्रतिबिंब निराले,ताल की रौनक बढ़ती।
स्वर्ग से सुंदर धरा मनोहर,दुल्हन सी सज गई धरती।।
वृक्षों पर सुशोभित कलकंठ के गूंजते मधुर स्वर
मयूर नृत्य छवि मनोहर ,जलधर बरसे बनकर लहर,
सतरंगी इन्द्रधनुषी बगिया ,स्वर्ग से सुंदर जीवन सफर
उड़ते विहंग, मौसम तरुणाई,कुदरत मेहरबानी बरसती ।
स्वर्ग से सुंदर धरा मनोहर,दुल्हन सी सज गई धरती।।
कुसुमित रहे हर वसंत,ह्रदय की यही अभिलाषा,
मकरंद से भरपूर वाटिका,मधुप की पूरी पिपासा,
अन्दर से बाहर तक मन रहे सदा हर्षित प्रसन्नचित,
ऋतुराज की कथा निराली,रस बरसा रही प्रकृति।
स्वर्ग से सुंदर धरा मनोहर,दुल्हन सी सज गई धरती।

## माँ सरस्वती



डॉ.प्रतिमा सिंह हैदराबाद

शुभ्र वदना, शुभ्रवसना शुभ्र हँसवहिनी,
शुभ्र सुमन, शुभ्र माला, शुभ्र पद्मासिनी ।
जयति जय जय माँ सरस्वती
जयति मंगलकारिणी।
भ्रमित काया, भ्रमित मनसा,
भ्रमित यह संसार है,
अज्ञानता से भरा है यह जग, जड़ता का साम्राज्य है ।
कृतित्व अकृतित्व का नहीं किसी को एहसास है,
ईर्ष्या द्वेष रुपी कंटक को हटाकर,
प्रेम की फुलवारी लगा दो माँ ।
जयति जय जय माँ सरस्वती जयति वीणा वादिनी
ज्ञान की सरिता बहा दो तुम हो बुद्धि दाहिनी ।
जयति जय जय माँ सरस्वती जयति शुभ वरदायिनी।।

## आल्हादित है मन बसंत



डॉ शोभा भंडारी हैदराबाद

पाकर मां का अंक और आंचल,
नन्हा बालक होता रोमांचित,
ज्यूं सूर्य देव रश्मि किरणों से,
पृथ्वी क्रोड़ को करें प्रफुल्लित।
वहीं नील गगन के पार्श्व में रहकर,
होता मयंक चहुंओर उल्लसित।
सृष्टि मां के गर्भ में पल्लवित,
होता इक इक बीज प्रस्फुटित।
हर्षाते लहराते पर्ण और पुष्प,
हरियाली बिखराते तृणमूल।
हर ज्योतिपुंज हो रहा पुलकित,
मां सरस्वती के वीणा स्वर हैं मुखरित।
है हर कण-कण आल्हादित,
आल्हादित है हर मन बसंत।
हे मनु पुत्र,हे मनुज बुद्धिवान,
हो भाग्यशाली, हो पुण्यवान,
हो सब जीवों में श्रेष्ठवान,
बिखरादो तृण-तृण में मुस्कान,
वरदहस्त से कर दो पुण्यदान।
हो हर क्षण,हर कण आल्हादित,
हो हर मन पर बसंत आच्छादित,
बने ये सृष्टि दैदीप्यमान।।

## मेरे मन का बसन्त



रेणुका अग्रवाल हैदराबाद

सबके मन का बसन्त।
जिसका न होगा अन्त।
जिस्म मर जायेगा लेकिन,
रूह में प्यार रहेगा अनन्त।
मन की अठखेलियां।
पिया के संग ही भाती है।
जो कभी न खत्म होने हेतु,फ़िर से जन्म ले आती है।
ऋतुएं जा जा वापस आती है।
पिया की सूरत मन रह जाती है।
समय जब यौवन में चढ़ता है।
मन को ऋतु बसंत सुहाती है।
मन का बसन्त न सूखेगा कभी।
उम्र चाहे साठ पार कर जायेगी।
पिया के संग तन और मन भी,
मन कोबूंदों सी नाच नचाएं गी।
रंगों का त्यौहार,शिवरात्रि बसंत में ही आती है।
बसंत पंचमी आकर ही, मां शारदे को पूजवाती है।
बसंत ऋतु में न ठंडी न गर्मी।
प्रिय सुहाना मौसम होता है।
रंग बिरंगी पुष्पों से चमन भी,
हवा संग मिल सुगंध फैलाता है।।

## ऐ कलम...



दर्शन सिंह हैदराबाद

यों तो तू बहुत दूर है मुझसे
फिर भी दिल के बहुत करीब है मुझसे
बहुत रूठी हुई होगी तू मुझसे
मीलों का फासला जो बना लिया मुझसे
क्या कहा जाए,चलो तुम जीते मैं हारा
विपरीत परिस्थितियों ने तूफान मचाया है
ऐ कलम जरा रुक कर चल,गजब का मुकाम आया है
थोड़ी देर ठहर जा,उसे दर्द ना हो
तेरी नोक के नीचे उसका नाम आया है
मेरे शहर से तेरे शहर के बीच की दूरी में
मेरी नींद खो गई है कहीं
मेरी रातों में आजकल
मेरी सुबहें खो गई हैं कहीं
जब तलक समझता,उठ कर चल दिए
तनहाई भरी रातें,कोहराम मचाया है
ऐ कलम...
जिस्म को मनाही है तेरी सनासाई की
ख्वाबों में आना जाना तेरा अभी बाकी है
जो ज़ख्म जिस्मी थे वो सब सुख गए
आहों का रुकना अभी तलक बाकी है
कहां तक चलता,थक सा गया हूं
सावन, भीनी फुहारें,
लेकिन बदनसीबी का साया है ऐ कलम...

## आसान नहीं हैं...s



डॉ डी डी देसाई

आसान नहीं हैं.. घर गृहस्ती चलाना।
कई बार टूट के बिखरा हूँ...
वक्त के थपेड़ों से जलभुना हूँ।
संभला हूँ...तिनके के सहारे,
जरुरी था...इरादे मजबूत बनाना....
आसान नहीं हैं.. घर गृहस्ती चलाना।
आसान नहीं हैं...बेटा बनना
माँ बाप की उम्मीदों पर खरा उतरा हूँ
आपातकालीन स्थिति में भी स्थिर रहा हूँ।
माँ बाप के संस्कार ही तो हैं...
जो मतलबी दुनिया में भी निस्वार्थ खड़ा हूँ।
जरुरी था...स्वार्थ को समूल नष्ट करना...
आसान नहीं हैं...घर गृहस्ती चलाना।
आसान नहीं हैं.... किसी का पति बनना....
बिना शर्त खुद को बदला हूँ..
कभी सहा..... कभी गरमाया भी हूँ।
अपनी ख्वाहिशों का घोंट कर गला...
उसकी हर इच्छा को पूर्ण किया हूँ।
पराये घर की बेटी को अपने घर सा महसूस कराना।
आसान नहीं हैं.... घर गृहस्ती चलाना।
आसान नहीं हैं..... सबको खुश रखना..
हर उस दर्द से गुजरना पड़ता हैं....
जो मेरा हैं ही नहीं...उसे भी सहना पड़ता हैं।
हर कर्म.. हर धर्म निभाना पड़ता हैं,
पीड़ा में भी हँसी ख़ुशी अश्कों को पीना पड़ता हैं।
जरुरी था....... समन्वय बनाये रखना...
आसान नहीं हैं.. घर गृहस्ती चलाना।

## महाकुंभ



प्रभुनाथ शुक्ल

महाकुंभ के अमृत जल में
भाव-भक्ति और दर्शन है डूबा
फिर सौंदर्यबोध की कस्तूरी में
चंचल मन जाने यह क्यों डूबा
काया का कलुष मिटाती गंगा
यम से भी लड़ती हैं यमुना माता
जीवन का सार तत्व हैं सरस्वती
संतो की वाणी सा निर्मल है संगम
कुंभ के मुख में बसते हैं श्री विष्णु
ग्रीवा में बिराजते हैं रूद्र अवतार
आधार भाग में बसते हैं ब्रह्मा जी
मध्यभाग में देवियों का निवास
कलुष कर्म की गठरी तू है सिर धारे
तेरा मनवा क्या खोज रहा है प्यारे
भाव-भक्ति और दर्शन को तू छोड़
नश्वर काया के पीछे तू सिरफोड़
त्रिवेणी में झूठी मोक्ष की डुबकी
शांत न होती तेरे मन की फिरकी
संयम खोती संत-असंत की वाणी
मोक्ष के चाहत की तेरी यह नादानी
ज्ञान-वैराग्य की गठरी ना खोली
झूठ का चंदन और अक्षत-रोली
मालावाली बाला की सौ की फेरी
मोना का साया बस तेरी हमजोली ।।

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA, Publications, Ltd,
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

# सिखों के निर्मल अखाड़े में नागा नहीं जा सकते

कुंभ में अखाड़ा, सोचते ही आंखों के सामने भभूत मले नागा, हठयोगी संत साधुओं की तस्वीरें सामने आने लगती हैं। श्री पंचायती निर्मल अखाड़ा दूसरे अखाड़ों से बिल्कुल अलग है। यहां नागा और साधुओं के अखाड़े के अंदर घुसने पर भी पाबंदी है। इस अखाड़े में किसी भी तरह का नशा नहीं होता है। यहां न तो धूनी जलती है और न शरीर पर भस्म या भभूत लगाई जाती है। इस अखाड़े के साधु शरीर वस्त्र से ढंककर रखते हैं, उन्हें तपस्वी कहा जाता है। शैव और वैष्णव अखाड़ों में बाल मुंडवाकर संन्यासी होने की दीक्षा मिलती है, जबकि निर्मल अखाड़े में केश रखना और पगड़ी बांधना जरूरी है। निर्मल अखाड़े के अंदर जा पाना भी आसान नहीं है। किसी तरह से अखाड़े में एक दिन प्रवेश मिला। अखाड़े के बाहर ही धर्म ध्वजा लगी है। जबकि शैव अखाड़ों में धर्म ध्वजा ठीक अखाड़े के बीचों-बीच होती है। अंदर हॉल में सिंहासन पर विराजमान गुरु ग्रंथ साहिब हैं। ग्रंथी, गुरुवाणी का पाठ कर रहे हैं। अखाड़े के हर टेंट में गुरु ग्रंथ साहिब विराजमान हैं।
जिस जगह यह पाठ हो रहा है उसे गुरुद्वारे जैसा ही बनाया और सजाया गया है। बाहर गेट पर लाइट्स और फूलों की सुंदर डेकोरेशन है। ग्रंथियों के बगल में एक बड़ा सा बोर्ड लगा हुआ है, जिस पर एक तरफ गुरु नानक देव और दूसरी ओर गुरु गोबिंद सिंह की तस्वीर है।
बोर्ड पर पंजाबी में लिखा है, 'मारेया सिक्का, जगति विचि, नानक निर्मल पंथ चलाइया' यानी गुरु नानक देव ने निर्मल पंथ चलाकर अनोखा काम कर दिखाया। इस बोर्ड के सामने स्टेज पर तबला और हारमोनियम जैसे वाद्य यंत्र रखे हैं।
अखाड़े में जिस ओर देखो सिख ही दिखाई देते हैं। कुर्ता-पायजामा या फिर नीले रंग के बाने में। कुछ सिखों ने गेरुआ भी पहन रखा है और माथे पर चंदन लगाया हुआ है। इस अस्थाई गुरुद्वारे के बगल में निर्मल पीठाधीश्वर श्रीमहंत स्वामी ज्ञानदेव सिंह महाराज का ऑफिस है। इस वक्त उनसे मिलने के लिए भाजपा नेता साक्षी महाराज आए हुए हैं, वे इस अखाड़े के महामंडलेश्वर भी हैं।
इस अखाड़े की व्यवस्था को सचिव महंत देवेंद्र सिंह शास्त्री, कोठारी महंत जसविंदर सिंह शास्त्री, मुखिया महंत लक्ष्मण सिंह और महंत ज्ञान सिंह चलाते हैं। मुखिया महंत लक्ष्मण सिंह के अनुसार निर्मल अखाड़े के संत और संगत गुरुद्वारे भी जाती है और सनातन को भी मानती है। अखाड़े में कृपाण धारी सिख भी आते हैं। यहां आने वाले किसी भी सिख के लिए जरूरी है कि वो केश रखे। इसके अलावा यहां सिख धर्म से जुड़ी दूसरी निशानियां जरूरी नहीं हैं। निर्मल अखाड़े में किसी भी जाति के लोग प्रवेश पा सकते हैं। बस उसके संस्कार अच्छे होने चाहिए। इनके लिए पांच ककार जिन्हें केश, कड़ा, कच्छा, कृपाण, कंघी कहा जाता है, ये जरूरी हैं। अखाड़े के कोठारी जसविंदर सिंह शास्त्री बताते हैं कि निर्मल अखाड़े में अगर कोई नशा करता हुआ पाया गया तो उसे निष्कासित कर दिया जाता है। केश रखना जरूरी है। कुंभ के बाद सभी संत अपने आश्रम, मंदिर या कुटिया में चले जाते हैं। निर्मल अखाड़े में संतों का एक ऐसा भी समूह होता है जो हमेशा चलता रहता है। हमारी अचल संपत्ति से आय होती है। चढ़ावा भी अखाड़े की आय का जरिया है।
13 अखाड़ों में से एक निर्मल अखाड़े की खास परंपरा है। यहां महंत, कोठारी, संत समेत अन्य प्रमुख पदों की जिम्मेदारी उन्हीं तपस्वियों को दी जाती है, जिनके पास शास्त्री और ज्ञानी दोनों की डिग्री हो। संस्कृत में न्यूनतम शाखी और गुरु ग्रंथ साहिब, दसम ग्रंथ आदि का अच्छा ज्ञान रखने वाले ज्ञानी ही कोर टीम में शामिल किए जाते हैं। इसकी वजह ये है कि इस अखाड़े की स्थापना का इतिहास ही अध्ययन-अध्यापन से जुड़ा है।

## न पिंडदान, न संन्यासी की दीक्षा साक्षी महाराज भी यहीं के संत



नानकपंथी परंपरा के तीन अखाड़ों में से एक श्री पंचायती निर्मल अखाड़ा की स्थापना वैसे तो 1862 में पटियाला में हुई, लेकिन निर्मल संप्रदाय की नींव स्वयं गुरु नानक देव ने 1564 में रखी थी। भाई भागीरथ की कठिन तपस्या से प्रसन्न होकर गुरु नानक देव ने उन्हें मूल मंत्र का उपदेश और निर्मल वस्त्र भेंट किए थे। अखाड़े से जुड़े अनुयायी सिख धर्म के सभी 10 गुरुओं और गुरु ग्रंथ साहिब को अपना इष्ट मानते हैं।

**कुंभ में आता है संतों का जखीरा**

दूसरे अखाड़े जब मेला क्षेत्र स्थित शिविर में जाते हैं तो उसे छावनी प्रवेश या पेशवाई कहते हैं। वहीं, निर्मल अखाड़ा के संत-महंत जब अपने सामान ट्रक-ट्रैक्टर पर रखकर प्रवेश करते हैं तो इसे जखीरा कहा जाता है। सचिव महंत देवेंद्र शास्त्री बताते हैं कि हमारा अखाड़ा सनातनी है। इसकी स्थापना गुरु नानक देव जी ने की और गोबिंद सिंह ने इसे धार दी। 1686 में गुरु गोबिंद सिंह ने पांच सिखों बीर सिंह, गैंदा सिंह, करम सिंह, राम सिंह और सैना सिंह को वाराणसी में संस्कृत और शास्त्रों का अध्ययन करने भेजा था।
वहां के पंडितों ने इन्हें शिक्षा देने से ये कहते हुए मना कर दिया कि ये लोग ब्राह्मण नहीं हैं। इसलिए, इन्हें वेदों की शिक्षा नहीं दी जा सकती। पांचों ने वापस आकर ये बात गुरु गोबिंद सिंह को बताई। इसके बाद गुरुदेव ने पांचों को गेरुआ वस्त्र पहनाकर साधु की उपाधि दी।
वाराणसी के पंडितों को संदेश भिजवाया गया कि साधु की कोई जाति नहीं होती है, अब आप इन्हें हिंदू धर्म के शास्त्रों की शिक्षा दें। उन्होंने 13 साल तक काशी में रहकर वेद, वेदांग, शास्त्र, पुराण, इतिहास का अध्ययन किया। कहते हैं कि वेदों की शिक्षा लेने के बाद पांचों सिखों ने उन्हीं विद्वानों को शास्त्रार्थ में हरा दिया जिनसे उन्होंने शिक्षा ली थी। जब यह पांचों शिक्षित होकर आनंदपुर साहिब पहुंचे तो इन्हें निर्मल की उपाधि दी गई। कई लोगों का मानना है कि यहीं से निर्मल संप्रदाय की शुरुआत हुई। अखाड़े के पहले श्रीमहंत यानी अध्यक्ष मेहताब सिंह को बनाया गया। इस अखाड़े के तहत बहुत सारे डेरे आते हैं।

**ऐसे मिली 13वें अखाड़े की मान्यता**

18वीं शताब्दी के आखिरी में हरिद्वार में कुंभ का आयोजन हुआ। इसमें निर्मल अखाड़े के संत भी शामिल हुए। निर्मल सम्प्रदाय के संरक्षक राजा साहेब सिंह के नेतृत्व में 10-11 हजार घुड़सवार सिख संतों ने हरिद्वार पहुंचकर स्नान घाटों पर कब्जा कर लिया। बाद में नागा संत स्नान करने आए तो उन्होंने विरोध किया। इससे दोनों ओर से युद्ध शुरू हो गया। भीषण युद्ध में दोनों पक्ष के सैकड़ों संतों की मृत्यु हो गई। बाद में आपसी सहमति व सनातन धर्म की रक्षा का भाव देखते हुए निर्मल अखाड़े को 13वें अखाड़ा के रूप में मान्यता दी गई।
इस अखाड़े से कोई भी ऐसा व्यक्ति जुड़ सकता है, जिसके अंदर तप, सेवा और त्याग की भावना हो। अखाड़े से जोड़ने से पहले उसे सेवा करने के लिए कहा जाता है। उस दौरान अखाड़े के संत देखते हैं कि क्या वह वाकई संत-महात्मा बनने लायक है या नहीं। अखाड़े का माहौल ऐसा है कि यहां वही टिक सकता है जिसके मन में भक्ति का भाव है। जो भी व्यक्ति सांसारिक मोह में रहता है और संसार के कार्यों में लिप्त रहता है उसको अखाड़े में जोड़ने में बहुत समय लगता है।
निर्मल अखाड़े में ब्रह्म मुहूर्त से ही गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ शुरू हो जाता है। संतों के प्रवचन होते हैं। ये परंपरा अखाड़े की स्थापना से लेकर अब तक जारी है। निर्मल अखाड़े की पूरे देश में 30-35 ब्रांच हैं। जब भी कुंभ होता है तो अखाड़े से जुड़े साधुओं और अनुयायियों के ठहरने की व्यवस्था अखाड़े की ओर से ही की जाती है। अखाड़े से जुड़े सभी संतों को सिखाया जाता है कि सभी के साथ समान व्यवहार, हर तरह की परिस्थिति के लिए तैयार रहने वाला व्यक्ति ही असली योगी कहलाता है।

# मधुबनी की खूबसूरती देख फिदा हो गया था ब्रिटिश अफसर

## सीतारमण की साड़ी की कला का है कनेक्शन



निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते समय जो साड़ी पहनी थी उसका बिहार से खास कनेक्शन निकला, तो उसे लेकर और छानबीन शुरू हुई। फिर सामने आया कि ट्रेडिशनल ड्रेप पर हुआ वर्क दरअसल मिथिला चित्रकला से प्रेरित था। सदियों से चली आ रही भारत की इस खास कला को राम-सीता से भी जोड़ा जाता है। ये कला कहां से आई, इसका मौजूदा रूप क्या है आदि जैसी चीजों की पडताल करती रिपोर्ट।
वित्तीय वर्ष 2025-26 को पेश करने पहुंचीं निर्मला सीतारमण सफेद रंग की साड़ी में तैयार नजर आईं। उनका लुक हमेशा की तरह ही क्लासी नजर आया। लेकिन उनसे ज्यादा उनकी साड़ी ने सबका ध्यान खींचा, जिसके साथ एक खास भावना और कहानी जुड़ी थी। इसकी पहली खास बात तो ये थी कि इस परिधान को बिहार की पद्म पुरस्कार विजेता दुलारी देवी ने उन्हें भेंट किया था। इसे पहनकर सामने आना, सीतारमण का उपहार के प्रति सम्मान जताना है। वहीं दूसरी विशेषता ये थी कि इसे सदियों पुरानी चित्रकला की शैली मधुबनी से सजाया गया था। ये वही कला है, जिसे देखने के बाद ब्रिटिश साम्राज्य के दौरान का एक अफसर मंत्रमुग्ध रह गया था। कहा जाता है कि मूलरूप से इस शैली की चित्रकला को सबसे पहले राजा जनक ने बनाने का आदेश दिया था। थोड़ा विस्तार से जानते हैं बिहार की इस विशेष कला के बारे में जिसने दुनियाभर में भारत को खास पहचान दिलाई है।

### कैसे है इसका राम-सीता से संबंध?

मधुबनी चित्रकला को मिथिला चित्रकला के नाम से भी जाना जाता है। इस पारंपरिक कला की शैली की उत्पत्ती बिहार के मिथिला क्षेत्र में हुई थी। कहा जाता है कि माता सीता और श्री राम के विवाह के समय राजा जनक ने महिला कलाकारों को रस्मों को चित्र के रूप में उकेरने का कार्यभार सौंपा था। इस चित्रकला की शैली मधुबनी ही थी।
सैंकड़ों वर्षों तक एक क्षेत्र विशेष की पहचान रहने वाली इस कला की आधुनिक समय में खोज 1934 में विलियम जी. आर्चर ने तब की थी, जब वो एक बड़े भूकंप के बाद क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इसी दौरान उन्हें घरों की अंदर की दीवारों पर ये कला देखने को मिली। कहा जाता है कि इस चित्रकारी को देख वो काफी प्रभावित हुए थे।
इस चित्रकला को पहले सिर्फ दीवारों या फिर मिट्टी पर शुभ अवसरों के दौरान महिलाओं द्वारा बनाया जाता था। यही वजह है कि इन्हें संरक्षित रखना असंभव था। कहा जाता है कि बाद में भारतीय हस्तशिल्प बोर्ड ने महिला कलाकारों से इस कला को कागल, कपड़े और कैनवास पर उकेरना का आग्रह किया। इस बदलाव के बाद समय के साथ पुरुष कलाकार भी मधुबनी चित्रकारी करने के क्षेत्र में ज्यादा दिखने लगे।

### कैसे बनाई जाती है मधुबनी पेंटिंग?

मधुबनी चित्रकला को पारंपरिक रूप से टहनियों, माचिस की तीलियों व उंगलियों से बनाया जाता है। समय के साथ इसके लिए ब्रशों का इस्तेमाल होने लगा। चित्रकला में उपयोग किए जाने वाले रंग पूर्ण रूप से प्राकृतिक होते हैं। इसके लिए गाय के गोबर, कालिख, हल्दी, नील, फूलों व पत्तियों का रस, चंदन, चावल का आटा आदि उपयोग में लाया जाता है।

### चित्रकला में दिखती हैं कहानियां और प्रकृति के रूप

मधुबनी पेंटिंग्स में मुख्य रूप से तांत्रिक, कटचनी, गोदना, भरनी और कोहबर शैलियां दिखती हैं। इनमें लोक कथाओं, किंवदंतियों, महाकाव्यों और पौराणिक कथाओं आदि को चित्र के रूप में उकेरा जाता है। इसके साथ ही इसमें फूलों, पक्षियों, जानवरों और पेड़ों जैसे प्रतीकों के जरिए प्रकृती को दर्शाया जाता है। मौजूदा समय में इस कला में आधुनिक विषयों को भी शामिल किया जाने लगा है। वहीं मधुबनी पेंटिंग वाली साड़ियां की बात करें, तो इन्हें बनाने में बिहार के जितवारपुर, रांटी और रसीदपुर क्षेत्र उल्लेखनीय माने जाते हैं।

# क्यों बजट में छाई रहती है शायरी?



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2019 में नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का जब अपना पहला बजट पेश किया तो उन्होंने खास तरीके से बजट भाषण की शुरुआत की थी। उस वक्त उन्होंने मशहूर शासर मंजूर हाशमी के एक शेर की दो लाइनें पढ़ी, जो इस तरह से है-

**'यकीन हो तो कोई रास्ता निकलता है**
**हवा की ओट लेकर भी चिराग जलता है।'**

इस बार के बजट भाषण की शुरुआत में निर्मला के शेरो-शायरी से किए जाने की उम्मीद थी। मगर, उन्होंने सीधे ही बजट पढ़ना शुरू कर दिया। हालांकि, निर्मला ने 2023 में अपने बजट भाषण में किसी शेरो-शायरी का जिक्र नहीं किया था। संभव है कि निर्मला इस बार बिना किसी लाग-लपेट के अपनी बात लोगों तक पहुंचाना चाहती हैं। निर्मला ने उस वक्त बजट की शुरुआत करते हुए कहा था कि हालिया लोकसभा चुनाव नए भारत के लिए था। इस साल अर्थव्यवस्था 3 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी, जिसे पाने के लिए जनभागीदारी जरूरी है।

**यकीन हो तो कोई रास्ता निकलता है**
**हवा की ओट भी लेकर चिराग जलता है**
**सफर में अब के ये तुम थे कि खुश गुमानी थी**
**यही लगा कि कोई साथ-साथ चलता है**
**गिलाफ-ए-गुल में कभी चांदनी के पर्दे में**
**सुना है भेष बदलकर भी वो निकलता है**
**लिखूं वो नाम तो कागज़ पे फूल खिलते हैं**
**करूं खयाल तो पैकर किसी का ढलता है**
**रावण दावन है उधर ही तमाम खल्क-ए-खुदा**
**वो खुश खिराम जिधर सैर को निकलता है।**

जब मनमोहन ने भी बजट भाषण में पढ़ी थी शायरी
1991-92 में देश के गंभीर रहने वाले वित्त मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह थे, तब उन्होंने बजट भाषण में एक खास शेर पढ़ा था-

**'यूनान-ओ-मिस्त्र-ओ-रोमां सब मिट गए जहां से,**
**अब तक मगर है बाकी नामोनिशां हमारा।'**

अल्लामा इकबाल के तराना-ए-हिन्द से लिए गए इस शेर को पढ़ते ही पूरा सदन तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा था। अगले ही साल यानी 1992-93 के अपने बजट भाषण में एक बार फिर से वित्त मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने शेर का सहारा लेकर विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा था-

**'तारीखों में ऐसे भी मंजर हमने देखे हैं,**
**लम्हों ने खता की थी, और सदियों ने सजा पाई।'**

**जेटली ने शेर पढ़कर पहले बजट की शुरुआत की थी**

साल 2014 में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनी थी। इसके बाद 2015 में तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने बजट भाषण में ये शेर पढ़ा था-

**कुछ तो फूल खिलाए हमने और कुछ फूल खिलाने हैं,**
**मुश्किल ये है बाग में अब तक कांटें कई पुराने हैं।**

साल 2016 में अरुण जेटली ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा था-

**'कश्ती चलाने वालों ने जब हार कर दी पतवार हमें,**
**लहर लहर तूफान मिले और मौज-मौज मझधार हमें**
**फिर भी दिखाया है हमने और फिर ये दिखा देंगे सबको**
**इन हालातों में आता है दरिया करना पार हमें।।'**

साल 2017 में वित्त मंत्री अ्ररुण जेटली का अंदाज-ए-बयां सबका दिल जीत गया था। उन्होंने पढ़ा था-

**'इस मोड़ पर घबराकर न थम जाइए**
**आप जो बात नई उसे अपनाइए**
**आप डरते हैं नई राह पर क्यूं चलने से**
**हम आगे आगे चलते हैं आइए**
**आप नई दुनिया है, नया दौर है, नई है उमंग**
**कुछ थे पहले के तरीके, तो कुछ है आज के रंग ढंग।।**

जब यशवंत सिन्हा ने बजट को तूफान से जोड़ा था
साल 2001-02 में अटल बिहारी वाजपेयी की अगुवाई वाली एनडीए सरकार के कार्यकाल में तत्कालीन वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने बजट पेश करते हुए कहा था-

**तकाजा है वक्त का कि तूफान से जूझो**
**कहां तक चलोगे किनारे-किनारे।।**

**ममता बनर्जी का रेल बजट भाषण और कत्ल की बात**

2011-12 में रेल बजट तत्कालीन रेल मंत्री और बंगाल की मौजूदा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पेश किया था। उस दौरान उन्होंने अपने बजट भाषण में विपक्ष पर निशाना साधते हुए शेर पढ़ा था-

**'हम आह भी भरते हैं तो हो जाते हैं बदनाम**
**वो कत्ल भी करते हैं तो चर्चा नहीं होती।।'**

# कभी पंचर बनाते थे निर्मला ताई के पीछे बैठे मंत्री



वीरेंद्र कुमार खटिक

मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के रहने वाले हैं वीरेंद्र कुमार खटिक। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण देश का बजट पढ़ रही थीं। कैमरे के फ्रेम में उनके पीछे जो मंत्री बैठे दिख रहे थे। अक्सर सादगी की वजह से चर्चा में रहने वाले इन मंत्री का नाम है वीरेंद्र खटीक। वे टीकमगढ़ लोकसभा सीट से सांसद हैं। मोदी सरकार 3.0 में वह सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री के रूप में काम करते हैं।
आठ बार के सांसद वीरेंद्र कुमार खटीक मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में मंत्री बने हैं। उन्हें सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय का भार सौंपा गया है। खटीक टीकमगढ़ से सांसद हैं और अपनी सादगी के लिए जाने जाते हैं। वे 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी पंकज अहिरवार को चार लाख से ज़्यादा वोटों से हराकर जीते थे। यह उनका तीसरा कार्यकाल है जब उन्हें मोदी कैबिनेट में जगह मिली है। इससे पहले वे 2017 में महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री और 2021 में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री रह चुके हैं।

## आज हैं PhD, 8 बार जीत चुके चुनाव

आज भी है पुराना स्कूटर
वीरेंद्र कुमार खटीक अपनी सादगी के लिए जाने जाते हैं। वे आज भी अपने पुराने स्कूटर पर चलते हैं। इस सादगी के कारण वे अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। जनता से जुड़े रहने के लिए वे स्कूटर पर ही क्षेत्र का दौरा करते हैं। लोगों का हाल-चाल पूछते हैं। यही उनकी लोकप्रियता का राज़ है।
सागर यूनिवर्सिटी से की पीएचडी
खटीक का जन्म 27 फरवरी 1954 को सागर जिले के एक गरीब परिवार में हुआ था।
उन्होंने अपनी मेहनत के दम पर सागर विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि हासिल की। पढ़ाई के दौरान उन्हें कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा। पैसे कमाने के लिए उन्होंने साइकिल के पंचर बनाने से लेकर गाड़ियों की मरम्मत तक का काम किया।
खटीक ने 1996 में पहली बार लोकसभा चुनाव जीता था। तब से वे लगातार जीतते आ रहे हैं। 2024 में उन्होंने अपनी आठवीं जीत दर्ज की। वे बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं में से एक हैं। पिछली सरकार में भी वे सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री थे। इससे पहले वे महिला एवं बाल विकास और अल्पसंख्यक मामलों के राज्य मंत्री भी रह चुके हैं।

# दंगों के नाम पर वोट नहीं, सफाई-पानी-सड़क चाहिए

23 फरवरी, 2020, वो दिन जब दिल्ली के जाफराबाद में दंगे भड़के। जल्दी ही ये सीलमपुर, मौजपुर और नेहरू विहार तक फैल गए। दंगों में 53 लोग मारे गए। करीब 70 दिन पहले यहां से 22 किमी दूर शाहीन बाग में सीएए (नागरिकता संशोधन कानून) के खिलाफ प्रोटेस्ट शुरू हुआ था। पुलिस के मुताबिक, शाहीन बाग में दिए गए भाषण दंगे भड़कने की वजह बने।
दंगों के आरोप में 2619 लोग अरेस्ट किए गए। इनमें करीब 2100 लोग जमानत पर बाहर आ गए। कुछ अब भी जेल में हैं। ओवैसी की पार्टी ने दंगों के आरोपी पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन को मुस्तफाबाद से और शिफा-उर-रहमान को ओखला से टिकट दिया है। वहीं आप ने दो बार के विधायक अमानतुल्लाह खान को ओखला से कैंडिडेट बनाया है। उन पर भी दंगे भड़काने के आरोप लगे थे। दंगे के 5 साल बाद जाफराबाद और शाहीन बाग के लोग अब दंगों पर बात नहीं करना चाहते। दिल्ली में 5 फरवरी को विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग होनी है। जाफराबाद सीलमपुर और शाहीन बाग ओखला सीट में आता है। ओखला में रहने वाले अब्दुल रजा कहते हैं, 'यहां की जनता दंगों के नाम पर वोट नहीं डालेगी। दंगा अब मुद्दा नहीं है।'
**ओखला-** 50% वोटर मुस्लिम; आप, एआईएमआईएम और कांग्रेस ने मुस्लिम कैंडिडेट उतारे ओखला विधानसभा सीट पर करीब 50% मुस्लिम वोटर हैं। बाकी जाट, गुर्जर, दलित और पूर्वांचली वोटर हैं। 1993 से अब तक यहां 8 बार चुनाव हुए हैं। इनमें 3 बार कांग्रेस और दो बार आप जीती है। चुनाव आयोग के मुताबिक, इस सीट पर 3.80 लाख वोटर हैं।
आप ने यहां से लगातार दो बार से विधायक अमानतुल्लाह खान को टिकट दिया है। कांग्रेस ने दो बार विधायक रह चुके आसिफ मोहम्मद खान की बेटी अरीबा खान को और बीजेपी ने निगम पार्षद मनीष चौधरी को कैंडिडेट बनाया है। उनकी भी मुस्लिम समुदाय में अच्छी पैठ है। एआईएमआईएम ने दंगे के आरोपी शिफा उर-रहमान को टिकट देकर मुकाबले को मुश्किल बना दिया है।
ओखला में रहने वाले अब्दुल रजा कहते हैं, 'यहां की जनता दंगों के नाम पर वोट नहीं डालेगी। दंगे की वजह से कई लोग गिरफ्तार हुए। परेशानियां आईं। तब कोई नेता नहीं आया। हमारी गली में भीड़ घुस आई थी। हमारी दुकानें लूट लीं। आग लगा दी। तब हिंदू भाइयों ने हमें बचाया था। दंगे के कारण लोग एक हुए हैं। इसलिए यहां दिल्ली दंगा मुद्दा नहीं है।' फिर मुद्दे क्या हैं? इसका जवाब मोहम्मद शफीक देते हैं, 'सरकार से सड़क, पढ़ाई, सफाई, और अस्पताल की उम्मीदें थीं। अभी ये सब नहीं मिल रहा है। आम आदमी पार्टी ने काम किया था, लेकिन उनके नेता जेल चले गए, तो दिल्ली बर्बाद हो गई। बीजेपी उन्हें काम नहीं करने देती।' इलाके में दुकान चलाने वाले आमिर अंसारी कहते हैं, 'यहां पानी, सड़क और सीवर का मुद्दा है। जामिया नगर में सीवर डालने का 80% काम हो चुका है। सबसे ज्यादा दिक्कत ट्रैफिक से है। विधायक अमानतुल्लाह खान ने जाम कंट्रोल करने के लिए पर्सनल वॉलंटियर लगाए हैं।'
'हमें शिफा-उर-रहमान के लिए हमदर्दी है। वे हमारी कौम के लिए जेल गए हैं। यहां चार पार्टियों में वोट बंट सकते हैं। लोग समझते हैं कि बीजेपी और एआईएमआईएम में फर्क नहीं है। दोनों नफरत की राजनीति करते हैं। आप ने फ्री बस, पानी और बिजली दी है। मैं 2012 में स्कूल जाता था। तब वहां पंखे भी नहीं होते थे। आज वही स्कूल बेहतर हो गया है।
वहीं, मनोज कहते हैं, 'अमानतुल्लाह खान ने 10 साल कुछ काम नहीं किया। चुनाव से पहले सड़क बनवा रहे थे। सीवर नहीं बना है। बीजेपी के मनीष चौधरी अच्छे नेता हैं। काम कराते हैं। उसकी पत्नी भी पार्षद हैं। कांग्रेस ने अरीबा खान की जगह उनके पिता को टिकट दिया होता, तो उनका चांस था। साथ बैठे विक्की कहते हैं, 'झुग्गी बस्तियां यहां की बड़ी समस्याएं हैं। वहां ड्रग्स बिकती हैं। इस इलाके में सबसे ज्यादा बांग्लादेशी रहते हैं। हर अपराध में उनका हाथ होता है। अमानतुल्लाह खान हिंदुओं की नहीं सुनते। सीधा बोलते हैं हमें आपके यहां से वोट नहीं मिलता। हमें मनीष चौधरी से उम्मीद है। वे जीते तो अवैध बांग्लादेशियों की समस्या खत्म हो जाएगी।' दंगे के असर पर विक्की कहते हैं, 'अमानतुल्लाह खान ने दंगा भड़काया। शाहीन बाग में धरने पर बैठने के लिए लोगों को 500 रुपए दिए। दंगा हुआ, तब भी अमानतुल्लाह खान वहीं थे। उन्होंने बाहर से लोगों को बुलाकर यहां दंगा करवाया।
एआईएमआईएम के कैंडिडेट शिफा उर-रहमान जेल में हैं। दिल्ली दंगों में शिफा-उर-रहमान पर यूएपीए के तहत कार्रवाई की गई है। उनका प्रचार पत्नी नूरीन फातिमा कर रही हैं। वे कहती हैं, 'चुनाव लड़ना शिफा का फैसला था। मैं राजनीति में आई क्योंकि मेरे पति 5 साल से जेल में हैं। उनके साथ उमर खालिद, खालिद सैफी, गुलफिशा, ताहिर हुसैन और शरजील ईमाम जेल में हैं।'
'मैं लोगों को याद दिलाना चाहती हूं कि उन्होंने हमारे लिए लड़ाई लड़ी। मैं उनकी कुर्बानी बेकार नहीं जाने देना चाहती। हालांकि, किसी एक मुद्दे पर चुनाव नहीं लड़ सकते। गंदगी भी हमारा मुद्दा है। यहां सफाई नहीं होती। गंदा पानी आता है।
बीजेपी कैंडिडेट मनीष चौधरी कहते हैं, 'ओखला की हालत बीते 10 साल में बहुत खराब हो गई है। ओखला शिक्षित क्षेत्र है, जहां इंजीनियर, डॉक्टर और वकील रहते हैं। मुझे उम्मीद थी कि एआईएमआईएम किसी योग्य व्यक्ति को टिकट देगी। उसने दंगे के आरोप में बंद आरोपी को टिकट दे दिया।'

# सरस्वती पूजन से बढ़ती है सुख और समृद्धि



माघ माह में सकट चौथ, षटतिला एकादशी, मौनी अमावस्या, गुप्त नवरात्रि और वसंत पंचमी जैसे कई पवित्र और महत्वपूर्ण पर्व आते हैं।

इनमें वसंत पंचमी का पर्व खासतौर पर ज्ञान, कला और संगीत की देवी मां सरस्वती की आराधना के लिए समर्पित है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार इस दिन मां सरस्वती की पूजा करने से व्यक्ति के जीवन में समृद्धि और खुशियां बढ़ती हैं।

वसंत पंचमी का पर्व माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन घरों, मंदिरों और शिक्षा से जुड़े संस्थानों में मां सरस्वती की पूजा का विशेष आयोजन किया जाता है। ऐसे में आइए जानते हैं वसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की पूजा क्यों की जाती है और इस दिन का क्या महत्व है।

### क्यों मनाया जाता है वसंत पंचमी का पर्व?

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, माना जाता है कि माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को देवी सरस्वती का जन्म हुआ था। इसी उपलक्ष्य में हर वर्ष वसंत पंचमी मनाई जाती है। देवी सरस्वती को विद्या, कला और बुद्धि की देवी के रूप में पूजा जाता है। इस दिन की पूजा-अर्चना से ज्ञान, कला और संगीत का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

इसके साथ ही यह पर्व नई फसल और प्रकृति के बदलाव का उत्सव भी है। इस मौसम में सरसों के पीले फूल, आम के पेड़ों पर नई बौर, और गुलाबी ठंड पूरे वातावरण को आनंदमय बना देती है। यह समय न केवल मनुष्य बल्कि पशु-पक्षियों में भी नई ऊर्जा का संचार करता है।

पंचांग के अनुसार, 2025 में वसंत पंचमी का पर्व 2 फरवरी को मनाया जाएगा। इस दिन पंचमी तिथि का आरंभ सुबह 9:14 पर होगा और यह 3 फरवरी को सुबह 6:52 पर समाप्त होगी। पूजा का सबसे शुभ समय सुबह 7:09 से दोपहर 12:35 तक रहेगा।

### वसंत पंचमी मनाने की विधि

सुबह जल्दी उठकर स्नान करें।

इस दिन पीले रंग के वस्त्र पहनना शुभ माना जाता है।

मां सरस्वती की मूर्ति या चित्र की स्थापना करें।

मां सरस्वती को लड्डू, मीठे पीले चावल और मौसमी फलों का भोग लगाएं।

देवी की आरती करें और प्रसाद का वितरण करें।

## पढ़ाई में आ रही परेशानियों से मिलेगा छुटकारा

विद्यार्थियों के लिए वसंत पंचमी का विशेष महत्व है। इस दिन विद्यार्थी और बच्चे पूरे मन और श्रद्धा से सरस्वती मां की पूजा करते हैं और करियर में सफलता पाने की इच्छा जाहिर करते हैं। इस वसंत पंचमी के दिन बच्चों को अलग तरीके से सरस्वती मां की पूजा करनी चाहिए। उन्हें मोदक, फूल, मीठे चावल और पीले रंग के फूल अर्पित करने चाहिए। इस तरह से पूजा कर के पढ़ाई में आ रही परेशानियों से जल्द ही छुटकारा मिल जाता है।

## पूजा करने के साथ इन मंत्रों का करें जाप

सरस्वती पूजा के दिन आपको पूरे विधि-विधान से पूजा को करनी ही है। इसके साथ ही कुछ महत्पवूर्ण मंत्रों का भी जाप करना है। इससे आपको शिक्षा के क्षेत्र में जल्द ही सफलता मिलेगी।

**पूजा के दौरान इन मंत्रों का करें जाप...**

**ॐ सरस्वत्यै नमः**

**ॐ ह्लीं ऐं ह्लीं सरस्वत्यै नमः**

**ॐ ऐं ह्लीं क्लीं महासरस्वती देव्यै नमः**

**ॐ भूर्भुवः स्वः सरस्वती देव्यै इहागच्छ इह तिष्ठ**

# रसोई घर में करते हैं सिलबट्टे का इस्तेमाल?

## नमक के इस उपाय से बढ़ेगी सुख-समृद्धि



सिलबट्टा एक ऐसा पारंपरिक उपकरण है, जो भारतीय रसोई का अहम हिस्सा रहा है। आधुनिकता और समय की कमी के बावजूद कई घरों में सिलबट्टे का इस्तेमाल आज भी किया जाता है, क्योंकि इसके जरिए मसाले पीसने से खाने का स्वाद कई गुना बढ़ जाता है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि सिलबट्टे का सही दिशा में रखना और उसे सही तरीके से इस्तेमाल में लाना वास्तु शास्त्र में भी महत्वपूर्ण माना गया है? आज के इस आर्टिकल में हमें सिलबट्टे से जुड़ी कुछ वास्तु टिप्स के बारे में बता रहे हैं भोपाल निवासी ज्योतिषी एवं वास्तु सलाहकार पंडित हितेंद्र कुमार शर्मा। जिनसे न सिर्फ आपके घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा, बल्कि आपके रसोई घर में सुख-समृद्धि भी बनी रहेगी।

### वास्तु शास्त्र में सिलबट्टे का स्थान

वास्तु शास्त्र के अनुसार, सिलबट्टे को रसोई घर में सही दिशा में रखना बेहद जरूरी होता है। इसे उत्तर-पूर्व दिशा यानी ईशान कोण में भूलकर भी नहीं रखना चाहिए, क्योंकि इससे नकारात्मकता बढ़ सकती है। इसके बजाय, सिलबट्टे को पश्चिम या दक्षिण दिशा में रखा जाना चाहिए। इन दिशाओं में रखा सिलबट्टा घर के वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है।

### किस चीज का हो सिलबट्टा?

वास्तु शास्त्र में यह भी कहा गया है कि यदि आप लकड़ी का सिलबट्टा इस्तेमाल कर रहे हैं, तो वह नीम की लकड़ी से बना होना चाहिए। नीम की लकड़ी में कई गुणकारी तत्व पाए जाते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं। इसके अलावा, नीम की लकड़ी से बने सिलबट्टे से घर में नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने में मदद मिलती है, जिससे वातावरण में शांति और समृद्धि बनी रहती है। इसके अलावा पत्थर का सिलबट्टा भी अच्छा माना जाता है।

### सिलबट्टे की सफाई और उपयोग

सिलबट्टे को हमेशा साफ रखना चाहिए। इसे नियमित रूप से धोने से न सिर्फ इसकी कार्यक्षमता बनी रहती है, बल्कि घर में सकारात्मक ऊर्जा का भी वास होता है। खासतौर से, सिलबट्टे पर नमक पीसना और फिर उसी नमक का इस्तेमाल भोजन में करना शुभ माना जाता है। इसके अलावा, सिलबट्टे को नमक के पानी से धोने से भी घर में शांति और समृद्धि बनी रहती है।

### सिलबट्टे का रख-रखाव

सिलबट्टे का आकार और स्थिति भी महत्वपूर्ण होती है। कभी भी टूटा सिलबट्टा अपने घर में नहीं रखना चाहिए, क्योंकि यह नकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। हमेशा यह ध्यान रखें कि सिलबट्टा ठीक से काम करने योग्य हो। सिलबट्टे को कभी भी लेटाकर न रखें, बल्कि उसे दीवार के सहारे खड़ा करके रखें, ताकि उसकी कार्यक्षमता बनी रहे। साथ ही, सिलबट्टा और उसका दवात (पत्थर) दोनों को हमेशा एक साथ रखें।

# गीता उपदेश: हर समय इधर-उधर भटकता है मन तो मानसिक शांति के लिए जानें श्रीकृष्ण की ये 5 बातें



श्रीमदभगवद्गीता में लिखे गया हर एक श्लोक भगवान श्री कृष्ण ने स्वयं बताये हैं। ये ज्ञान भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को रणभूमि ने दिया था, जिससे अर्जुन को आत्मबल मिले और वह पूरे आत्मविश्वास के साथ धर्म युद्ध लड़े। लेकिन आपको बता दें कि उस युग में भगवान श्री कृष्ण ने जो ज्ञान की बातें बताईं थी वे आज भी लोगों का मार्गदर्शन करती हैं। श्रीमद्भगवतगीता सिर्फ एक ग्रंथ ही नहीं बल्कि आज के समय में लोगों के लिए एक उचित मार्गदर्शक की तरह भी है।

माना जाता है कि जो व्यक्ति के भगवतगीता के सार को समझ गया मानों उसका जीवन सफल हो गया। उसे अपने जीवन में हर प्रकार की कठिनाईयों से निकलने का रास्ता मिल जाता है। इसके साथ ही बता दें कि जिन लोगों का मन हमेशा बैचेन रहता है, इधर-उधर भटकता है या हमेशा उन्हें कोई ना कोई भय सताता है और मानसिक शांति चाहते हैं तो ऐसे में गीता पाठ करना चाहिए। इसमें भगवान श्री कृष्ण ने 5 उपदेश दिये हैं जो कि व्यक्ति के हर प्रकार के तनाव से मुक्त करता है और उसे मानसिक शांति का अनुभव करवाता है।

### कर्म करें, फल की इच्छा ना करें

श्रीमद्भवद्गीता में श्रीकृष्ण ने बड़े ही सरल शब्दों में बताया है कि व्यक्ति को हमेशा अपने कर्मों पर ध्यान देना चाहिए। बिना फल की इच्छा किये उसे कर्म करना चाहिए। क्योंकि जब हम निस्वार्थ्य भाव से कर्म करते हैं और फल की चिंता नहीं करते हैं तो हमें सफल ना होने का डर नहीं सताता और हम शांत चित्त से अपने कर्मों को करते हैं। इससे हमारा मन शांत रहता है।

### मोह से रहें दूर

श्रीमदभगवद्गीता के अनुसार, व्यक्ति को किसी चीज के प्रति मोह नहीं करना चाहिए। हालांकि आज के दौर में व्यक्ति को मोहित करने वाली कई चीजें हैं, लेकिन गीता में कहा गया है कि किसी भी चीज से जरुरत से ज्यादा लगाव व उसके प्रति मोह के कारण ही हमारे मन में उलझनें और तनाव उत्पन्न होते हैं। इसलिए ना किसी पर आश्रित रहें, ना ही किसी के प्रति मोह रखें।

### भाग्य के भरोसे ना रहें, पुरुषार्थ करें

भगवान श्रीकृष्ण ने गीता के माध्यम से संदेश दिया है कि, व्यक्ति को कभी अपने भाग्य के भरोसे नहीं रहना चाहिए। क्योंकि सिर्फ भाग्य के भरोसे बैठे रहने से किसी को कुछ नहीं मिलता है। इसलिए हमेशा पुरुषार्थ करें, कहा गया है कि जो व्यक्ति मेहनत करता है उसका भाग्य भी साथ देता है। श्रीकृष्ण ने अर्जुन को उपदेश देते हुए यह भी बताया कि मनुष्य अपने पुरुषार्थ के दम पर भाग्य बदलने की ताकत रखता है। इसलिए कभी भी पुरुषार्थ करने से पीछे ना हटें।

### बुद्धि, विवेक से करें कार्य

भगवत गीता के अनुसार, व्यक्ति को हर कार्य बुद्धि और विवेक से करना चाहिए। ऐसा करने से उन्हें ना सिर्फ कार्य में सफलता मिलेगी बल्कि पहले से सोच-समझकर कार्य करने से मानसिक अशांति नहीं आती है। बुद्धि-विवेक के द्वारा किये गए कार्य सफल भी होते हैं और इससे मन में शांति भी बनी रहती है।

### चिंता त्यागें, चुनें भगवान की शरण

श्रीकृष्ण ने श्रीमद्भगवत गीता के 18वें अध्याय में स्वयं कहा है कि जो लोग अपने सभी धर्मों को त्यागकर ईश्वर की शरण लेते हैं, ऐसे मनुष्यों के सभी प्रकार के भय, कष्ट व चिंताएं भगवान हर लेते हैं। महाभारत के युद्ध के दौरान भगवान कृष्ण ने अर्जुन को भी अपनी शरण में आने को कहा था। उन्होंने अर्जुन से कहा था, तुम सभी धर्मों को त्यागकर मेरी शरण में आ जाओ, मैं तुम्हें सभी पापों से मुक्त कर दूंगा। इसलिए व्यर्थ की चिंता ना करें।

# विवाह के लिए नहीं मिल रहा अच्छा रिश्ता?

## गुप्त नवरात्रि में करें ये विशेष साधना, मिलेगा लाभ



गुप्त नवरात्रियों में देवी माता की साधना करके सांसारिक कष्टों से मुक्ति पाने का विशेष विधान होता है। शास्त्रों में 10 महाविद्याओं का जिक्र किया गया है। माता त्रिपुर सुंदरी की साधना करके हम अपने जीवन में सभी प्रकार की समस्याओं, परेशानियों का अंत कर सकते हैं।

माता त्रिपुर सुंदरी माता पार्वती का ही स्वरूप हैं। मान्यताओं के अनुसार इस संसार को बनाने वाली माता आदिशक्ति ही है। माता त्रिपुर सुंदरी का चमत्कारी शक्ति सिद्ध पीठ राजस्थान राज्य के बांसवाड़ा जिले में स्थित है। धर्म शास्त्रों में माता को प्रसन्न करने के अनेकों उपाय बताए गए हैं। माता की साधना पद्धति माता को प्रसन्न करने का सर्वश्रेष्ठ उपाय है। त्रिपुर सुंदरी मां दुर्गा की तीसरी महाविद्या हैं। उन्हें श्रीविद्या, कामेश्वरी, और राजराजेश्वरी के नाम से भी जाना जाता है। मां त्रिपुर सुंदरी को षोडशी भी कहा जाता है।

**त्रिपुर सुंदरी साधना से सांसारिक कष्टों से मुक्ति मिलती है।**

**देवी त्रिपुर सुंदरी की पूजा से साहस, आत्मिक बल, यश, कीर्ति मिलती है।**

**त्रिपुर सुंदरी साधना के लिए विशेष मंत्रों का जाप करें।**

त्रिपुर सुंदरी की साधना करने का तरीका: सुबह ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करें और सफ़ेद वस्त्र पहनें। चौकी पर गंगाजल छिड़कर उसे शुद्ध करें। चौकी पर सफ़ेद कपड़ा बिछाएं।

### उत्तर दिशा की ओर मुंह करके बैठें।

चौकी पर मां त्रिपुर सुंदरी की तस्वीर या मूर्ति स्थापित करें। कमलगट्टे की माला से ऊं श्रीं ऊं या ऊं ह्लीं श्रीं त्रिपुर सुंदरीयै नमः का जाप करें।देवी को अनार का भोग लगाएं। जप और पूजन के बाद, चावल और फूल लेकर देवी को विसर्जित करें। त्रिपुर सुंदरी की पूजा के लिए रात्रि के नौ बजे पूजा करें।रात्रि काल में 9 बजे से 11 बजे तक मां त्रिपुर सुंदरी की साधना करना श्रेष्ठ माना गया है।

त्रिपुर सुंदरी साधना से जुड़ी कुछ खास बातें: त्रिपुर सुंदरी, दस महाविद्याओं में से एक हैं। देवी त्रिपुर सुंदरी को ललिता भी कहा जाता है। त्रिपुर सुंदरी की साधना में इनके तीनों रूपों के क्रम का ध्यान रखना चाहिए। त्रिपुर सुंदरी की पूजा से साहस, आत्मिक बल, यश, कीर्ति, और बौद्धिक विकास होता है। त्रिपुर सुंदरी साधना के लिए, इन मंत्रों का जाप किया जाता है:

**श्रीबाला – त्रिपुरसुन्दरी – देवतायै नमः**

ऊं ह्लीं क ऐ ई ल ह्लीं ह स क ल ह्लीं स क ह ल ह्लीं

ऊं त्रिपुर सुंदरी पार्वती देवी मम गृहे आगच्छ आवहयामि स्थापयामि त्रिपुर सुंदरी साधना से कई फ़ायदे होते हैं: त्रिपुर सुंदरी की पूजा करने से सुंदरता मिलती है। मन नियंत्रित रहता है। वैवाहिक जीवन सुखमय बनता है। जीवन साथी की तलाश पूरी होती है। साहस आता है। आत्मिक बल मिलता है। यश और कीर्ति मिलती है। मनोकामनाएं पूरी होती हैं।



## 1000 करोड़ रुपये के बजट में बनेगी 'गजनी 2'

# आमिर खान की फिल्म पर अल्लू अरविंद ने दी नई जानकारी

आज सुपरस्टार आमिर खान ने नागा चैतन्य और साई पल्लवी की आने वाली फिल्म 'थंडेल' के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में शिरकत की। इस इवेंट में साउथ के प्रोड्यूसर अल्लू अरविंद भी मौजूद थे। इवेंट के दौरान खान और अरविंद ने बहुचर्चित सीक्वल 'गजनी 2' के बारे में बड़ा संकेत दिया। मीडिया से बातचीत करते हुए अल्लू अरविंद ने कहा, 'मुझे आपके साथ 1000 करोड़ की फिल्म बनानी चाहिए। शायद 'गजनी 2'।' इस पर प्रतिक्रिया देते हुए आमिर खान ने कहा, 'गजनी 2 के बारे में इंटरनेट पर बहुत कुछ कहा जा रहा है।' पिछले कुछ समय से ऐसी खबरें आ रही हैं कि अल्लू अरविंद तमिल और हिंदी दोनों में सीक्वल बनाने की योजना बना रहे हैं। अगर रिपोट्र्स की मानें तो सूर्या 'गजनी 2' के तमिल वर्जन में मुख्य भूमिका निभाएंगे, जबकि आमिर खान को हिंदी वर्जन के लिए चुना जाएगा।

**अल्लू अरविंद ने दिया अपडेट**

रिपोट्र्स के अनुसार, तमिल संस्करण में सूर्या मुख्य भूमिका निभाएंगे, जबकि आमिर हिंदी संस्करण के लिए अपनी भूमिका को दोहराएंगे। एक इंटरव्यू के दौरान सूर्या ने कहा, 'यह आश्चर्यजनक है कि आपने मुझसे अब 'गजनी 2' के बारे में पूछा। लंबे समय के बाद अल्लू अरविंद ने सीक्वल के विचार के साथ मुझसे संपर्क किया और पूछा कि क्या यह संभव होगा। मैंने कहा कि निश्चित रूप से सर, हम इस पर विचार कर सकते हैं। हां, बातचीत शुरू हो गई है और चीजें प्रक्रिया में हैं। 'गजनी 2' हो सकती है।' रिपोट्र्स के अनुसार, पैन-इंडिया फिल्मों के उदय के साथ लोकप्रिय सितारों के साथ पंथ फिल्मों के रीमेक बनते जा रहे हैं।

सूर्या और आमिर खान दोनों 'गजनी 2' को लेकर उत्साहित हैं, लेकिन वे फिल्म से जुड़ा 'रीमेक' लेबल नहीं चाहते हैं। वे इस बात से भी चिंतित हैं कि एक संस्करण को दूसरे से पहले रिलीज करने से नयापन खत्म हो सकता है और उन्होंने निर्माताओं के सामने अपनी चिंताएं व्यक्त की हैं। दोनों अभिनेताओं की बात सुनने के बाद अल्लू अरविंद और मधु मंटेना ने एक समाधान निकला कि 'गजनी 2' के दो संस्करणों को एक साथ शूट करें और उन्हें एक ही दिन रिलीज करें।'



## रोडीज के सेट पर अचानक बेहोश हुईं नेहा धूपिया, अब शेयर की हेल्थ अपडेट

बॉलीवुड एक्ट्रेस नेहा धूपिया से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। दरअसल एक्ट्रेस इन दिनों रोडीज की शूटिंग कर रही है। हाल ही में शो के सेट पर उनकी तबीयत बिगड़ गई और अचानक बेहोश हो गई। वहीं अब एक्ट्रेस ने अपनी हेल्थ अपडेट शेयर की। एक्ट्रेस ने कहा कि अब वो बिल्कुल ठीक है और कोई चिंता वाली बात नहीं है।

**रोडीज के सेट पर बेहोश हुईं नेहा धूपिया**

दरअसल नेहा धूपिया इन दिनों रणविजय, प्रिंस नरूला, एल्विश यादव और रिया चक्रवर्ती के साथ रोडीज के नए सीजन की शूटिंग कर रही हैं। जो एमटीवी पर टेलीकास्ट होता है। वहीं शो के हालिया एपिसोड में नेहा की तबीयत बिगड़ गई थी और वो सेट पर बेहोश हो गई थी। जिसको लेकर अब एक्ट्रेस ने कहा कि, " एक छोटी सी हेल्थ प्रॉब्लम थी। लेकिन अब मैं एकदम फिट हूं और अपने पैरों पर खड़ी हूं। पहले की तरह ही एनर्जेटिक भी हूं। शूटिंग की वजह से वो अलग-अलग जगहों पर ट्रेवल कर रही हैं। इस वजह से वो अपने बच्चों से भी दूर हैं।'

## कैंसर से जूझ रहीं एक्ट्रेस हिना ने फैंस को दी खुशखबरी

### सुनकर झूम उठेंगे फैंस



एक्ट्रेस हिना खान स्टेज-3 कैंसर से जूझ रही हैं। उन्होंने इस बीमारी के दौरान काफी कुछ सहा है। कीमोथेरेपी से उनके शरीर को काफी नुकसान हुआ। मगर एक्ट्रेस ने फैंस के साथ एक खुशखबरी शेयर की है। इसे जानने के बाद वो खुशी से झूम उठेंगे। दरअसल, हिना खान की जब कीमोथेरेपी हुई थी तो उनके शरीर को काफी नुकसान हुआ था। कई जगह काले दाग-धब्बे पड़ गए थे। सिर के बाल तक झड़ने लगे थे और उन्हें मुंडन करवाना पड़ा था। यही नहीं उनकी आंखों की पलकों तक के बाल उड़ गए थे। एक्ट्रेस की भौहें भी काफी कम हो गई थीं। इससे हिना खान का चेहरा काफी अलग दिखने लगा था। मगर अब हिना खान ने एक वीडियो के जरिये फैंस को एक खुशखबरी दी है। वो ये कि उनकी पलकों और भौह के बाल फिर से वापस आने लगे हैं।

## ऑस्कर में नॉमिनेट ट्रांसजेंडर एक्ट्रेस कार्ला सोफिया गैस्कोन पर इस्लाम के अपमान का आरोप

### मचा बवाल तो मांगी माफी



ऑस्कर 2025 में नामिनेशन पाने वाली पहली ट्रांसजेंडर एक्ट्रेस कार्ला सोफिया गैसकॉन विवादों में घिर गई हैं। उनकी फिल्म 'एमिलिया पेरेज़' को जहां एकेमडमी अवॉर्ड्स में सबसे अधिक 13 नॉमिनेशन मिले हैं, वहीं एक्ट्रेस पर इस्लाम और जॉर्ज फ्लॉयड के अपमान का आरोप लगा है। एक्ट्रेस का एक पुराना सोशल मीडिया पोस्ट वायरल हो रहा है। हालांकि, बवाल मचने के बाद कार्ला ने इस पर माफी भी मांग ली है। कार्ला सोफिया गैसकॉन ऑस्कर अवॉर्ड्स के इतिहास में पहली ट्रांसजेंडर एक्ट्रेस हैं, जिन्हें नॉमिनेशन मिला है। एक्ट्रेस ने नेटफ्लिक्स की प्रवक्ता के जरिए एक बयान दिया है, जिसमें कहा गया है कि 'वह उन लोगों से माफी मांगती हैं, जिन्हें उनके बयान से दर्द पहुंचा है।' एक्ट्रेस ने अपने बयान में कहा है, 'मैं अपने पिछले सोशल मीडिया पोस्ट के बारे में हो रही बातचीत में अपनी गलती स्वीकार करती हूं। एक हाशिए पर पड़े समुदाय से होने के नाते, मैं इस पीड़ा को बहुत अच्छी तरह से जानती हूं और जिन लोगों को मैंने दुख पहुंचाया है, उनसे मैं बहुत खेद जताती हूं। मैंने अपने पूरे जीवन में एक बेहतर दुनिया के लिए संघर्ष किया है।

# सेट पर कैसा होता है कपूर खानदान के स्टार्स का रवैया? एक्टर ने खोली पोल





**आलिया, रणबीर और करीना के साथ जयदीप ने किया है काम**

बॉलीवुड में कपूर खानदान का नाम इंडस्ट्री के सबसे पुराने और चर्चित खानदानों में लिया जाता है। इस परिवार ने बॉलीवुड को कई स्टार दिए हैं। राज कपूर, शशि कपूर और ऋषि कपूर से लेकर रणबीर-करीना तक, आज भी इंडस्ट्री में कपूर खानदान के स्टार्स का बोलबाला है। इस बीच 'पाताल लोक 2' के इंस्पेक्टर हाथीराम चौधरी यानी जयदीप अहलावत ने इस परिवार के स्टार्स के साथ काम करने के अपने एक्सपीरियंस पर चर्चा की और बताया कि सेट पर रणबीर कपूर, करीना कपूर और आलिया का व्यवहार कैसा होता है।

जयदीप अहलावत ने रणबीर कपूर के साथ 'रॉकस्टार', आलिया भट्ट के साथ 'राजी' और करीना कपूर खान के साथ 'जाने जान' में काम किया है। जयदीप अहलावत की गिनती इंडिया के मोस्ट टैलेंटेड एक्टर्स में होती है। एएनआई के साथ अपने हालिया इंटरव्यू में जयदीप अहलावत ने कपूर परिवार के स्टार्स के साथ काम करने का अपना एक्सपीरियंस शेयर किया।

### करीना कभी सेट पर नहीं करतीं रिहर्सल



करीना कपूर के साथ काम करने पर अभिनेता ने कहा- 'मैंने करीना को कभी सेट पर रिहर्स करते नहीं देखा। वह हमेशा तैयार होकर ही आती थीं। उन्हें ये अच्छे से पता होता है कि कब क्या करना है। वह सजेशन्स के लिए भी खुद को ओपन रखती हैं। वह ऐसी शख्स हैं जिन्होंने बहुत लंबे समय तक स्टारडम देखा है और वह आज भी स्टार बनी हुई हैं। ऐसा नहीं है कि उनका स्टारडम खत्म हो गया है।। लेकिन, आप उनमें अब भी सीखने की जिज्ञासा देख सकते हैं। वह हमेशा कुछ नया सीखने के लिए उत्साहित रहती हैं।'

### अलग एहसास के साथ आते थे '

**रणबीर कपूर संग काम करने पर कही ये बात**

जयदीप अहलावत ने रणबीर कपूर संग काम करने के अपने एक्सपीरियंस के बारे में कहा- 'रणबीर कपूर की रॉकस्टार में मैंने एक बहुत ही छोटा सा रोल प्ले किया था। मैंने उनके साथ लगभग कुछ 4 दिन काम किया, लेकिन फ्रेम में मैं उन्हें देखकर मंत्रमुग्ध हो जाता था। फिल्म में उनकी मेहनत दिखती है। वह पूरी तरह कंट्रोल्ड होते हैं और जानते हैं कि वह क्या कर रहे हैं। वह बहुत बड़े स्टार हैं। जब भी वह सड़क पर निकलते हैं फैंस उनके लिए पागल हो जाते हैं। जब भी वह बाहर निकलते तो सुरक्षा बढ़ा दी जाती। लेकिन एक बार जब वह कॉस्ट्यूम पहन लेते थे तो वह जॉर्डन बन जाते थे। वह एक

## आखिरकार पत्रलेखा-राजकुमार राव ने उठा दिया सस्पेंस से पर्दा, खोला अपना प्रोडक्शन हाउस 'कैंपा फिल्म'



**स्त्री 2' के बिक्की यानी कि राजकुमार राव ने अपना प्रोडक्शन हाउस ओपन कर दिया है।**

राजकुमार ने राव ने ये प्रोडक्शन हाउस वाइफ और एक्ट्रेस पत्रलेखा के साथ खोला। इस प्रोडक्शन हाउस का नाम कैंपा फिल्म है। जिसका ऐलान इन दोनों ने सोशल मीडिया पर एक छोटा सा वीडियो शेयर करके किया। इस प्रोडक्शन हाउस के साथ ही इन दोनों ने बिजनेस की दुनिया में भी डेब्यू कर लिया है। खास बात है कि पत्रलेखा और राजकुमार राव ने अपने इस नए वेंचर का नाम अपनी दोनों मां के नाम के ऊपर बेस्ड रखा। इसके बारे में बताते हुए पत्रलेखा ने इंस्टाग्राम पर कैप्शन में लिखा- 'आप सबके सामने लेकर आए हैं कैंपा फिल्म। लाइफ में बिना मां के आशीर्वाद के कुछ भी अच्छा नहीं हो सकता। कैंपा नाम हम दोनों की मां के नामों का कॉम्बिनेशन है। हम लोग जल्द ही अपने फीचर का ऐलान करेंगे।'

# सनी लियोन की बढ़ी मुसीबत

## लखनऊ के बार और रेस्टोरेंट पर लगी रोक! क्या है वजह

बॉलीवुड एक्ट्रेस सनी लियोनी की मुसीबतें बढ़ गई हैं।ऐसा इसलिए क्यों एक्ट्रेस को बड़ा झटका लगा है। बता दें, राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने सनी लियोनी के बार और रेस्टोरेंट के निर्माण पर रोक लगा दी है।

**निर्माण को रोकने का आदेश जारी**

जानकारी के अनुसार, सनी लियोनी की कंपनी उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर में सनी लियोन का गाना 'चिका लोका' बार एंड रेस्टोरेंट खोल रही थीं। हालांकि, अब आयोग ने इसके निर्माण को रोकने का आदेश दे दिया है। वहीं, राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के न्यायमूर्ति अशोक कुमार और विकास सक्सेना की पीठ ने शिकायतकर्ता प्रेमा सिन्हा की बात पर मामले पर सुनवाई की।

**एचसी के सामने रेस्टोरेंट होने से सुरक्षा को लेकर खतरा**

सुनवाई में उन्होंने कहा कि इस बार और रेस्टोरेंट के निर्माण से एक तरफ जहां स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।



तो वहीं, हाईकोर्ट और इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान जैसी संस्थाओं की सुरक्षा के लिए भी ये खतरा है। वहीं, आयोग ने कहा कि हाईकोर्ट के सामने इस बार और रेस्टोरेंट होने से सुरक्षा को लेकर खतरा भी हो सकता है। साथ ही लोगों की भीड़ भी ज्यादा होगी।

**19 फरवरी को अगली सुनवाई**

सुनवाई के दौरान जस्टिस अशोक कुमार ने लखनऊ विकास प्राधिकरण की लापारवाही पर चिंता जताई। वहीं, अब इस मामले की अगली सुनवाई 19 फरवरी को होनी है। बता दें, शिकायतकर्ता प्रेमा सिन्हा ने आयोग में शिकायत की थी कि, चिका लोका बाय सनी लियोनी को अवैध रूप से सामुदायिक क्लब हाउस आवंटित कर दिया गया है। वहां, पर बार और रेस्टोरेंट जैसी व्यावसायिक गतिविधियां चल रहीं, जो नियम का उल्लंघन है। इतना ही नहीं ये वहां के आस-पास के रहने वालों के लिए भी एक समस्या है।



# 'रक्त ब्रम्हांड' में सामंथा का दिखेगा एक्शन अवतार

## इस एक्टर के साथ करेंगी स्क्रीन शेयर

सामंथा रुथ प्रभु एक्शन थ्रिलर 'सिटाडेलः हनी बनी' के बाद एक बार फिर एक्शन अवतार में नजर आने वाली हैं। अभिनेत्री 'रक्त ब्रह्मांडः द ब्लडी किंगडम' में एक बार फिर एक्शन के साथ लौट रही हैं। इस फिल्म में अभिनेत्री बॉलीवुड अभिनेता आदित्य रॉय कपूर के साथ स्क्रीन साझा करेंगी। इस सीरीज के निर्देशन की कमान 'तुम्बाड' फेम राही अनिल बर्वे ने संभाली है। इसे फैमिली मैन और सिटाडेल के निर्माता राज और डीके ने निर्मित किया है।

**आदित्य ने पूरा किया एक्शन शेड्यूल**

तेलुगु 123 के मुताबिक, आदित्य रॉय कपूर और सामंथा एक साथ नजर आएंगे। अभिनेत्री सिटाडेल के बाद एक बार फिर एक्शन करते हुए नजर आ सकती हैं। लेटेस्ट अपडेट के मुताबिक हाल ही में आदित्य रॉय कपूर ने 'रक्त ब्रह्मांड' का एक्शन से भरपूर पहला शेड्यूल पूरा किया है। कहा जा रहा है कि इस हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर में अपनी भूमिका के लिए उन्होंने तलवारबाजी, हथियार चलाने और मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग ली।

**लीड रोल में नजर आएंगे आदित्य**

राज एंड डीके की इस बहुप्रतीक्षित सीरीज में आदित्य रॉय कपूर लीड रोल निभाएंगे। आदित्य के सीरीज में लीड एक्टर के तौर पर एंट्री होने के बाद करण जौहर ने उनकी तारीफ करते हुए एक्टर और डायरेक्टर की जोड़ी कमाल बताया। हाल ही में आदित्य ने भी एक इंटरव्यू में निर्माताओं के साथ काम करने के अनुभवों को साझा किया। दूसरी ओर इस सीरीज का फैंस बेसब्री के साथ इंतजार कर रहे हैं।



# स्वरा भास्कर के साथ हो गया खेला, एक्स हैंडल को लेकर फिर ड्रामा, एक्ट्रेस ने दिया सबूत

स्वरा भास्कर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। सिर्फ फिल्मों के ही नहीं बल्कि देश में चल रहे मुद्दों पर वह अक्सर अपनी राय पेश करती हैं। हालांकि, अपने विचारधारा को लेकर वह सोशल मीडिया पर अक्सर ट्रोल्स के निशाने पर आ जाती हैं। हाल ही में उन्होंने गणतंत्र दिवस के मौके पर अपने एक्स हैंडल पर दो तस्वीरों के साथ पोस्ट शेयर किया। बस यहीं से बवाल शुरू हुआ और एक्स ने एक्शन लेते हुए उनके अकाउंट को हमेशा के लिए निलंबित कर दिया। इसके बारे में उन्होंने इंस्टाग्राम के जरिए फैंस को अपडेट दिया और एक्स की जमकर आलोचना की। हालांकि अब उन्होंने एक नया पोस्ट शेयर किया है, जिसके साथ उन्होंने इस मामले में नए ड्रामे की तरफ इशारा किया है।

एक्ट्रेस ने कुछ स्क्रीनशॉट शेयर कर सबूत देने की कोशिश की है, जिसमें उन्होंने दिखाया कि किस तरह से पोस्ट डालने पर यह एक्शन हुआ और माइक्रोब्लॉगिंग साइट की टीम ने इस मामले पर क्या प्रतिक्रिया दी। लेकिन फिर बाद में उन्होंने यह पोस्ट करके फैंस को हैरान कर दिया कि उनकरो लगता है कि अकाउंट हैक हो चुका है। स्वरा भास्कर ने अपनी इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा- अ'ब मेरा ट्विटर अकाउंट हैक कर लिया गया है। एक्ट्रेस यहीं नहीं रुकीं उन्होंने कई स्लाइड्स में फैंस को पूरी कहानी समझने की कोशिश की। उन्होंने लिखा कि मेरा एक हैंडल के साथ और ड्रामा हो गया है। एक्ट्रेस ने उन पर कॉपीराइट नियमों का उल्लंघन करने का चार्ज था, लेकिन अब उन्होंने अकाउंट रीगेन करने की कोशिश की तो उनका 'टू फैक्टर ऑथेंटिकेशन' बंद कर दिया गया है'।



# क्या है 'पीएम धन धान्य' योजना

## जिसका वित्त मंत्री ने बजट में किया ऐलान



नई दिल्ली,1 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को वित्त वर्ष 2025-26 का आम बजट पेश किया। उन्होंने बजट में सबसे पहली घोषणा 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' के बारे में की।

वित्त मंत्री ने बताया कि इस योजना के तहत राज्य सरकारों की मदद से देशभर के उन 100 जिलों में उत्पादन बढ़ाने पर फोकस होगी जहां उत्पादकता कम है। इससे 1.7 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। इसके लिए किसानों को कृषि उपकरण, बीज, और उर्वरक के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि योजना के तहत कृषि क्षेत्र में रोजगार के अवसर सृजित किए जाएंगे। इसके अलावा, कृषि के क्षेत्र में तकनीक को भी बढ़ावा देने की दिशा में कदम बढ़ाए जाएंगे। इस योजना के तहत भंडारण और सिंचाई की सुविधा विकसित की जाएगी। किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अलावा, कृषि की पैदावार बढ़ाने के लिए उर्वरक की आपूर्ति की जाएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि इसके तहत ट्रैक्टर, पंप सेट आदि के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। योजना का लाभ मुख्य रूप से सीमांत किसानों को मिलेगा। महिला किसानों को कृषि के क्षेत्र में आने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में कमाई के अनेकों साधन विकसित किए जाएंगे, ताकि किसी भी किसान को आर्थिक समस्याओं का सामना ना करना पड़े।

इस योजना के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों को विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ाकर पूरी रूपरेखा तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह बजट समावेशी किसानों के लिए है। हम लोग देश को विकसित करने की दिशा में विभिन्न राज्यों के साथ मिलकर काम करेंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि हम सभी क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दे रहे हैं, लेकिन कृषि हमारे लिए ₹फर्स्ट इंजन₹ की तरह है, जिसके विकास के लिए हम लगातार काम कर रहे हैं।

## रेहड़ी-पटरी वालों को सरकार ने दी बड़ी राहत, क्रेडिट कार्ड से 30 हजार रुपये तक मिलेगा कर्ज

नई दिल्ली, 1 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि रेहड़ी-पटरी वालों के लिए 'प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना' को नया रूप दिया जाएगा। इसके तहत बैंकों और यूपीआई से जुड़े क्रेडिट कार्ड से ऋण की सीमा बढ़ाकर 30,000 रुपये की जाएगी। सीतारमण ने लोकसभा में लगातार आठवां बजट पेश करते हुए कहा कि इस योजना से अनौपचारिक क्षेत्र के उच्च ब्याज वाले ऋणों से राहत के माध्यम से 68 लाख से अधिक रेहड़ी-पटरी वालों को लाभ हुआ है। इस सफलता के आधार पर इस योजना को नया रूप दिया जाएगा और बैंकों बैंकों और यूपीआई से जुड़े क्रेडिट कार्ड से ऋण की सीमा बढ़ाकर 30,000 रुपये की जाएगी। पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम-स्वनिधि) रेहड़ी-पटरी वालों को किफायती ऋण प्रदान करने के लिए एक विशेष सुविधा है। इस कार्ड पर ब्याज दर भी काफी कम रखी जाती है। जो योजना आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा 2 जुलाई, 2020 को कोविड-19 महामारी के दौरान शुरू की गई थी।कोविड-19 लॉकडाउन के कारण नुकसान झेलने वाले रेहड़ी-पटरी वालों और छोटे दुकानदारों को अपना कारोबार फिर से शुरू करने में मदद करने के लिए यह योजना शुरू की गई थी। सड़क किनारे ठेले या स्टॉल चलाने वाले, फल, सब्जियां बेचने वाले, लॉन्ड्री सेवाएं देने वाले, सैलून चलाने वाले और पान की दुकान चलाने वाले, पीएम स्वनिधि के तहत लोन ले सकते हैं। समय पर लोन चुकाने पर अतिरिक्त लाभ भी मिलते हैं। इस कर्ज के लिए किसी तरह की गारंटी की जरूरत नहीं होती है। लोन का मासिक किस्तों में भुगतान करना होता है। पीएम स्वनिधि स्कीम में मिलने वाले लोन के नियमित पुनर्भुगतान पर 7 फीसदी सालाना की ब्याज सब्सिडी भी दी जाती है। ब्याज सब्सिडी की राशि सीधे लाभार्थी के खाते में तिमाही आधार पर आएगी। लोन का समय से पहले भुगतान करने पर सब्सिडी एक ही बार में खाते में आ जाएगी।

## आज से कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 7 रुपए सस्ता : मारुति की गाड़ियों के दाम 32,500 तक बढ़े, 4 बड़े बदलाव



नई दिल्ली,1 फरवरी (एजेंसियां)। 1 फरवरी 2025 से 19 किलो वाला कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 7 रुपए तक सस्ता हो गया है। दिल्ली में अब ये 1797 रुपए का मिलेगा। वहीं मारुति सुजुकी ने अपनी गाड़ियों की कीमतें 32,500 रुपए तक बढ़ा दी हैं।आज से 19 किलो वाला कॉमर्शियल सिलेंडर 7 रुपए तक सस्ता हो गया है। दिल्ली में इसकी कीमत 7 रुपए घटकर 1797 हो गई। पहले ये 1804 में मिल रहा था। कोलकाता में यह 4 रुपए घटकर 1907 में मिल रहा है, पहले इसके दाम 1911 थे। मुंबई में सिलेंडर 1756 रुपए से 6.50 रुपए घटकर 1749.50 रुपए हो गया है। चेन्नई में सिलेंडर 1959.50 रुपए पर मिल रहा है। हालांकि, 14.2 केजी वाले घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में यह 803 और मुंबई में 802.50 का मिल रहा है।मारुति सुजुकी ने अपने अलग-अलग मॉडलों की कीमतों में 32,500 रुपए तक की बढ़ोतरी की है। जिन मॉडलों की कीमत में यह बदलाव होगा, इनमें ऑल्टो के10, एस-प्रेसो, सेलेरियो, वैगन आर, स्विफ्ट, डिजायर, ब्रेज़ा, आर्टिगा, इग्निस, बलेनो, सियाज, एक्सएल6, फ्रोंक्स, इनविक्टो, जिम्नी और ग्रैंड विटारा शामिल हैं।ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने एयर ट्रैफिक फ्यूल की कीमतों को बढ़ाया है। इससे हवाई सफर महंगा हो सकता है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली में एटीएफ 5078.25 रुपए महंगा होकर 95,533.72 रुपए प्रति किलोलीटर (1000 लीटर) हो गया है।

**कोटक महिंद्रा बैंक ने सर्विस चार्ज और नियमों में किया बदलाव**

कोटक महिंद्रा बैंक ने कुछ चीजों के सर्विस चार्ज में बढ़ोतरी की है।यह बदलाव खास तौर पर 811 सेविंग अकाउंट होल्डर्स पर लागू होगा। कोटक बैंक अपने डेबिट कार्ड धारकों के लिए फ्री एटीएम ट्रांजेक्शन लिमिट में बदलाव किया है। बैंक ने इस बदलाव की जानकारी अपने ग्राहकों को ईमेल के जरिए दी है।

**पेट्रोल-डीजल के दाम में बदलाव नहीं: दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए लीटर**

पेट्रोल-डीजल की कीमतों में आज यानी 1 फरवरी को भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। फिलहाल दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए लीटर है, तो डीजल 87.62 रुपए लीटर के हिसाब से बिक रहा है। वहीं, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपए और डीजल 89.97 रुपए प्रति लीटर मिल रहा है।

## असम के नामरूप में होगी 12.7 लाख मीट्रिक टन वाले संयंत्र की स्थापना

### फुटवियर के लिए भी योजना तैयार : निर्मला सीतारमण



नई दिल्ली,1 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश किया। देश के विभिन्न राज्यों को कई सौगातें दीं। बिहार में मखाना बोर्ड के गठन का तो असम में यूरिया संयंत्र खोलने का ऐलान किया। लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, असम के नामरूप में 12.7 लाख मीट्रिक टन की वार्षिक क्षमता वाले संयंत्र की स्थापना की जाएगी। पूर्वी क्षेत्र में बंद पड़े तीन यूरिया संयंत्रों को फिर से खोला गया है, यह यूरिया उत्पादन में आत्मनिर्भरता की ओर कदम है।वित्त मंत्री ने कहा कि भारत के फुटवियर और लेदर क्षेत्र के लिए सहायता के अलावा बिना लेदर वाले फुटवियर के लिए योजना है। 22 लाख रोजगार और 4 लाख करोड़ का कारोबार और 1.1 लाख करोड़ से ज्यादा निर्यात की उम्मीद है। इसके अलावा खिलौना निर्माण के लिए मेक इन इंडिया के तहत योजना शुरू की जाएगी। सूक्ष्म उद्यमों के लिए 5 लाख की सीमा वाले विशेष अनुकूल क्रेडिट कार्ड शुरू किए जाएंगे। पहले वर्ष में 10 लाख कार्ड जारी किए जाएंगे। स्टार्टअप के लिए एआईएफ को 91 हजार करोड़ से ज्यादा सबमिशन मिले हैं। 10 हजार करोड़ का नया अंशदान किया जाएगा।

उन्होंने आगे कहा, इस बजट के माध्यम से सरकार का प्रयास है कि विकास में तेजी लाना, समावेशी विकास, निजी क्षेत्र का निवेश, घरेलू भावनाओं का उत्थान, भारत के बढ़ते मध्यम वर्ग की खर्च करने की शक्ति को बढ़ाना है। इसके अलावा एमएसएमई वर्गीकरण के लिए निवेश की सीमा 2.5 गुना बढ़ाई जाएगी। एमएसएमई वर्गीकरण के लिए टर्नओवर सीमा दो गुना की जाएगी। इससे उन्हें आगे बढ़ने और हमारे युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने का आत्मविश्वास मिलेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि एमएसएमई के लिए ऋण प्राप्ति को सुलभ बनाना है। इसके तहत सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए 5 करोड़ से 10 करोड़, अगले 5 वर्षों में 1.5 लाख करोड़ का अतिरिक्त ऋण। इसके अलावा उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत सूक्ष्म उद्यमों के लिए 5 लाख की सीमा वाले विशेष कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड्स की शुरुआत होगी। बजट भाषण में वित्त मंत्री ने कहा कि सहकारी क्षेत्र के लिए ऋण उपलब्ध कराने के कार्यों के लिए सरकार राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम को समर्थन प्रदान करेगी। इसके अलावा स्टार्टअप्स के फंड के लिए नए फंड की स्थापना की जाएगी।

10,000 करोड़ रुपये के मौजूदा सरकारी योगदान के अतिरिक्त 10,000 करोड़ रुपये का नया योगदान दिया जाएगा। 5 लाख महिलाओं, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के पहली बार के उद्यमियों के लिए नई योजना शुरू की जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि भारतीय डाक विभाग सार्वजनिक संगठन में बदला जाएगा। विश्वकर्माओं, महिलाओं, स्वसहायता समूह की आवश्यकताओं की पूर्ति होगी। किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 7.7 करोड़ किसानों, मछुआरों आदि को क्रेडिट मिलता है। इसकी सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख कर दी जाएगी।

## ट्रम्प ने कनाडा-मेक्सिको पर 25%, चीन पर 10% टैरिफ लगाया : व्हाइट हाउस बोला- इन देशों के ड्रग्स भेजने से अमेरिका में लाखों जानें गईं



वॉशिंगटन,1 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प आज यानी 1 फरवरी से कनाडा और मेक्सिको पर 25% और चीन पर एक्स्ट्रा 10% टैरिफ लगा दिया है। इसे लेकर उन्होंने एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किए। इस दौरान जब ट्रम्प से पूछा गया कि क्या ये देश टैरिफ में देरी के लिए कुछ कर सकते हैं। उन्होंने जवाब दिया कि नहीं, वे अब कुछ नहीं कर सकते। ट्रम्प ने कहा कि हमारी धमकियां सिर्फ सौदेबाजी के लिए नहीं हैं। इन तीनों देशों के साथ हमारा बड़ा व्यापारिक घाटा है। हम आगे यह भी देखेंगे कि इसमें बढ़ोतरी करना है या नहीं, लेकिन अमेरिका में बहुत सारा पैसा आएगा। इससे पहले शुक्रवार को व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट ने कहा कि डोनाल्ड ट्रम्प शनिवार से कनाडा और मेक्सिको से इंपोर्ट पर 25% और चीनी सामान पर 10% टैरिफ लगाएंगे, क्योंकि इन देशों से हमारे देश में अवैध फेंटेनाइल ड्रग पहुंच रहा है, जिससे लाखों अमेरिकी मारे गए हैं। फेंटेनाइल एक पावरफुल सिंथेटिक ओपिओइड यानी ड्रग है। इसका ओवरडोज दिमाग में ऑक्सीजन की सप्लाई को कम कर देता है। इससे इंसान कोमा में जा सकता है, या उसकी मौत भी हो सकती है। ट्रम्प यूरोप से आने वाले एल्युमीनियम, कॉपर, मेडिसिन और सेमीकंडक्टर पर भी टैरिफ लगाने का विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम स्टील, एल्युमीनियम और कॉपर पर टैरिफ लगाने जा रहे हैं। कॉपर पर टैरिफ लगाने में थोड़ा ज्यादा समय लगेगा।शुक्रवार कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा था कि हम नहीं चाहते हैं कि ऐसा कुछ हो, लेकिन अगर वो आगे बढ़ते हैं तो हम भी कार्रवाई करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कनाडा जवाबी कार्रवाई के तौर पर ट्रम्प के होम स्टेट फ्लोरिडा के ऑरेंज जूस पर टैरिफ लगा सकता है।वहीं मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने कहा कि वो हालात का जायजा लेकर ही आगे का फैसला करेंगी। हालांकि उन्होंने चेतावनी दी है कि मेक्सिको भी जवाबी कार्रवाई कर सकता है। शिनबाम ने कहा- हम हमेशा अपने लोगों के सम्मान के लिए बिना किसी दबाव के बात करने को हैं।चीन ने कहा कि हम ट्रम्प का फैसले का विरोध करते हैं। इस टैरिफ वॉर में कोई विजेता नहीं होगा। इससे न तो दोनों देशों का और न ही दुनिया का फायदा होगा। कनाडा-मेक्सिको को ऑयल इंपोर्ट में छूट मिल सकती है गुरुवार को ट्रम्प ने कहा था कि मैं कनाडा और मेक्सिको पर 25% टैरिफ लगाऊंगा, क्योंकि इन देशों के साथ हमारा घाटा बहुत ज्यादा है।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**



श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य • उत्तरायणे • ऋतु • शिशिर
महावीर निर्वाण संवत -2051, हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426875
सूर्योदय - 06-51
सूर्यास्त. -18-08
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125

| ग्रह स्थिति | | |
|---|---|---|
| सूर्य- | मकर | मे |
| चंद्र- | मीन | मे |
| मंगल | मिथुन (व) | मे |
| बुध- | मकर | मे |
| गुरु- | वृष | मे |
| शुक्र- | मीन | मे |
| शनि- | कुंभ | मे |
| राहु- | मीन | मे |
| केतु- | कन्या | मे |

| लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|
| मकर... | 04-48 | बजे |
| कुंभ... | 07-28 | बजे |
| मीन... | 09-06 | बजे |
| मेष... | 10-42 | बजे |
| वृष... | 12-24 | बजे |
| मिथुन | 14-28 | बजे |
| कर्क.. | 16-40 | बजे |
| सिंह... | 18-52 | बजे |
| कन्या... | 21-00 | बजे |
| तुला.... | 23-04 | बजे |
| वृश्चिक.. | 01-13 | बजे |
| धनु...... | 03-28 | बजे |

दिशाशूल - पश्चिम - पान खाकर घर से निकले
तिथि- चतुर्थी . 09-14 तक उपरान्त पंचमी क्षय
मास - माघ शुक्ल , रविवार 02 February
नक्षत्र - उ.भाद्रपद 00-52 तक उपरान्त रेवती
योग - शिव 09-14 तक उप सिद्ध
करण- विष्टी 09-14 तक उप बव
विशेष:- वसन्त पंचमी, श्री पंचमी(तिथि क्षय)
व्रत -त्योहार - सरस्वती लक्ष्मी पूजन

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल** 16:46 से 18:11 तक

**पं महेशचन्द्र शर्मा** मो. 9247132654, 9167555710

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्पात | 06:51 - 08:14 | अशुभ | शुभ | 18:08 - 19:46 | शुभ |
| चंचल | 08:14 - 09:39 | शुभ | अमृत | 19:46 - 21:20 | शुभ |
| लाभ. | 09:39 - 11:05 | शुभ | चंचल | 21:20 - 22:55 | शुभ |
| अमृत | 11:05 - 12:30 | शुभ | रोग | 22:55 - 00:30 | अशुभ |
| काल | 12:30 - 13:55 | अशुभ | काल | 00:30 - 02:05 | अशुभ |
| शुभ | 13:55 - 15:20 | शुभ | लाभ. | 02:05 - 03:39 | शुभ |
| रोग | 15:20 - 16:46 | अशुभ | उत्पात | 03:39 - 05:14 | अशुभ |
| उत्पात | 16:46 - 18:08 | अशुभ | शुभ. | 05:14 - 06:51 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
आज आपको अपना कठोर और मजाकिया दृष्टिकोण को बदलने की जरूरत है, बेहतर होगा कि आप लोगों की भावनाओं से सम्बन्ध स्थापित करे और साथ ही साथ ये जानने की भी कोशिश करे कि वे क्या चाहते हैं और कौन सा रास्ता उन्होंने अपनाया है ! ध्यान देने योग्य बात ये है की आपको समझना होगा की चीज़े कैसे कार्य कर रही है बजाय की आप अपना तरीका अपने सहकर्मियों पर थोपे ।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आप अपने परिवार के हित और अपने व्यावसायिक हित के बीच अपने आप को फंसा हुआ पाएंगे । अपने परिवार के कल्याण को चुने और थोड़ी देर के लिए अन्य बातों को बस्ते में डाल दे । आपका वित्तीय भाग्य बहुत मजबूत है। आप आज बोली भी लगा सकते हैं और उसमे जीतने की संभावना काफी प्रबल है। इस समय किये गए सभी निवेश आपको भविष्य में अच्छी तरह से लाभान्वित करेंगे ।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
काम का दबाव आप पर बढ़ेगा और आप उन चीजो से दूर हो सकते है जिन को करने में आपको आनंद आता था । आपको आराम करने के लिए ज्यादा समय नहीं मिल पायेगा इसलिए आपको जीवन की छोटी बातों से आनंद लेना होगा । ये बहुत ही संतोषजनक और आपके सामान्य प्रयास की तुलना में कम खर्चीला साबित होगा , इसका अर्थ है की आज कुछ अनावश्यक खर्चो पर आप बचत कर पायेंगे ।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
आप सफलतापूर्वक अपने रचनात्मक कार्यो को खत्म करने में सक्षम होंगे । इस जश्न को मनाने के लिए आप एक पार्टी की मेजबानी की योजना भी बना सकते हैं और जिन्होंने भी इस यात्रा में आप का समर्थन किया एवं अपने विरोधियों को भी समारोह में आमंत्रित करें । अपनी कमाई और खर्च के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए भी प्रयास करते रहे ।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
कार्यस्थल पर प्रभावी ढंग से संवाद करने की क्षमता आप के खिलाफ की गई कुछ कार्रवाई करने के कारण प्रभावित हो रही है! आप पर संगठन का विश्वास और गोपनीयता के उल्लंघन का आरोप लगाया जा सकता है। अपने आप को शांत बनाए रखे और अन्य लोगों की जरूरतों पर विचार करें। यह जल्द ही अपने पक्ष में होगा ।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आज आतिथ्य / परोपकारी गतिविधियों में काम कर रहे लोगों के लिए एक विशेष दिन है। आज आपके विद्रोही भी आपके सामने झुकेंगे । सफलता आपके पास आयेगी। आप किसी भी दबाव में या जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें जिससे आपको कोई नुकसान हो ।अगर आप आय के अधिक स्रोतों को प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है , तो आज आप भाग्यशाली हो सकते है ।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आपको आज आपके कार्य क्षेत्र में एक मूल्यवान सुझाव किसी निकट व्यक्ति जो आपके हृदय के पास हो से मिल सकता है । अगर आप उसकी बात को ध्यानपूर्वक सुनेंगे तो आगे जाकर आपके भविष्य में अनुकूल प्रभाव पड़ सकता है। आपको उड़ती हुई धुंध को हटाना है और गंभीरता से भले और बुरे के बारे में सोचना है की किस दिशा में आपका नौकरी या कार्य क्षेत्र जा रहा है ।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
आप आभूषण या कुछ बहुमूल्य रत्नो या मॉडलिंग या उस तरह के समान पेशे से जुड़े हुए है । आपको अपने व्यापारिक गतिविधियों या किसी समारोह के लिए विदेश यात्रा करनी पड़ सकती है । आपके सफल होने के आसार हैं, इसलिए चिंता छोड़ो और आगे बढ़ो । आपको अपनी उम्मीदों से कहीं अधिक पैसे की प्राप्ति होगी।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
जिस महत्वपूर्ण कार्य के लिए आपने नींव बिछाने का कार्य किया था उसका फल आज से आपको मिलने लगेगा । हालांकि कुछ महत्वपूर्ण संकेतो को आप शायद न देख पाओ और निराशा और आलसीपन आप में विकसित हो सकता है। अगर आप अपने प्रयासों में कमी लाएंगे तो आपकी सारी की गई मेहनत पर पानी फिर सकता है , इसलिए जरुरी है की आप अपने प्रयासों को मजबूती से करना जारी रखे।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आज कार्यस्थल पर कई अलग तरह की स्थितियां आपके समक्ष आएंगी और आप इसके लिए बाध्य होगे की आप स्थितियों के अनुसार सही निर्णय लेकर आगे बढे । आज आपके काम की नैतिकता के लिए अतिरिक्त ध्यान देने की जरुरत है । अपने सहकर्मियों के साथ न चलने के कारण कुछ तनाव की स्थितियां सामने आ सकती है।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आज आप एक आमंत्रक की भूमिका में रहेंगे ! इसलिए एक मेजबान की जगह एक आयोजक की भूमिका में रहे , आप दोनों ही मामलो में अच्छी राशि पाएंगे परन्तु एक आयोजक की भूमिका लाभप्रद होगी । यह आपकी जन्मजात क्षमताओं में से एक है सिर्फ आप उसकी पहचान नहीं कर पाये थे ।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
अपने सृजनात्मक विचारों को कार्यान्वित करने का यह बहुत अच्छा समय है । अपने विचारों को बड़ा रखें तथा किसी बौद्धिक या व्यवसायिक प्रशिक्षण में हिस्सा लें, इससे आपको औरो पर बढ़त हासिल होगी । हालाँकि ऐसा करते हुए आपको कुछ वित्तीय परेशानियां आ सकती हैं । आपको अब धीरे धीरे यह बात समझ में आ पा रही है कि आपको अपने खाने के पैटर्न और अपनी जीवनशैली में कुछ बहुत बड़े बदलाव करने की जरूरत है।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

## खाद्य और उर्वरक सब्सिडी के लिए 3.71 लाख करोड़ रुपये का आवंटन, किसानों को होगा ये फायदा

नई दिल्ली,1 फरवरी (एजेंसियां)। खाद्य और उर्वरकों पर सरकारी सब्सिडी वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 3.71 लाख करोड़ आंकी गई है, जो चालू वित्त वर्ष में अनुमानित व्यय से 0.70 फीसदी अधिक है। अगले वित्त वर्ष में खाद्य सब्सिडी के लिए 2,03,420 करोड़ रुपये की राशि का आवंटन किया गया है। यह राशि वित्त वर्ष 2024-25 के संशोधित अनुमान से अधिक है, जो 1,97,420 करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2023-24 में खाद्य सब्सिडी का बिल 2.11 लाख करोड़ रुपये था। उर्वरक सब्सिडी के लिए 2025-26 में 1.67 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, जो इस साल के संशोधित अनुमान 1.71 लाख करोड़ रुपये से कम है। पिछले वर्ष उर्वरक सब्सिडी के लिए 1.88 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किए गए थे।

## इंडिया पोस्ट की बदलेगी सूरत, सरकार ने की खास तैयारी, बजट में हुआ ऐलान

नई दिल्ली,1 फरवरी (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को केंद्रीय बजट 2025 पेश किया। इसमें इनकम टैक्स से लेकर दूसरे सेक्टर तक के लिए कई घोषणाएं की गईं। बजट में सरकार ने इंडिया पोस्ट की सूरत बदलने का भी ऐलान किया। बजट में बताया गया कि सरकार इसके लिए क्या तैयारी कर रही है।बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार की योजना भारतीय डाक विभाग को 1.5 लाख ग्रामीण डाकघरों के साथ एक बड़े लॉजिस्टिक्स संगठन में बदलने की है। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। कुछ साल पहले, ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों को बैंकिंग सेवाएं देने और वित्तीय स्थिति को बढ़ावा देने के लिए भारतीय डाक को डिजिटल किया गया था। सरकार ने बजट में एमएसएमई के लिए भी खास ऐलान किया है। वित्त मंत्री ने कहा, 'गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के साथ एमएसएमई का निर्यात में 45 फीसदी योगदान है।' उन्होंने कहा कि सरकार एमएसएमई के लिए लोन गारंटी कवर बढ़ाएगी। एमएसएमई के लिए क्रेडिट गारंटी कवर को 5 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10 करोड़ कर दिया गया है। साथ ही उद्यम पोर्टल में रजिस्टर्ड एमएसएमई को 5 लाख रुपये तक की लोन सीमा वाला क्रेडिट कार्ड मिलेगा।बजट में महिलाओं के लिए भी कई घोषणाएं की गई हैं। वे महिलाएं जो पहली बार कारोबार करने जा रही हैं, उन्हें 2 करोड़ रुपये तक का लोन मिलेगा। अभी इसका फायदा 5 लाख महिलाओं को मिलेगा। देश में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ाने के लिए नेशनल मैन्युफैक्चरिंग मिशन लॉन्च किया जाएगा।

## बजट से लडखडाया बाजार, सेंसेक्स-निफ्टी उतार-चढ़ाव के बाद सपाट बंद

नई दिल्ली, 1 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय बजट प्रस्तुति से पहले शनिवार को शुरुआती कारोबार में बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी रही। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 136.44 अंक चढ़कर 77,637.01 अंक पर पहुंच गया। वहीं एनएसई निफ्टी 20.2 अंक चढ़कर 23,528.60 अंक पर पहुंच गया।

30 शेयरों वाले ब्लू-चिप पैक में आईटीसी होटल्स, इंडसइंड बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सन फार्मा, अल्ट्राटेक सीमेंट और एनटीपीसी सर्वाधिक लाभ में रहे। टाइटन, कोटक महिन्द्रा बैंक, नेस्ले, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक और आईसीआईसीआई बैंक पिछड़ने वाले शेयरों में शामिल रहे। बाजट में हुए एलानों का असर बाजार पर पड़ता रहेगा। बजट से एक बड़ी उम्मीद यह है कि मध्यम वर्ग को राहत देने और उपभोग को बढ़ावा देने के लिए व्यक्तिगत आयकर में कटौती की जाएगी, जिससे विकास की गति सुधरेगी। कर राहत पर वित्त मंत्री क्या फैसला लेंगी, यह थोड़ी देर में पता चल जाएगा। हालांकि, जानकार आशंका जता रहे हैं कि किसी बड़ी राहत की उम्मीद फिलहाल नहीं है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने कहा, बाजार विकास को बढ़ावा देने वाले उपायों की तलाश करेगा, न कि पूंजीगत लाभ कर में बदलाव जैसे राहतों की। उन्होंने कहा कि बजट पर बाजार की प्रतिक्रिया कुछ दिनों से अधिक नहीं रहेगी। विकास और आय में सुधार के रुझान मध्यम से लंबी अवधि में बाजार की दिशा तय करेंगे। सरकार के बजट-पूर्व आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, आगामी वित्त वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था 6.3-6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है, जो विकसित देश बनने के लिए आवश्यक वृद्धि दर से काफी कम है। वृद्धि को प्रोत्साहित करने के लिए भूमि और श्रम जैसे क्षेत्रों में विनियमन हटाने और अन्य सुधार की जरूरत है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा शुक्रवार को संसद में पेश किए गए अर्थव्यवस्था की स्थिति संबंधी दस्तावेज में संकेत दिया गया है कि भारत की विश्व को पछाड़ने वाली वृद्धि धीमी पड़ रही है तथा 2047 तक विकसित भारत लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यक लगभग 8 प्रतिशत वार्षिक दर प्राप्त करने के लिए और अधिक कार्य किए जाने की आवश्यकता है। छुट्टियों के कारण शनिवार को एशियाई बाजार बंद रहेंगे। इससे पहले घरेलू शेयर बाजार में सपाट शुरुआत हुई। बाजार के जानकारों का कहना है कि पिछले कुछ सालों से बजट के दिन शेयर बाजार की चाल बदल जाती है। यदि बाजार में गिरावट आती है तो कुछ समय के भीतर इसमें सुधार भी हो जाता है। बावजूद इसके पिछले पांच सालों के बजट पर नजर डालें तो दो बार बजट के दिन सेंसेक्स में उछाल देखने को मिला और तीन बार बजट के दिन सेंसेक्स में भारी गिरावट देखने को मिली।बजट का असर इस बार बाजार पर कैसा होगा यह कहना मुश्किल है। सप्ताह के पहले दिन बाजार में बिकवाली हावी रही है। वहीं हफ्ते के दूसरे दिन मंगलवार को निफ्टी और बीएसई इंडेक्स में उछाल रहा। बुधवार 29 फरवरी को एनएसई निफ्टी 205.85 अंक बढ़कर और बीएसई 653.95 अंक बढ़कर बंद हुआ। बजट सप्ताह होने की वजह से बाजार में हलचल बनी हुई है। यदि पिछले पांच साल के बजट पर नजर डालें तो बजट भाषण के बीच बाजार उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। विशेषज्ञ बताते हैं कि साल 2021 में बजट वाले दिन शेयर बाजार 21 प्रतिशत चढ़ा था, जबकि बजट के दिन सबसे अधिक गिरावट साल 2020 में देखने को मिली, जब बजट के दौरान 2.4 प्रतिशत गिरावट आई थी। पिछले साल 23 जुलाई 2024 को बजट पेश किया गया था और वित्त मंत्री कैपिटल गेन्स टैक्स को लेकर अपना भाषण दिया था, तो बीएसई सेंसेक्स में 1200 अंकों की गिरावट आई और एनएसई इंडेक्स 400 अंक तक टूटा था, हालांकि बाद में बाजार बंद होने तक रिकवरी देखने को मिली। असित सी मेहता इन्वेस्टमेंट के शोध प्रमुख सिद्धार्थ भामरे ने बताया बाजार बजट पर हमेशा से रिएक्ट करता रहा है, हालांकि बड़े से बड़े इवेंट को वो आसानी से लेता भी है। 2024 के आम चुनाव के नतीजे जो बाजार के अनुमान के मुताबिक नहीं आए थे, उसकी वजह बाजार में गिरावट देखने को मिली थी, लेकिन बाद में बाजार बंद होने से पहले इसमें सुधार हुआ और कुछ दिन में निवेशक और बाजार इस इवेंट से आगे बढ़ गए।

# पादरी ने देवी-देवताओं को यीशु से छोटा बताया

## धर्मांतरण के लिए बीमार-गरीब लोग टारगेट, जूदेव बोले-ये सांस्कृतिक आतंकवाद, ईसाई समुदाय बोला-सरकार जुर्म ढा रही

रायपुर, 1 फरवरी (एक्सक्लूसिव डेस्क)। रायपुर के पंडरी के मितान विहार में चंगाई सभा में धर्मांतरण और हिंदू देवी-देवताओं के अपमान पर जमकर बवाल हुआ। दावा है कि चंगाई सभा में 4 हिंदू परिवारों का धर्मांतरण कराया जा रहा था, लेकिन उसके पहले ही बजरंग दल और आरएसएस के कार्यकर्ताओं ने हंगामा कर दिया।

मोवा थाने में दर्ज एफआईआर के मुताबिक पादरी कीर्ति केशरवानी और उसके सहयोगी हिंदू देवी-देवताओं को ईसा मसीह से छोटा बता रहे थे। यीशु मसीह की शरण में आने पर दुख दूर होने की बात कह रहे थे। ये सब पादरी के किराए के मकान में चल रहा था। पुलिस ने 3 लोगों को अरेस्ट किया है, लेकिन एक को छोड़ दिया।

इस पर अखिल भारतीय घर वापसी प्रमुख प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने कहा कि धर्मांतरण-मतांतरण विदेशी षड्यंत्र है। ये सांस्कृतिक आतंकवाद है। इसे जल्द काबू करना चाहिए। वहीं छत्तीसगढ़ क्रिश्चियन फोरम के अध्यक्ष अरुण पन्नालाल ने इसे साजिश बताया। उन्होंने कहा कि समाज को डराने की कोशिश की जा रही है।

मितान विहार कॉलोनी के जिस मकान के बाहर विवाद हुआ, वहां पर जाकर छानबीन की। पादरी कीर्ति केशरवानी के मकान से कुछ दूरी पर रहने वाले स्थानीय निवासी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि इस मकान में बीते कई साल से अस्थाई चर्च चल रहा है।

उन्होंने बताया कि कीर्ति बीते 9 साल से इस मकान में रह रहे हैं। ये मकान उन्होंने किराए पर ले रखा है। यहां चंगाई सभा का आयोजन होता है। लोगों को ईसाई धर्म अपनाने की बात कही जाती है। चंगाई सभा का आयोजन कीर्ति केशरवानी करते थे।

स्थानीय निवासी ने बताया कि लोगों को बुलाकर ईसाई धर्म से जुड़ी जानकारियां देते थे। हिंदू धर्म के जो लोग बीमारी या आर्थिक तंगी से परेशान रहते थे, उनको निशाना बनाते थे। उन्हें ईसाई धर्म अपनाने को कहते थे। सभी समस्याओं का समाधान करने की बात कहते थे।

**रायपुर के किन-किन इलाकों में धर्मांतरण का दावा?**

बजरंग दल का दावा है कि रायपुर जोरा, कमल विहार, माना, अमलीडीह, लालपुर समेत आउटर के कुछ इलाकों में धर्मांतरण-मतांतरण की शिकायत मिली है। इसको लेकर पता लगाया जा रहा है। जहां भी धर्मांतरण का खेल चल रहा है, वहां बंद कराया जाएगा।



"धर्मांतरण का मतलब सांस्कृतिक आतंकवाद है। जिस समाज का सांस्कृतिक बदलाव होता है, उसकी मानसिकता बदल जाती है। यह कॉन्वेंट कल्चर हमारे बच्चों को अपनी जड़ों से दूर करता जा रहा है।

**प्रबल प्रताप सिंह जूदेव**
अखिल भारतीय घर वापसी प्रमुख

**केस- 1- रायपुर में 26 जनवरी को कैसे मचा बवाल?**

दरअसल, 26 जनवरी को मितान विहार कॉलोनी के मकान नंबर–3 में पादरी कीर्ति केशरवानी रहता है। यहां सभा भी करता है। मकान में सुबह 11.30 बजे ईसाई धर्म को मानने वाले महारथी बंजारे, जीवन लाल साहू और टंडन पहुंचे थे। इन्होंने चंगाई सभा का आयोजन किया।

चंगाई सभा में कॉलोनी में ही रहने वाले हिंदू धर्म के 4 परिवारों के सदस्यों को बुलाया गया। पादरी कीर्ति केशरवानी और उसके सहयोगियों ने हिंदू देवी-देवताओं का अपमान किया। हिंदू देवी-देवताओं को भला-बुरा कहा। पादरी और उसके साथी केरल के बिलीवर्स ईस्टर्न चर्च के संपर्क में थे।

**पुलिस ने टंडन नाम के व्यक्ति को छोड़ा**

स्थानीय और हिंदू संगठनों की शिकायत के बाद पुलिस ने पादरी कीर्ति केशरवानी, उनके सहयोगी महारथी बंजारे और जीवन लाल साहू को गिरफ्तार किया है, लेकिन सहयोगी टंडन नाम के व्यक्ति की शिकायत नहीं मिलने पर कार्रवाई नहीं की। उसे छोड़ दिया गया।

**केस- 2- बिलासपुर में प्रार्थना सभा स्थल के नाम पर चर्च का निर्माण**

नवंबर 2024 में बिलासपुर के रतनपुर बंगलाभाठा गांव में क्रिश्चियन समाज के लोगों ने आदिवासी समुदाय प्रार्थना घर के नाम से चर्च का निर्माण करवाया। हिंदू संगठन के लोगों को इसकी जानकारी हुई, तो उन्होंने बंगलाभाठा पहुंचकर प्रदर्शन किया।

हिंदूवादी संगठनों ने चर्च स्थल पर हनुमान चालीसा का पाठ किया। उद्घाटन में कांग्रेस विधायक अटल श्रीवास्तव और बिशप डायोसिस ऑफ छत्तीसगढ़ के. सुषमा कुमार चीफ गेस्ट थे। हालांकि बवाल के बीच कार्यक्रम रद्द करना पड़ा।

छत्तीसगढ़ क्रिश्चियन फोरम के अध्यक्ष अरुण पन्नालाल ने मोवा इलाके में हुई घटना को साजिश बताया है। चर्चा के दौरान उन्होंने कहा, कि सरकार जुर्म ढा रही और हम सह रहे है। सब बिक गए है, सिर्फ एक नेता की बात चल रही है। वो चाह रहे है हमारा समाज प्रताड़ित हो।

रायपुर और बेमेतरा में जो घटनाएं बताई जा रही हैं, वो पूरी तरह गलत है। हमारे समाज के लोग दोनों जगह 26 जनवरी का कार्यक्रम मना रहे थे। हिंदू संगठन के लोग पहुंचे और नारेबाजी करने लगे। वे लोग बोलने लगे कि ये देश तुम्हारा नहीं है।

पन्नालाल ने कहा कि हमारे आदमियों पर जबरिया कार्रवाई हुई है। पूरी दुनिया देख रही है कि छत्तीसगढ़ सरकार किस तरह से काम कर रही है, लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं।

**शिकायत मिलने पर कार्रवाई की- आईपीएस अजय कुमार**

सिविल लाइन सीएसपी अजय कुमार ने बताया कि माया अग्रवाल ने कीर्ति केशरवानी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। कीर्ति केशरवानी पर किराए के मकान में चर्च चलाने का आरोप है। उनके घर में हर रविवार को प्रार्थना सभा होती थी।

वहां कई परिवार बच्चों के साथ आता था। कीर्ति केशरवानी पर हिंदू धर्म को आहत करने का आरोप है। अभी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# केंद्रीय बजट में झारखंड को क्या मिला

## केंद्रीय योजनाओं की हिस्सेदारी से ही उम्मीद, राज्य के हिस्से सीधा लाभ नहीं

रांची, 1 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्र सरकार की बजट में झारखंड को सीधा लाभ नहीं है। राज्य को लाभ केंद्रीय योजनाओं से मिलने वाली हिस्सेदारी ही है। राज्य में कई केंद्रीय योजनाएं हैं जो चल रही हैं। वहीं इस बार के बजट में केंद्रीय योजनाओं के विस्तार और उनके लिए की गई घोषणाएं ही राज्य के हिस्से आई हैं। इस तरह से देखा जाए तो जल-जीवन मिशन का अवधि विस्तार, सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र और पोषण 2.0 योजना की घोषणा, किसान क्रेडिट कार्ड, एसटी-एससी महिला उद्यमियों को ऋण और स्टार्टअप से जुड़ी घोषणाएं ही झारखंड के विकास में मददगार होंगी। केंद्र सरकार ने बजट में जल जीवन मिशन को 2028 तक बढ़ाया है। राज्य में जल-जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल पहुंचाने के लक्ष्य में पीछे है। इस योजना के तहत लगभग 53 फीसदी की काम हो सका है। ऐसे में अवधि विस्तार का लाभ राज्य को निश्चित रूप से मिलने वाला है। साल 2019 में शुरू की गई इस योजना से राज्य के 4,424 गांवों के लगभग 8 लाख ग्रामीण परिवारों को नल से जलापूर्ति उपलब्ध कराने लक्ष्य था। हालांकि यह पूरा नहीं हो सका है। नए बजट में अवधि विस्तार से राज्य में इस योजना के रफ्तार पकड़ने की उम्मीद है। देश के 20 राज्यों में 11 हजार से अधिक मिशन सक्षम आंगनबाड़ी योजना का शुभारंभ किया गया है। इस योजना पर केंद्रीय बजट में जोर है। राज्य में फिलहाल सात हजार से अधिक ऐसे सक्षम आंगनबाड़ी का निर्माण चल रहा है। कुपोषण खत्म करने, बच्चों के सही पोषण और उनके डेवलपमेंट में इन आंगनबाड़ी केंद्रों की भूमिका होगी। ये केंद्र बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखेंगे। ऐसे में इस योजना से भी राज्य को लाभ मिलेगा। राज्य में तीन लाख से अधिक बच्चे कुपोषित हैं। राज्य को कुपोषणमुक्त करने में ऐसे सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र की अहम भूमिका होगी। निश्चित रूप से राज्य और यहां की जनता इससे लाभान्वित होगी। राज्य में एसटी-एससी महिला उद्यमियों की संख्या कितनी है, यह तो स्पष्ट नहीं है पर केंद्र सरकार की इस योजना ने एसटी-एससी वर्ग की महिलाओं में उद्यमी बनने की संभावना जरूर बढ़ेगी।

# सीएम हेमंत की भाभी सीता सोरेन का बीजेपी में नहीं लग रहा दिल

## क्यों शुरू हुई झामुमो में वापसी की चर्चा

रांची, 1 फरवरी (एजेंसियां)। झारखंड की राजनीति में फिर हलचल है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन भाजपा छोड़कर वापस झामुमो में शामिल हो सकती हैं। सीता सोरेन की जेएमएम में वापसी को लेकर पार्टी प्रमुख शिबू सोरेन के आशीर्वाद का इंतजार किया जा रहा है।

जामा की विधायक रहीं सीता सोरेन पिछले साल लोकसभा चुनाव के वक्त जेएमएम की सदस्यता से त्यागपत्र देकर भाजपा में शामिल हो गईं थीं। इसके बाद लोकसभा चुनाव में सीता सोरेन ने बीजेपी टिकट पर दुमका सीट से मैदान में उतरीं। जबकि विधानसभा चुनाव में जामताड़ा सीट से मैदान में थीं। लेकिन दोनों ही चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के जन्मदिन पर सीता सोरेन अपनी बेटियों के साथ मुलाकात करने पहुंची थीं। इस मुलाकात के बाद मुलाकात के उनकी घर



वापसी की संभावना बढ़ गई है।

फिलहाल सीता सोरेन ने जेएमएम में वापसी या बीजेपी में बने रहने के सवाल पर चुप्पी साध रखी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सीता सोरेन ने कहा कि 1 फरवरी को दुमका पहुंच रही हैं। हालांकि वो सरस्वती पूजा से जुड़े कार्यक्रम को लेकर दुमका जा रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अभी वो बीजेपी में हैं, समय सब कुछ बताता है। चर्चा करने वाले को चर्चा करने दीजिए, सबकुछ समय पर छोड़ते हैं। आना-जाना लगा रहता है। परिस्थिति सब काम करवाती है। उधर, दुमका के जेएमएम विधायक और सीता सोरेन के देवर बसंत सोरेन ने कह- 'ये चर्चा आपके कानों तक है, मेरे कानों तक नहीं पहुंची है अभी।' उन्होंने स्थापना दिवस कार्यक्रम को लेकर कहा कि कार्यकर्ताओं में काफी जोश और उमंग है। पिछले साल कार्यकारी अध्यक्ष नहीं थे। इसकी वजह से पिछले साल ढंग से स्थापना दिवस नहीं मना पाए थे, लेकिन इस बार काफी उत्साहित हैं।

राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि हेमंत सोरेन भी अपनी भाभी की घर वापसी के इच्छुक हैं। हालांकि हेमंत सोरेन जेल में थे, उसी दौरान सीता सोरेन ने भाजपा का दामन थामा था। तब से ही कयास लगाए जा रहे थे कि हेमंत सोरेन के रिहा होने के बाद सब कुछ ठीक हो जाएगा। अब लगता है कि वह समय आ गया है। सूत्रों के अनुसार, सीता सोरेन अपने राजनीतिक सलाहकार और बेटी के साथ इस बारे में विचार-विमर्श कर रही हैं। जल्द ही वे खुद इस बारे में आधिकारिक घोषणा कर सकती हैं। सीता सोरेन के भाजपा में शामिल होने के बाद राजनीतिक गलियारों में काफी चर्चा हुई थी। उनके झामुमो छोड़ने को पार्टी के लिए एक बड़ा झटका माना गया था। लेकिन अब उनकी वापसी झामुमो के लिए एक नई ऊर्जा का संचार करेगी। यह देखना दिलचस्प होगा कि आने वाले दिनों में झारखंड की राजनीति किस रूप लेती है। क्या सीता सोरेन को पार्टी में कोई महत्वपूर्ण पद दिया जाएगा? क्या यह घर वापसी झामुमो को आने वाले चुनावों में फायदा पहुंचाएगी? इन सभी सवालों के जवाब समय के साथ ही मिलेंगे। लेकिन फिलहाल, झारखंड की राजनीति में एक नया अध्याय शुरू होने वाला है।

# पलामू में मिला 9 किलो का आईईडी किया गया डिफ्यूज

पलामू, 1 फरवरी (एजेंसियां)। झारखंड के पलामू जिले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के दुधिया गांव में पुलिस ने एक शक्तिशाली इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद किया। यह बम जमीन में छिपाकर रखा गया था। बम निरोधक दस्ते की मदद से आईईडी को डिफ्यूज कर दिया गया। पुलिस को 15 लाख के इनामी माओवादी नितेश यादव और 10 लाख के इनामी नक्सली संजय यादव की मौजूदगी की सूचना मिली थी, जिसके बाद यहां सर्च ऑपरेशन चलाया गया। एसपी रीष्मा रमेशन के अनुसार, हुसैनाबाद-हैदरनगर, पांडू, मोहम्मदगंज और विश्रामपुर थाना पुलिस के साथ जगुआर, सैट और जैप की टीमें अभियान में शामिल थीं। तलाशी के दौरान सड़क किनारे एक बरगद के पेड़ के नीचे नई खुदी हुई मिट्टी दिखी। जांच में वहां से 9 किलो का आईईडी और एक देसी कट्टा बरामद हुआ।

# कोयला खदान हमला मामले में एनआईए की कार्रवाई

## गैंगस्टर अमन साहू के भाई के खिलाफ आरोपपत्र किया दाखिल

नई दिल्ली, 1 फरवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने झारखंड तेतरियाखंड कोयला खदान आतंकी हमला मामले में खूंखार गैंगस्टर अमन साहू के छोटे भाई के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। शनिवार को एक बयान में जांच एजेंसी ने यह जानकारी साझा की है। मामले में एनआईए ने कहा कि यह हमला दिसंबर 2020 में सुजीत सिन्हा और अमन साहू आतंकी गिरोह के सदस्यों की तरफ से झारखंड के लातेहार में जबरन वसूली और कोयला खदान में व्यवधान पैदा करने के उद्देश्य से रची गई आपराधिक साजिश के तहत किया गया था।

जांच एजेंसी की तरफ से जारी बयान के अनुसार, झारखंड के रांची जिले के आकाश कुमार पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम की कई धाराओं के तहत आरोप पत्र दायर किया गया है।

**मामले में अब तक 26 आरोपियों पर पांच आरोप पत्र दायर**

इसके साथ ही एनआईए ने मामले में अब तक 26 आरोपियों के खिलाफ पांच आरोप पत्र दायर किए हैं। मार्च 2021 में जांच का जिम्मा संभालने वाली एनआईए ने जांच के दौरान पाया कि झारखंड भर में कई आपराधिक मामलों में संलिप्तता के कारण वर्तमान में जेल में बंद आकाश साहू सीधे तौर पर खदान हमले की साजिश में शामिल था। उसने कहा कि वह आतंकी गिरोह के लिए आतंकी फंड को पनाह देने, उसे चैनलाइज करने और निवेश करने तथा बुनियादी ढांचा तैयार करने में लगा हुआ था। आकाश साहू आतंकी गिरोह का वित्तीय नोड था और कई चैनलों के जरिए लेवी और जबरन वसूली करता था। वित्तीय परतों का उपयोग करते हुए, वह कई फर्जी फर्मों और अन्य वित्तीय संस्थाओं के माध्यम से उगाही गई धनराशि को सफेद कर रहा था।

**कई अपराधों में शामिल रहा है अमन साहू गिरोह**

जांच एजेंसी ने अपने बयान में कहा गया है कि वह अमन साहू और उसके सहयोगियों की कई संपत्तियों में भी धन का निवेश कर रहा था। इसमें आगे कहा गया है कि अमन साहू गिरोह झारखंड में कई जघन्य अपराधों में शामिल रहा है, जिसमें बम विस्फोट, गोलीबारी, आगजनी, साथ ही पुलिस अधिकारियों और जेल अधिकारियों पर गोलीबारी शामिल है।

एनआईए जांच के अनुसार, यह गिरोह सरकारी काम और कानून व्यवस्था को बाधित करने के अलावा व्यापारियों और ठेकेदारों को जबरन वसूली/लेवी वसूलने के लिए आतंकित करने में भी शामिल रहा है। एनआईए ने कहा कि गिरोह ने अपने हिंसक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए राज्य के बाहर नक्सली संगठनों और अन्य आतंकी गिरोहों के साथ संबंध भी बनाए हैं।

# मेघना तंबाकू का नकली उत्पाद

## दस्तावेज बगैर बना लिया तंबाकू की फैक्ट्री, सेंट्रल जीएसटी की टीम का छापा, टैक्स चोरी की भी आशंका

बिलासपुर, 1 फरवरी (एजेंसियां)। छतीसगढ़ के बिलासपुर में तंबाकू के नकली प्रोडक्ट बनाने और जीएसटी चोरी के मामले में शनिवार को सेंट्रल जीएसटी की टीम ने कारोबारी के ठिकाने पर छापेमारी की है। कारोबारी ने बगैर दस्तावेज के तंबाकू की फैक्ट्री बना लिया और उसमें मेघना तंबाकू के नाम से नकली प्रोडक्ट बनवा रहा था। कारोबार की आड़ में कारोबारी जीएसटी चोरी भी कर रहा था। कारोबारी और फर्म का नाम ताकत दास सुंदर दास ट्रेडिंग कंपनी है, जिसके यहां जीएसटी की जांच चल रही है।

सेंट्रल जीएसटी टीम शनिवार दोपहर 12 बजे सरकंडा स्थित तंबाकू व्यवसायी के ठिकाने पर पहुंची। करीब आधा दर्जन गाड़ियों में सवार जीएसटी अधिकारी और कर्मचारी यहां ताकत दास सुंदर दास ट्रेडिंग कंपनी की फैक्ट्री में घुस गए।

# दहेज के लिए पत्नी को मारकर फंदे से लटकाया

## पति, सास-ससुर ने पहले सिर दीवार पर पटका, फिर रस्सी से घोंटा गला

धमतरी, 1 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के धमतरी में दहेज की मांग को लेकर एक नवविवाहिता की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी गई। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि पति और सास-ससुर ने मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया और इसे आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया। मामला भखारा थाना क्षेत्र का है।

मृतिका की शादी 2024 में सामाजिक रीति-रिवाजों के साथ हुई थी। विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते थे। हत्या की रात आरोपियों ने पीड़िता का सिर दीवार पर पटका फिर रस्सी से गला घोंट दिया। उसके शव को फांसी के फंदे पर लटका दिया, ताकि यह आत्महत्या का मामला लग सके।

पुलिस ने गहन जांच-पड़ताल की और सभी पहलुओं की बारीकी से छानबीन की। जांच में सामने आए साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मृतिका के पति और उसके माता-



पिता को गिरफ्तार कर लिया है।

दरसअल, ग्राम डोमा निवासी नोमेश्वरी साहू (22) का विवाह अप्रैल 2024 में गांव के ही तिजेन्द्र साहू (26) के साथ सामाजिक रीति रिवाज से हुआ था। दोनों का दांपत्य जीवन कुछ दिनों तक अच्छा चल रहा था, लेकिन इसी बीच दहेज को लेकर विवाद होने लगा।

ससुराल वाले कहते थे कि परिजनों ने दहेज में कम सामान दिया, जो सामान दिया वो भी सड़ा गला है, लोकल है। सास-ससुर और पति अब विवाहिता से मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे। शादी के 8 महीने बाद 26 जनवरी को ससुराल वालों ने नवविवाहिता को गला घोंटकर मार डाला।

एसडीओपी रागिनी तिवारी ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में डॉक्टर ने पाया कि सिर पर चोट के निशान थे। जिसके बाद पुलिस ने अपराध दर्ज किया और आरोपी तिजेन्द्र साहू से पूछताछ की गई। आरोपी पति ने कबूल किया कि पत्नी नोमेश्वरी साहू के सिर को दीवार पर पटका फिर रस्सी से गला घोंटकर हत्या की। आरोपी तिजेन्द्र साहू (26), ससुर मिश्री लाल साहू (51) और सास फगनी बाई साहू (45) को ग्राम डोमा से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# अकाउंटेंट ने कंपनी के 1.46 करोड़ ऑनलाइन गेमिंग में गंवाए

## थाने जाकर रिपोर्ट लिखवाई, पुलिस से कहा- किसी और ने ठगी की

रायगढ़, 1 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में 1 करोड़ 46 लाख रुपए की ठगी का खुलासा हुआ है। पुलिस ने जब जांच की, तो ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराने वाला ही इसका मास्टरमाइंड निकला। दरअसल आरोपी एक फैक्ट्री का अकाउंटेंट है। जिसने ऑनलाइन गेमिंग के चक्कर में हेरा-फेरी की है।

जानकारी के मुताबिक, गेरवानी स्थित चंद्रहासिनी इस्पात प्राइवेट लिमिटेड में आरोपी अभिषेक कुमार दुबे अकाउंटेंट है। वही कंपनी का पूरा हिसाब किताब रखता है। साथ ही फैक्ट्री की दूसरी कंपनियों से जो लेन-देन होती है वो भी यही करता है।

कंपनियों से लेन देन के दौरान एक कंपनी सेवन स्टार स्टील ने चंद्रहासिनी इस्पात से शिकायत की थी। इसमें 14 लाख 79 हजार रुपए का ट्रांजेक्शन नहीं होने की बात कही गई। जब कंपनी ने अकाउंटेंट अभिषेक से बात की तो उसने कहा कि, उसने ट्रांजेक्शन कर दिया है।

इसके बाद उसे पुलिस में रिपोर्ट लिखाने कहा गया। खुद को बचाने के लिए आरोपी ने 24 जनवरी को पूंजीपथरा थाना में ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया था कि 19 दिसंबर को 14 लाख 79 हजार 349 रुपए सेवन स्टार स्टील कंपनी के खाते में डाला था। अज्ञात ठग ने ओटीपी के जरिए उस रकम को दूसरे खाते में ट्रांसफर कर लिया। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की।

पूछताछ के दौरान अभिषेक जब सही से जवाब नहीं दे पाया तो उस पर शक हुआ। पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने जुर्म कबूल किया और उसने बताया कि खुद ही कंपनी के रुपए को ऑनलाइन गेमिंग ऐप पर लगाया था। आरोपी ने बताया कि वह बीते दो सालों से एक ऑनलाइन गेमिंग ऐप्लीकेशन का उपयोग कर रहा था।

उसने कंपनी के लैपटॉप और मोबाइल इंटरनेट का इस्तेमाल करते हुए 1 करोड़ 46 लाख रुपये ट्रांसफर कर लिए थे। आरोपी अकाउंटेंट करीब 6 खातों से इस अमाउंट को ऑनलाइन गेमिंग एप्लीकेशन के वॉलेट में ट्रांसफर कर दांव पर लगा चुका था।

**19 दिसंबर को भी गेम ऐप पर डाले रुपए**

आरोपी ने बताया कि वह कंपनी के कर्मचारी प्रशांत मिश्रा से ओटीपी लेकर अलग-अलग खातों में रकम ट्रांसफर करता था। इस दौरान 19 दिसंबर को सेवन स्टार स्टील के नाम पर ट्रांसफर की जाने वाली रकम को सीधे अपने गेमिंग ऐप में डाल दिया।

**58 लाख रुपये कराया होल्ड**

इसी तरह 21 दिसंबर को कंचन इस्पात, 8 जनवरी को श्री हरि ट्रेडर्स और 10 जनवरी को मां मंगला इस्पात के लिए भेजी जाने वाली रकम को भी ऑनलाइन गेम में लगा दिया। रकम ट्रांसफर करने के बाद अभिषेक अपने मोबाइल से सभी ओटीपी और ट्रांजेक्शन मैसेज डिलीट कर देता था। ताकि कोई सबूत न बचे।

पूंजीपथरा थाना प्रभारी राकेश मिश्रा ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उसके बैंक खातों में जमा 58 लाख रुपए को होल्ड करा दिया गया है। आरोपी के पास से 50 हजार 300 रुपये कैश, एक लैपटॉप, मोबाइल फोन, बैंक ट्रांजेक्शन के स्क्रीनशॉट, एटीएम कार्ड समेत चेक बुक भी मिले हैं।

# रायगढ़ के सरकारी पोल्ट्री फार्म में फैला बर्ड फ्लू

## 12000 चूजे, 5000 मुर्गियों को मारा गया, 17 हजार अंडे नष्ट, निगरानी में 10 किमी एरिया

रायगढ़, 1 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। शुक्रवार रात सरकारी पोल्ट्री फार्म में बर्ड फ्लू का मामला सामने आने के बाद कलेक्टर समेत प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। रात में ही यहां की 5 हजार मुर्गियों, 12 हजार चूजे और 17 हजार अंडों को नष्ट किया गया है।

जानकारी के मुताबिक शासकीय कुक्कुट पालन क्षेत्र से पक्षी के शव का सैंपल भेजा गया था।



जिसकी जांच के बाद राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान भोपाल की ओर से रायगढ़ से भेजे गए नमूनों में बर्ड फ्लू के संक्रमण की पुष्टि की गई। वहीं 10 किलोमीटर के क्षेत्र को निगरानी में रखा गया है। इसके बाद कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने रात 11 बजे आपातकालीन बैठक बुलाई। रात 11 से साढ़े 12 बजे तक एसपी, सीईओ, नगर निगम आयुक्त समेत पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ मीटिंग की। इस स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पोल्ट्री फार्म की सारी मुर्गियों, चूजों, अंडों और कुक्कुट आहार को तत्काल नष्ट करने का फैसला लिया गया। पोल्ट्री फॉर्म की मुर्गियों, चूजों और अंडों को नष्ट करने की तैयारी की गई। इसके लिए मुर्गियों और चूजों को मारकर जमीन में दफनाया गया। पोल्ट्री फार्म परिसर में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जेसीबी से गड्ढा खोदकर उसमें नमक और चूने की लेयर बिछाकर मुर्गियों और चूजों को दफनाया गया। इसी प्रकार अंडों को भी नष्ट किया गया, जिससे संक्रमण न फैले। साथ ही परिसर को संक्रमण मुक्त करने डिसइन्फेक्शन किया जा रहा है। यह प्रक्रिया रात में की गई।

# सड़क किनारे मिली गंभीर रूप से घायल महिला

चतरा, 1 फरवरी (एजेंसियां)। झारखंड के चतरा जिले में एक महिला के साथ जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। प्रतापपुर थाना क्षेत्र के धर्मपुर स्थित उगरमाचा के पास सड़क किनारे एक अज्ञात महिला गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिली। महिला की गर्दन पर चाकू से हमला किया गया था और वह खून से लथपथ थी। महिला बोलने में फिलहाल असमर्थ है। घटना की सूचना मिलते ही प्रतापपुर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घायल महिला को पहले स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

# तंत्र-मंत्र करने के शक में मां-बेटी की हत्या

गुमला, 1 फरवरी (एजेंसियां)। झारखंड के गुमला जिले में अंधविश्वास में डबल मर्डल का मामला सामने आया है। रायडीह थाना क्षेत्र के जमगई डुरु टोला में एक व्यक्ति ने डायन होने के शक में 68 वर्षीय महिला और उसकी 50 वर्षीय बेटी की कुल्हाड़ी से काटकर निर्मम हत्या कर दी। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

मृतकों की पहचान सीता देवी (68) और उनकी बेटी शांति देवी (50) के रूप में की गई। आरोपी कमलेश प्रधान को शक था कि उसकी पत्नी इन दोनों मां-बेटी द्वारा तंत्र-मंत्र करने की वजह से बीमार रहती है। इसी वजह से कमलेश ने मां-बेटी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी।

रायडीह थानाप्रभारी कुंदन कुमार ने बताया कि सीता देवी और उनकी बेटी शांति देवी गुरुवार को जंगल गई थीं, जहां से वे वापस नहीं लौटीं। परिजनों द्वारा खोजबीन के दौरान शुक्रवार की देर शाम पुरना पानी पहाड़ के पास से दोनों का शव बरामद किया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। शनिवार को पोस्टमॉर्टम के बाद दोनों का शव परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं, पुलिस ने आरोपी कमलेश प्रधान को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में सामने आया कि कमलेश की पत्नी लंबे समय से बीमार थी। उसे शक था कि सीता देवी और उनकी बेटी ने उसकी पत्नी पर डायन-बिसाही कर दी है, जिसके कारण वह बीमार है। इसी अंधविश्वास के चलते उसने दोनों की हत्या कर दी।

# अमेरिकी संसद में चीनी एआई डीपसीक के इस्तेमाल पर बैन

## फोन-कंप्यूटर पर इंस्टॉल करने की भी मनाही, कहा- ये जांच के दायरे में

वॉशिंगटन, 1 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका संसद कांग्रेस ने अपने ऑफिस में चीन के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चैटबोट डीपसीक इस्तेमाल पर बैन लगा दिया है। एक्सिओस की रिपोर्ट के मुताबिक इसे लेकर यूएस कांग्रेस ने एक नोटिस जारी कर कहा है कि सिस्टम में खतरनाक सॉफ्टवेयर अपलोड करने के लिए कई चैटबोट का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसमें डीपसीक से जुड़े जोखिमों के बारे में भी बताया गया है। यूएस कांग्रेस ने कहा कि एआई टेक्नोलॉजी के तेजी से डेवलपमेंट की वजह से सिक्योरिटी और प्रशासनिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, कांग्रेस के चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर का कहना है कि फिलहाल डीपसीक जांच के दायरे में है। इस वजह से यूएस कांग्रेस ऑफिस में इसका इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।



किसी भी तरह के संभावित खतरे को काम करने के लिए सदन की तरफ से जारी सभी डिवाइस में डीपसीक के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है। साथ ही कर्मचारियों को ऑफिशियल फोन, कंप्यूटर और टैबलेट पर डीपसीक इंस्टॉल करने से बैन कर दिया गया है। डीपसीक एक एआई चैटबोट है। इसे केवल कमांड देना है, उसके मुताबिक रिजल्ट आ जाता है। यह वे सभी काम कर सकता है जो चाटजीपीटी, मीटा जैसे बाकी एआई मॉडल्स पर किए जा सकते हैं। डीपसीक एआई कोडिंग और मैथ्स जैसे जटिल टास्क भी बेहद सटीक तरीके से पूरी कर पा रहा है। यह एक फ्री और ओपन सोर्स एआई मॉडल है, यह दुनियाभर में सबके लिए आसानी से उपलब्ध है। डीपसीक पूरी तरह फ्री और ओपन सोर्स एआई मॉडल है। इसके अलावा चीन का मॉडल बेहद कम लागत में तैयार हुआ है, जबकि अमेरिका की एनवीडिया, माइक्रोसॉफ्ट और मेटा जैसी कंपनियों ने बहुत बड़ा इन्वेस्टमेंट करके एआई मॉडल तैयार किए हैं। कुछ रिपोर्ट्स में दावा है कि डीपसीक कंपनी ने अपना एआई मॉडल सिर्फ 48.45 करोड़ रुपए में डेवलप किया था। चीन के डीपसीक एप को कंपनी की वेबसाइट से और एपल के एप स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। एआई कोडिंग और मैथ्स जैसे जटिल टास्क में बेहद सटीक नतीजे दे रहा है। हाल ही में अमेरिका और यूके में एपल ऐप स्टोर से डाउनलोडिंग के मामले में यह पहली पोजिशन पर रहा। इसने दोनों ही जगह ओपन एआई के चाटजीपीटी को पीछे छोड़ दिया। यह पहली बार नहीं है जब यूएस कांग्रेस ने किसी एआई प्रोडक्ट के इस्तेमाल को बैन किया हो। 2023 में चाटजीपीटी के इस्तेमाल पर लिमिट लगाई थे। सिर्फ कुछ खाम कामों के लिए चाटजीपीटी के पेड वर्जन को ही छूट गई थी। इसी तरह पिछले साल अप्रैल में माइक्रोसाफ्ट कापीलाट के इस्तेमाल पर बैन लगा दिया गया था।

# राष्ट्रपति चुनाव की हार से सबक लेगी डेमोक्रेटिक पार्टी

## ट्रंप के खिलाफ आवाज उठाने के लिए चुनेगी नया नेता

वाशिंगटन, 1 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका राष्ट्रपति चुनाव में मिली हार से सबक लेने और नए राष्ट्रपति ट्रंप को जवाब देने के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी ने तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी ट्रंप प्रशासन के खिलाफ आवाज उठाने के लिए नए डेमोक्रेट नेता का चुनाव करेगी। शनिवार को होने वाले डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी चुनाव में 400 से ज्यादा डीएनसी सदस्य भाग ले रहे हैं। सभी सदस्य वॉशिंगटन पहुंच गए हैं। वहीं निवर्तमान अध्यक्ष जैमे हैरिसन फिर से चुनाव लड़ने से इनकार किया।



अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन नेता ट्रंप की बंपर जीत के बाद डेमोक्रेटिक पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के नेता मानते हैं कि चुनाव के बाद डेमोक्रेटिक ब्रांड बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं राष्ट्रपति ट्रंप के आदेशों का डेमोक्रेटिक पार्टी विरोध नहीं कर पा रही है। विस्कॉन्सिन डेमोक्रेटिक चेयरमैन और डीएनसी चेयर के उम्मीदवार बेन विकलर ने कहा कि ट्रंप देश भर के समुदायों पर कहर बरपा रहे हैं। हमें एक ऐसे डीएनसी और एक डीएनसी अध्यक्ष की जरूरत है जो जवाबी कार्रवाई के लिए तीव्रता, ध्यान और रोष लाने के लिए तैयार हो।

डीएनसी अध्यक्ष पद के लिए अग्रणी उम्मीदवार विस्कॉन्सिन के विकलर और मिनेसोटा के केन मार्टिन हैं। वे कामकाजी वर्ग के मतदाताओं तक डेमोक्रेटिक संदेश को फिर से पहुंचाने, देश भर में डेमोक्रेटिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और पार्टी की ट्रंप विरोधी त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली में सुधार करने का वादा कर रहे हैं। उन्होंने आधुनिक समय की डेमोक्रेटिक पार्टी के स्तंभ, विविधता और अल्पसंख्यक समूहों के प्रति पार्टी के समर्पण से पीछे न हटने का वादा किया है। वहीं अगर मार्टिन या विकलर डीएनसी में चुने जाते हैं, तो 2011 के बाद से डीएनसी का नेतृत्व करने वाले पहले श्वेत व्यक्ति होंगे। इसके अलावा इस दौड़ में कार्यकर्ता और लेखिका मैरिएन विलियमसन, मैरीलैंड के पूर्व गवर्नर और बाइडन प्रशासन के अधिकारी मार्टिन ओ मैली, तथा फैज शाकिर भी शामिल हैं। शाकिर ने पार्टी के भीतर व्यापक बदलावों की मांग की है। उन्होंने श्रमिक संघों के साथ अधिक समन्वय, नस्ल और लिंग के आधार पर वर्गीकृत अल्पसंख्यक समूहों पर कम ध्यान देने जैसे मुद्दे उठाए हैं। शाकिर ने डीएनसी में मुस्लिम कॉकस के निर्माण का विरोध किया।

कुछ डेमोक्रेटिक नेता अपनी पार्टी की दिशा को लेकर चिंतित हैं। डीएनसी उपाध्यक्ष पद की उम्मीदवार और कैनसस डेमोक्रेटिक चेयर जीना रिपास ने कहा मैं सकारात्मक और आशावादी हूं। मैं इसे वास्तविक समय में देख रही हूं और सोच रही हूं कि हम वास्तव में संकट में हैं, क्योंकि मुझे बदलाव की इच्छा नहीं दिख रही है। डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी चुनाव ट्रंप के शपथ ग्रहण के दो सप्ताह से भी कम समय बाद हो रहे हैं।

# अमेरिका के फिलाडेल्फिया में प्लेन क्रैश

## उड़ान के 30 सेकेंड बाद घरों पर गिरा इसमें सवार 6 लोगों की मौत की आशंका

वॉशिंगटन, 1 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका के पेंसिलवेनिया राज्य के फिलाडेल्फिया में शनिवार सुबह एक छोटा मेडिकल विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। फिलाडेल्फिया से मिसौरी जा रहे प्लेन में 6 लोग सवार थे। इनमें दो डॉक्टर, दो पायलट, एक मरीज और एक फैमिली मेंबर शामिल था। हादसे में सभी लोगों के मारे जाने की आशंका है। विमान में सवार सभी लोग मेक्सिको के थे। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) के मुताबिक लियरजेट 55 नाम के इस विमान ने शाम 6:30 (स्थानीय समय) पर नॉर्थ-ईस्ट फिलाडेल्फिया एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। महज 30 सेकेंड बाद 6.4 किलोमीटर (4 मील) दूर जाकर यह क्रैश हो गया। एएफपी ने स्थानीय मीडिया के हवाले से जानकारी दी कि यह विमान रिहायशी इलाके में घरों के ऊपर गिरा, जिससे इलाके की कई इमारतों में आग लग गई। फिलहाल रेस्क्यू टीम ने आग पर काबू पा लिया है। फिलाडेल्फिया की मेयर चेरेल पार्कर का कहना है कि इस हादसे में कई घरों को नुकसान पहुंचा है। फिलहाल हादसे में कितने लोग मारे गए इसके बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है। वहीं विमान का संचालन करने वाली एयर एम्बुलेंस कंपनी जेट रेस्क्यू ने कहा कि इस वक्त हम किसी के भी जिंदा बचने की पुष्टि नहीं कर सकते। हादसा रूजवेल्ट मॉल के पास हुआ, जो पेंसिलवेनिया शहर के एक घनी आबादी वाले इलाके में बना तीन मंजिला शॉपिंग सेंटर है। जिस जगह विमान गिरा, वहां कई घर और दुकानें हैं। सोशल मीडिया पर शेयर किए जा रहे घटना के वीडियो में देखा जा सकता है कि विमान बहुत तेजी से नीचे आया और टकराने के बाद आग का एक बड़ा गोला आसमान में उठा।

# अफगानों के लिए सामान बेचने का फेवरेट बाजार बना भारत

## 10 महीने में किया अरबों का कारोबार, पाकिस्तानियों के पेट में मरोड़

काबुल, 1 फरवरी (एजेंसियां)। अगस्त 2021 में काबुल पर तालिबान के कब्जे के बाद पाकिस्तान में पटाखे छोड़े जा रहे थे, लेकिन करीब चारों सालों के बाद तालिबान के भारत के खेमे में खड़े होने के बाद उन पटाखों की गूंज पाकिस्तानियों की कान फाड़ रहे होंगे। भारत और अफगानिस्तान ने कारोबार का एक नया अध्याय लिखा है। टोलो न्यूज के मुताबिक, पिछले 10 महीनों में भारत और अफगानिस्तान के बीच 763 मिलियन डॉलर का कारोबार हुआ है, जिससे पाकिस्तान के पेट में भयंकर मरोड़ें उठ रही होंगी। अफगानिस्तान के मिनिस्ट्री ऑफ इंडस्ट्री एंड कॉमर्स के प्रवक्ता अखुंदजादा अब्दुल सलाम जावेद ने इसकी जानकारी दी है।



अखुंदजादा अब्दुल सलाम जावेद के हवाले से टोलो न्यूज ने कहा है, कि अफगानिस्तान ने भारत को ज्यादा सामान बेचे हैं, जिससे अफगानिस्तान के निर्यात में इजाफा हुआ है। जाहिर है, ऐसा करने से अफगानिस्तान के विदेश भंडार में इजाफा हुआ है, जो सालों से युद्ध की वजह से बेहाल रहे देश के लिए बहुत बड़ी मदद है। प्रवक्ता के मुताबिक, अफगानिस्तान का इस कुल कारोबार में निर्यात का हिस्सा 541 मिलियन डॉलर था।

### भारत ने अफगानिस्तान से खरीदे ज्यादा सामान

अखुंदजादा अब्दुल सलाम जावेद ने कहा, कि इस वित्तीय वर्ष के पहले 10 महीनों में अफगानिस्तान और भारत के बीच व्यापार 763 मिलियन डॉलर तक पहुंच गया है, जिसमें अफगानिस्तान का निर्यात 541 मिलियन डॉलर और भारत से आयात 222 मिलियन डॉलर है। आपको बता दें, कि अफगानिस्तान से भारत सूखे अंजीर, हींग, केसर, किशमिश, जीरा और बादाम खरीदता है। पाकिस्तान और ईरान के बाद भारत, अफगानिस्तान का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। दोनों देशों के बीच का व्यापार कराची, चाबहार पोर्ट, वाघा और बंदर अब्बास जैसे ट्रांजिट रूट से होता है। पाकिस्तान के रास्ते काफी कम या यूं कहें मामूली कारोबार होता है। सबसे खास बात ये है, कि अफगानिस्तान के चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इन्वेस्टमेंट (एसीसीआई) ने भारतीय बाजारों को अफगानिस्तानी प्रोडक्ट्स के लिए एक अनुकूल गंतव्य माना है। तालिबान सरकार को उसने अपनी रिपोर्ट में सलाह दी है, कि भारत के साथ कारोबार को और बढ़ाया जाए। वहीं, अफगानिस्तान के कारोबारियों को भारत का वीजा आसानी से मिले, इसके लिए नई दिल्ली से बातचीत करने पर जोर दी है। एसीसीआई के बोर्ड सदस्य खानजान आलोकोजई ने टोलो न्यूज की रिपोर्ट में कहा है, कि भारत के साथ हमारे व्यापारिक संबंध मजबूत हैं, और आगे जाकर दोनों देशों के बीच के कारोबार में विस्तार की अपार संभावनाएं हैं।

# पाकिस्तान में सेना और बलोच विद्रोहियों की मुठभेड़

## 18 सैनिकों की मौत, 23 आतंकी भी मारे गए, बलूचिस्तान में सेना का ऑपरेशन जारी

इस्लामाबाद, 1 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में अलगाववादियों के हमले में कम से कम 18 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई है। पाकिस्तानी सैनिक कलात जिले में अलगाववादियों के खिलाफ अभियान चलाने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान 70 से 80 लड़ाकों ने पुलिस की गाड़ी पर हमला कर दिया। पाकिस्तानी सेना के अधिकारियों ने बयान जारी कर रहा कि इस मुठभेड़ में 12 आतंकवादियों की भी मौत हो गई है। सेना ने कहा कि उनका आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन जारी रहेगा और इस घटना के दोषियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक बलूचिस्तान कई जिले में पाकिस्तानी सैनिक अलगाववादियों के खिलाफ अभियान जारी रखे हुए हैं। पिछले 24 घंटों में बलूचिस्तान में अलग-अलग अभियानों में कुल 23 आतंकवादियों को मारने में सफलता मिली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस हमले का जिम्मेदार बलूच लिबरेशन आर्मी को माना जा रहा है। हालांकि बीएलए ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी क्या है बलूचिस्तान में कई लोगों का मानना है कि भारत-पाकिस्तान बंटवारे के बाद वे एक आजाद देश के तौर पर रहना चाहते थे। लेकिन बिना उनकी मर्जी से उन्हें पाकिस्तान में शामिल कर दिया गया था। ऐसा नहीं हुआ इस वजह से बलूचिस्तान में सेना और लोगों का संघर्ष आज भी जारी है। बीबीसी के मुताबिक बलूचिस्तान में आजादी की मांग करने वाले कई संगठन हैं मगर बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी(बीएलए) सबसे ताकतवर संगठन है।

# हमास ने तीन इजराइली बंधक रिहा किए

## रेड क्रॉस की मदद से इजराइल पहुंचे, 183 फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई जल्द

तेल अवीव, 1 फरवरी (एजेंसियां)। हमास ने सीजफायर समझौते के तहत शनिवार को इजराइल के 3 बंधक यार्डेन बिबास (35), ओफर काल्डेरोन (54) और कीथ सीगल (65) को रिहा कर दिया है। इन्हें रेड क्रॉस की मदद से इजराइली सेना को सौंपा गया। ये तीनों इजराइल पहुंच गए हैं। तीनों को हेलिकॉप्टर से इजराइल लाया गया।



बीबीसी के मुताबिक इनके बदले में इजराइल जल्द 183 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। पिछले हफ्ते समझौते के प्रभावी होने के बाद से अब तक कुल 13 इजराइली और 5 थाई बंधकों को रिहा किया जा चुका है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने ओफर काल्डेरोन की रिहाई पर खुशी जताई है। काल्डेरोन के पास फ्रांस और इजराइल की दोहरी नागरिकता है।

यार्डेन बिबास को उनकी पत्नी शिरी और दो बेटों केफिर और एरियल के साथ नीर ओज किबुत्ज से किडनैप किया गया था। बिबास के बेटे केफिर को जब बंधक बनाया गया उस वक्त उसकी उम्र सिर्फ 9 महीने थी। तब वह हमास के कब्जे में सबसे कम उम्र का बंधक था।

हमास ने नवंबर 2023 में दावा किया था कि शिरी और उनके दोनों बच्चों की इजराइली बमबारी में मौत हो चुकी है। हमास ने तब एक वीडियो भी जारी किया था जिसमें यार्डेन बिबास अपने परिजनों की मौत का जिम्मेदार इजराइली पीएम नेतन्याहू को बता रहे थे।

हालांकि इजराइल ने कभी भी हमास के इस दावे को नहीं माना।इजराइल अभी भी यह दावा कर रहा है कि हमास ने बिबास का परिवार को बंधक बना रखा है। कीथ सीगल मूल रूप से अमेरिका के निवासी हैं। उनके पास इजराइली नागरिकता भी है। उनकी हेल्थ खराब बताई जा रही है। कीथ और उनकी पत्नी अवीवा को कफर अजा किबुत्ज से एकसाथ किडनैप कर लिया गया था।

हालांकि नवबंर 2023 में हुए सीजफायर डील के तहत अवीवा को रिहा कर दिया गया था। तीसरे इजराइली बंधक ओफर काल्डेरोन को उनके 11 साल के बेटे एरेज, 16 साल की बेटी सहर के साथ नीर ओज किबुत्ज से बंधक बनाया गया था। एरेज और सहर को नवंबर 2023 में हुए सीजफायर डील के तहत रिहा कर दिया गया था।

# पीटीआई ने खैबर पख्तूनख्वा पर शासन करने का अधिकार खोया

पेशावर, 1 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान के जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल (जेयूआई-एफ) के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने दावा किया कि खैबर पख्तूनख्वा में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेतृत्व वाली सरकार ने अपना अधिकार खो दिया है, क्योंकि सशस्त्र समूहों ने प्रांत पर नियंत्रण कर लिया है।

शुक्रवार को मौलाना फजलुर रहमान ने कहा कि जिन लोगों ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के नेतृत्व वाली पीटीआई पार्टी की सरकार को खैबर पख्तूनख्वा में सत्ता में लाया था, वे अब खुद इसे चला रहे हैं। पहले उन्होंने दावा किया था कि पीटीआई सशस्त्र आतंकवादियों के समर्थन से खैबर पख्तूनख्वा में सत्ता में आई थी, जो अब प्रांत को चला रहे हैं।

उन्होंने खैबर पख्तूनख्वा में बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की और कहा कि यह गंभीर हो गई है और इसे गंभीरता से लेने की जरूरत है।

मौलाना फजलुर रहमान ने कहा, 'सूर्यास्त के बाद पुलिस सड़कों पर गश्त करने में असमर्थ थी, जिससे प्रांत की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।' सरकार पर टिप्पणी करते हुए, जेयूआई-एफ प्रमुख ने कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सरकार 'उस दिन खत्म हो जाएगी जिस दिन हम अपना समर्थन वापस ले लेंगे'। उन्होंने सत्तारूढ़ सरकार की आलोचना की और कहा कि उनके पास एक दिन भी शासन चलाने की ताकत नहीं है।

मौलाना फजलुर रहमान ने सरकार पर पीटीआई के साथ बातचीत के दौरान विपक्षी दलों को दरकिनार करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'चर्चा के दौरान विपक्षी दलों को विश्वास में नहीं लिया गया।' उन्होंने बातचीत पर अपना रुख स्पष्ट किया: 'मैं बातचीत के जरिए मुद्दों को सुलझाने में विश्वास करता हूं।

# पाकिस्तान में आतंकवाद को खत्म करने का 'नेतृत्व' करे चीन

## क्यों उठी बीजिंग में मांग, क्या सेना भेजेंगे जिनपिंग?

इस्लामाबाद, 1 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान में 65 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश करने वाले चीन के लिए मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। पाकिस्तानी सेना चीनी नागरिकों को सुरक्षा मुहैया कराने में फेल हो रही है। कई चीनी नागरिकों की हत्या कर दी गई है। खासतौर पर बलूचिस्तान प्रांत में खूनी हमले हो रहे हैं जहां पर ग्वादर इलाके में चीन अपना नेवल बेस बना रहा है। इन हमलों को लेकर चीन कई बार पाकिस्तान को चेतावनी दे चुका है लेकिन जनरल मुनीर की सेना बलूच विद्रोहियों के हमलों रोकने में विफल साबित हो रही है। ऐसे में अब चीन में मांग उठ रही है कि चीनी सेना पाकिस्तान में आतंकवाद को खत्म करने में 'प्रमुख भूमिका' निभाए। चीन काफी लंबे समय से पाकिस्तान पर दबाव बना रहा है कि वह पीएलए को आने की अनुमति दे



लेकिन अभी तक जनरल मुनीर ने स्वीकृति नहीं दी है लेकिन यह मांग अब जोर पकड़ रही है।

चीन के अखबार साऊथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक चीन चाहता है कि बलूचिस्तान में खासतौर पर चीन को आतंकवाद को रोकने के लिए नेतृत्व करने की मांग हो रही है। चीन की सरकार जुड़े प्रभावशाली थिंक टैंक सिक्योरिटी स्टडीज सेंटर के शोधकर्ता फेंग झिझोंग के मुताबिक पाकिस्तान और चीन को आपस में खुफिया सूचना को हासिल करने और उसे साझा करने को मजबूत करना चाहिए। साथ ही पाकिस्तान को चीन की प्राइवेट सुरक्षा कंपनियों को ज्यादा प्रभावी भूमिका निभाने के लिए अनुमति देना चाहिए।

दरअसल, पाकिस्तान के चीनी सेना को मंजूरी नहीं देने के बाद अब जिनपिंग सरकार प्राइवेट कंपनियों के नाम पर अपनी सेना को भेजना चाहती है। चीन ने अपनी बीआरआई योजना के तहत चाइना पाकिस्तान आर्थिक कॉरिडोर बना रहा है।

# ओवरटेक करने पर चाकूबाजी

## कार सवार युवकों ने स्कूटी सवारों पर किया हमला, एक की मौत, एक घायल

जमशेदपुर, 1 फरवरी (एजेंसियां)। जमशेदपुर में ओवरटेकिंग को लेकर हुए विवाद ने खूनी रंग ले लिया। गोलमुरी थाना क्षेत्र के टीनप्लेट चौक के पास देर रात करीब 1 बजे कार सवार युवकों ने स्कूटी सवार दो युवकों पर चाकू से हमला कर दिया। इस घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तीन युवक एक कार में किसी फेयरवेल पार्टी से लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी मुलाकात स्कूटी पर सवार दो युवकों से हुई। ओवरटेक करने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया, जो धीरे-धीरे इतना बढ़ गया कि कार सवार युवकों ने स्कूटी सवारों पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में मनदीप सिंह नाम के युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरे युवक रॉकी को गंभीर हालत में टाटा मुख्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही गोलमुरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने कार सवार दो युवकों को हिरासत में ले लिया है और उनके स्कूटी सवार युवकों से संबंधों की जांच की जा रही है। साथ ही पुलिस घटना के अन्य पहलुओं की भी बारीकी से छानबीन कर रही है।

# कनाडा में गुजराती शख्स का जुगाड़

## बालकनी को ही बना डाला फ्रिज, वीडियो वायरल

ओटावा, 1 फरवरी (एजेंसियां)। कनाडा में रह रहे एक भारतीय व्यक्ति का किफायती जुगाड़ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह वीडियो लोगों को खूब हंसा रहा है। एक गुजराती व्यक्ति ने सर्दियों में बिजली का बिल बचाने के लिए बालकनी को ही फ्रिज बना लिया! वह दूध, बचा हुआ खाना और दूसरी खराब होने वाली चीजें माइनस 15 डिग्री सेल्सियस की प्राकृतिक ठंड में बालकनी में रखता है। यह वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया गया है, जिसे अब तक हजारों लोग देख चुके हैं। कुछ लोग इस जुगाड़ की तारीफ कर रहे हैं, तो कुछ लोग इसे खतरनाक बता रहे हैं, क्योंकि इससे जंगली जानवर आकर्षित हो सकते हैं।



वीडियो को यार कबीर नामक कंटेंट क्रिएटर ने इंस्टाग्राम पर साझा किया है। शख्स कहता है कि "हम पूरी दुनिया को ऊपर नीचे होने देंगे लेकिन बजट थोड़ा भी ऊपर नीचे नहीं करेंगे।" शख्स बताता है कि जब वह अपने दोस्त के घर आया तो उसने चाय के लिए पूछा। उसने दिखाया कि जब दूध निकालने के लिए फ्रिज खोला तो अंदर कुछ भी नहीं था। शख्स इसके बाद बालकनी दिखाता है, जहां फ्रिज का सारा सामान खुले में पड़ा होता है। शख्स मजाक में कहता है, भाई, एवरी गुजराती इज एलन मस्क।

वीडियो को अब तक इसे 50,000 से ज्यादा लाइक्स और 571,000 से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। कई लोगों ने कमेंट में इस जुगाड़ की तारीफ की है। एक यूजर ने लिखा, पावर ऑफ गुजराती। दूसरे ने लिखा, भाई, फिनलैंड में भी हम अपनी बालकनी में सब कुछ रखते हैं। एक और यूजर ने लिखा, हमारा पोर्च अभी हमारा फ्रिज है।

हालांकि, कुछ लोगों ने इस जुगाड़ की आलोचना भी की है। एक यूजर ने लिखा, उम्मीद है कि रैकून आपके खाने पर लार नहीं टपका रहे होंगे। रेबीज का एक मामला बिजली की कीमत से कई गुना ज्यादा पड़ सकता है। दूसरे यूजर ने लिखा, इसे पड़ोस के लिए परेशानी कहते हैं।

# बंगाल में चोरी कर झारखंड में छिपते थे, तीन गिरफ्तार

जामताड़ा, 1 फरवरी (एजेंसियां)। रूपनारायणपुर पुलिस ने एक ऐसे शातिर गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो पश्चिम बंगाल में चोरी करने के बाद झारखंड में छिपता था। पुलिस ने गिरोह के सरगना नसीब खान समेत तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अरुणाभ भट्टाचार्य के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में राहुल हाड़ी और विशाल हाड़ी को भी पकड़ा गया। तीनों की उम्र लगभग 20 वर्ष है।

पुलिस के अनुसार, इस गिरोह ने हाल ही में रूपनारायणपुर में सात घरों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस को पता चला कि मास्टरमाइंड एक स्थानीय दुकान पर मौजूद है। पुलिस के पहुंचते ही भागने की कोशिश कर रहे सरगना नसीब को नाटकीय ढंग से पकड़ा गया। पूछताछ में सामने आया कि गिरोह का एक सदस्य रूपनारायणपुर में सीमेंट की दुकान पर काम करता था। अपराधी रात में चार पहिया वाहन से हांसी पहाड़ी (झारखंड) पहुंचते और यूथ क्लब के पास सोने का नाटक करते थे। फिर एक-एक करके खाली घरों को निशाना बनाकर चोरी करते और वाहन से फरार हो जाते थे। चोरी का सामान विशाल के घर में छिपाया जाता था। थाना प्रभारी अरुणाभ भट्टाचार्य का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ जारी है और जल्द ही चोरी का माल बरामद कर लिया जाएगा।



# बजट में राजस्थान को क्या मिला?
## केंद्रीय टैक्स में 10 हजार करोड़ ज्यादा मिलेंगे
## सड़क-पानी के प्रोजेक्ट्स को लोन गारंटी देगा केंद्र



जयपुर, 1 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने बजट में राजस्थान के इंफ्रास्ट्रक्चर में सड़क और पेयजल प्रोजेक्ट्स के कर्ज के लिए गारंटी देने की घोषणा की है। राजस्थान स्टेट हाइवे को 321.21 करोड़ रुपए, राजस्थान ग्रामीण पेयजल वितरण को 255 करोड़ रुपए, राजस्थान स्टेट हाइवे डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के लिए इस बजट में लोन की गारंटी दी गई है।

राजस्थान को इस बार केंद्रीय करों में से अपनी हिस्से की राशि के तौर पर पिछली बार से 10 हजार करोड़ रुपए ज्यादा मिलेंगे।अगले वित्त वर्ष में केंद्र सरकार 14 लाख 22 हजार करोड़ राज्यों को देगी। इसमें राजस्थान को 85 हजार 716 करोड़ रुपए मिलेंगे।

राजस्थान से केंद्रीय करों की वसूली का जो पैसा केंद्र सरकार के पास जाता है। उसका 6.26 प्रतिशत हिस्सा बजट में राजस्थान को हिस्सा राशि के रूप में वापस लौटाया जाता है। पिछले बजट में केंद्रीय करों की हिस्सा राशि 75047.76 करोड़ रुपए थी।

**किस सेंट्रल टैक्स से कितनी राशि मिलेगी**

राजस्थान को कॉर्पोरेशन टैक्स से 23934.98 करोड़ रुपए, इनकम टैक्स से 31936.24 करोड़ रुपए, सेंट्रल जीएसटी से 24954.27 करोड़ रुपए, कस्टम्स से 3945.35 करोड़ रुपए और यूनियन एक्साइज से 819.64 करोड़ रुपए हिस्सा राशि के तौर पर मिलेंगे।

**डोटासरा ने बजट को लेकर ये आरोप लगाए**

बजट में राजस्थान का नाम तक नहीं लिया। हर बार की तरह राजस्थान के साथ भेदभाव हुआ। ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना बनाने की घोषणा नहीं की। यमुना जल समझौते को लेकर भी कोई घोषणा नहीं हुई। देश गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी से बुरी तरह त्रस्त है। महंगाई और रोजगार की दिशा में कोई घोषणा नहीं हुई। मध्यम वर्ग से 'मोदी की लूट' निरंतर जारी रहेगी। नौकरी के बिना.. युवा ओवरएज हो जाएंगे। किसानों को फिर ठगा गया, एमएसपी की घोषणा नहीं हुई। पुरानी पेंशन ओपीएस को लेकर निराशाजनक रवैया बरकरार है। बजट में सिर्फ बिहार जैसे चुनावी राज्य पर फोकस था।

## रिफाइनरी में मजदूर की मौत के बाद जमकर तोड़फोड़
### पुलिस पर पथराव

बाड़मेर, 1 फरवरी (एजेंसियां)। बालोतरा की पचपदरा रिफाइनरी कॉलोनी में शनिवार को एक मजदूर की मौत के बाद बवाल हो गया। लोगों ने रिफाइनरी कार्यालय में जमकर तोड़फोड़ की। बाहर खड़ी गाड़ियों को भी नहीं बख्शा। दर्जनों गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। मामला शांत कराने पहुंची पुलिस पर भी पथराव किया। हालात नियंत्रण पाने का प्रयास किया जा रहा है। यहां भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। पचपदरा थाना अधिकारी अमराराम खोखर ने बताया कि बिहार निवासी 35 वर्षीय अशोक कुमार की रिफाइनरी कॉलोनी स्थित एक क्वार्टर में शुक्रवार रात तबीयत बिगड़ गई थी। उसे बालोतरा सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शनिवार सुबह हादसे की सूचना मिलते ही मजदूर बेकाबू हो गए। सुबह करीब 11 बजे तक बड़ी संख्या में मजदूर रिफाइनरी ऑफिस के बाहर पहुंच गए और मुआवजे की मांग करने लगे। श्रमिक लगातार मुआवजे की मांग कर रहे थे। इस दौरान उन्हें कोई आश्वासन नहीं मिला तो भड़क गए और रिफाइनरी ऑफिस में तोड़फोड़ शुरू कर दी। पत्थरों और डंडों से कार्यालय की खिड़कियां, बाहर खड़ी कई गाड़ियों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

### सीएम भजनलाल शर्मा ने दी बड़ी खुशखबरी
# वेस्टर्न राजस्थान केनाल प्रोजेक्ट को लगेंगे पंख, गुजरात से आएगा पानी



पाली, 1 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ईआरसीपी की तर्ज पर वेस्टर्न राजस्थान केनाल प्रोजेक्ट (डब्ल्यूआरसीपी) को जल्द धरातल पर लाने के संकेत दिए हैं। इस बार डीपीआर का बजट जारी किया जा सकता है। जयपुर में जोधपुर संभाग के विधायकों ने इसकी मांग फिर उठाई तो सीएम ने जल्द ही इस पर सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया है।

जल संसाधन विभाग के इस प्रोजेक्ट पर प्री-फिजिबिलिटी का काम चल रहा है। जोधपुर संभाग के मंत्री अविनाश गहलोत, केके विश्नोई, जोगाराम कुमावत सहित अन्य विधायकों ने सीएम आवास में मुलाकात की। यहां सीएम ने अब तक हुए डब्ल्यूआरसीपी के लिए किए गए कार्यों पर फीडबैक लिया। उन्होंने इसके लिए सकारात्मक काम करने का आश्वासन दिया है।

**क्या है डब्ल्यूआरसीपी**

गुजरात व राजस्थान के बीच माही जल बंटवारे को लेकर 1966 में समझौता हुआ था। माही के सरप्लस पानी को राजस्थान में लाना था। इसके लिए गुजरात की सहमति जरूरी है। इस पानी को 350 किमी लंबी केनाल के जरिए जालोर तक लाया जाएगा, लेकिन इस पानी को सिर्फ जालोर-बाड़मेर नहीं बल्कि जोधपुर संभाग के अन्य जिलों तक लाने पर भी मंथन चल रहा है। इसी केनाल को डब्ल्यूआरसीपी कहा जा रहा है। इसके प्री-फिजिबिलिटी का बजट 26 लाख रुपए रखा गया है।

**पिछले सत्र में उठा मामला**

विधानसभा के पिछले सत्र में यह मामला उठ चुका है। प्रश्न के जवाब में सरकार ने माना कि प्री-फिजिबिलिटी रिपोर्ट आ चुकी है। इसके बाद विधायक भैराराम सियोल ने इसके लिए पत्र भी लिखा, लेकिन अंतिम रिपोर्ट का अब तक इंतजार है। इस अंतिम रिपोर्ट में यदि संभावनाएं बताई तो डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इसमें भी छह माह से लेकर एक साल का समय लग सकता है। इसके बाद गुजरात सरकार के साथ मिलकर इसको धरातल पर उतारा जा सकता है।

कुछ इस प्रकार होगा फायदा

भूजल स्तर गिर रहा है, जिसे संभाला जा सकेगा। कृषि का जो रकबा घट रहा है, उसमें मदद मिलेगी। रोजगार के लिए पलायन रुकेगा। कृषि आधारित उद्योग भी पनप सकते हैं। पेयजल योजना भी बनेगी। उद्योगों को भी पानी मिल सकेगा।

**पहले भी हमने उठाई थी मांग**

डब्ल्यूआरसीपी को सबसे पहले सदन में उठाने का काम हमने किया था। इसके बाद लगातार फॉलोअप कर रहे हैं। सीएम ने विधायकों के साथ बैठक में इसके लिए सकारात्मक संदेश दिया है। यह प्रोजेक्ट पश्चिमी राजस्थान के लिए वरदान साबित होगा।

**सीएम सकारात्मक**

मैंने जब सवाल लगाया तो सरकार ने पिछले सत्र में भी इसके संकेत दिए थे। अब भी सीएम इसको सकारात्मक रूप से पूरा करने में रुचि दिखा रहे हैं। यह जोधपुर सहित पूरे पश्चिमी राजस्थान के लिए महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट होगा।

अभी अंतिम रिपोर्ट का इंतजार है। वेपकोस ने इसके लिए प्री-फिजिबिलिटी की अंतरिम रिपोर्ट दी थी, इसके बाद विभाग ने इसमें कुछ सुझाव दिए थे। अब अंतिम रिपोर्ट का इंतजार है। इसके बाद डीपीआर की प्रक्रिया हो सकती है।

# 'केंद्र केवल पर्चियां भेजकर काम निकाल रहा है',
## डोटासरा का सरकार पर बड़ा हमला; बोले- डबल इंजन उल्टे जुड़ गए



उदयपुर, 1 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस ने एक बार फिर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भाजपा सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि यह सरकार बड़े निर्णय लेने में पूरी तरह विफल रही है और जनता को राहत देने के बजाय केवल प्रचार में व्यस्त है।

डोटासरा ने उदयपुर के डबोक स्थित महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि राज्य सरकार परीक्षाएं सुरक्षित रूप से आयोजित नहीं करवा पा रही है, जिससे युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। उन्होंने सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा- "यह सरकार ही लीक हो गई है। यह बड़े पर्चे तो करवा ही नहीं सकती, छोटे-छोटे पर्चे भी लीक हो रहे हैं। डबल इंजन सरकार के इंजन उल्टे जुड़ गए हैं।"

**ईआरसीपी पर सवाल, सरकार को घेरा**

डोटासरा ने राज्य सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के कार्यकाल में घोषित ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट को भाजपा सरकार ने पहले तो अच्छा बताया, लेकिन अब इसे राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने में टालमटोल कर रही है।

अगर यह योजना इतनी ही अच्छी थी तो केंद्र सरकार इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित क्यों नहीं कर रही है? केंद्र केवल पर्चियां भेजकर काम निकाल रहा है, लेकिन राजस्थान को उसका हक नहीं मिल रहा है। उन्होंने जातिगत जनगणना कराने की मांग करते हुए कहा कि इससे पिछड़े वर्गों के लिए विशेष बजट आवंटन संभव होगा, जिससे समाज के कमजोर तबकों को सही लाभ मिल सकेगा।

**बजरी माफिया पर भी हमला, सरकार को घेरा**

राज्य में अवैध बजरी खनन को लेकर डोटासरा ने सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार खुद मान रही है कि रोजाना 7 करोड़ रुपये की अवैध बजरी निकाली जा रही है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं हो रहा।

"सरकार खुद ही मान रही है कि कुछ भी नहीं कर पा रही है। यह सरकार लीक हो चुकी है और अब इसे बचाया नहीं जा सकता।"

**बजट में राजस्थान को निराशा, विशेष पैकेज की मांग**

डोटासरा ने केंद्रीय बजट को लेकर भी मोदी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा- "पिछले बजट में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राजस्थान का नाम तक नहीं लिया। इस बार उम्मीद करते हैं कि राजस्थान के लिए कुछ विशेष घोषणाएं की जाएंगी, खासकर पानी की समस्या को लेकर। राजस्थान को विशेष पैकेज मिलना चाहिए ताकि पानी संकट से निपटा जा सके।" उन्होंने मांग की कि सोशल सिक्योरिटी पर ध्यान दिया जाए और कर्मचारियों के लिए टैक्स स्लैब में राहत दी जाए।

टीकाराम जूली का वार- "तीन टर्म से भाजपा की सरकार, फिर भी राजस्थान को कुछ नहीं मिला"

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि राजस्थान ने भाजपा को बड़ी संख्या में सांसद दिए, लेकिन बदले में राजस्थान को कुछ नहीं मिला। "मोदी खुद ERCP का शिलान्यास कर गए, लेकिन आज तक इसके लिए बजट आवंटित नहीं किया गया। केवल नाम बदले जा रहे हैं, लेकिन कोई ठोस काम नहीं हो रहा।"

# प्रमोशन की लड़ाई में आरएएस एसोसिएशन को झटका
## सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा राजस्थान हाईकोर्ट का फैसला

जयपुर, 1 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान कैडर की अफसरशाही में सबसे बड़े विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने भी हाईकोर्ट के फैसले पर मुहर लगा दी है। अन्य सेवाओं से आईएएस में स्पेशल सिलेक्शन को सही ठहराने के हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखते हुए इस मामले में RAS एसोसिएशन की याचिका को खारिज कर दिया है।

आरएएस एसोसिएशन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी के साथ तनवीर अहमद ने सुप्रीम कोर्ट में मामले की पैरवी की थी। वहीं सिविल सर्विसेज ऑफिसर्स की तरफ से वरिष्ठ वकील और हाईकोर्ट के पूर्व जस्टिस अशोक गौड़ ने की पैरवी की।

पिछले दिनों राजस्थान हाईकोर्ट ने अन्य सेवाओं से आईएएस में स्पेशल सिलेक्शन को हाईकोर्ट में चुनौती देने वाली आरएएस एसोसिएशन की याचिका को खारिज करते हुए एसोसिएशन पर पांच लाख रुपये का जुर्माना भी लगा दिया था। इसके बाद RAS एसोसिएशन हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई थी। अब सुप्रीम कोर्ट ने भी हाईकोर्ट के फैसले पर मुहर लगा दी है।

कोर्ट की लड़ाई 2016 से शुरू हुई थी, लेकिन पिछले साल आरएएस एसोसिएशन मामले को लेकर हाईकोर्ट पहुंच गई थी। एक जनवरी 2023 को आईएएस में प्रमोशन के 4 पद खाली हुए थे। यूपीएससी ने इन्हें भरने की अनुमति दे दी और सरकार को कहा कि भर्ती प्रक्रिया चालू करें। सरकार ने सभी विभागों से नाम मांगे और स्पेशन सिलेक्शन के लिए तीन आईएएस अफसरों की एक कमेटी बना दी। इसमें आईएएस वीनू गुप्ता, टी रविकांत तथा वैभव गालरिया की कमेटी ने विभिन्न विभागों की तरफ से भेजे गए 85 नामों से 20 नाम फाइनल कर दिए।

तत्कालीन सीएम अशोक गहलोत से अप्रूव होकर जून 2023 में ये नाम यूपीएससी चले गए।

यूपीएससी की ओर से प्रकिया चालू की जा रही थी कि उसी समय आरएएस एसोसिएशन हाईकोर्ट से स्टे ले आई। 26 नवंबर को सुनवाई पूरी करने के बाद कोर्ट ने फैसला रिजर्व कर लिया था। इसके बाद हाईकोर्ट ने फैसला सुनाते हुए आरएएस एसोसिएशन की याचिका खारिज कर दी थी, जिसके खिलाफ एसोसिएशन सुप्रीम कोर्ट गई थी।

**सरकार की तरफ से ये नाम यूपीएससी को भेजे गए**

सरकार की तरफ से स्पेशल सिलेक्शन के लिए 20 नाम यूपीएससी को भेजे गए थे। इनमें इंटरव्यू के जरिए 4 नाम आईएएस में स्पेशल सिलेक्शन के लिए फाइनल होने थे।

अब जब हाईकोर्ट ने प्रक्रिया पर से स्टे हटा दिया है तो यूपीएससी इसकी प्रक्रिया पर आगे बढ़ सकती है।

# दसवीं का ज्ञान नहीं, ऐसे शिक्षामंत्री हमारे
## दिलावर का वीडियो पोस्ट कर दिव्या मदेरणा ने ली चुटकी



जयपुर, 1 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के शिक्षामंत्री मदन दिलावर का स्कूली छात्राओं से बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी दिनों से घूम रहा है। इस वीडियो में दिलावर स्कूली बच्चों से हंसी मजाक कर रहे हैं। कांग्रेस नेता दिव्या मदेरणा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस वीडियो को शेयर करते हुए चुटकी ली है।

दिव्या मदेरणा ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि 'जिन्हें 10th और दसवीं कक्षा का बुनियादी ज्ञान भी नहीं है, ऐसे शिक्षा मंत्री हमारे राजस्थान की शिक्षा व्यवस्था सुधारेंगे या बिगाड़ेंगे?'

मदन दिलावर स्कूल का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान छात्राओं से बातचीत के दौरान मदन दिलावर हंसी मजाक कर रहे थे। तभी उन्होंने एक बच्ची से पूछा था कि कौन से कौन से क्लास में पढ़ती हो तो बच्ची ने जवाब देते हुए कहा कि सर 10th में पढ़ती हूं। इसके बाद शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि कोई तो दसवीं में बोल रहा था। बच्ची ने जवाब दिया, हम्म 10 और दसवीं तो सेम ही होता है। मंत्री ने कहा- अच्छा सेम होता है क्या? ओओओओ... इसके बाद सभी खिलखिला के हंसने लगे।

शिक्षामंत्री मदन दिलावर का यह वीडियो कई यूजर्स द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया है। साथ ही यूजर्स तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर गहनाराम चौधरी ने वीडियो पर कमेंट कर लिखा कि मेरा राजस्थान किस दिशा में जा रहा है। वहीं, खिलाड़ी गुर्जर नाम के यूजर ने कमेंट किया कि सही तो बोल रहे हैं मंत्री जी इसमें आपको क्या गलत लगा है आप अपना सोचने का नजरिया बदलो जी।

# जंगल में बैठकर मोबाइल से ठगी करने वाले 7 लोग गिरफ्तार

अलवर, 1 फरवरी (एजेंसियां)। दो जिलों की तीन थाना पुलिस ने साइबर ठगी के सात आरोपी गिरफ्तार किए हैं। तिजारा पुलिस ने 3 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी रामनिवास ने बताया कि डोटाना की पहाड़ी में पीछे जंगल में 3 लड़के मोबाइल फोन के जरिए ठगी कर रहे थे। पता पूछने पर उन्होंने अपना नाम सुबीन पुत्र भुटू, शाकिल पुत्र मुबीन निवासी बेरला थाना तिजारा, वसीम पुत्र मोहर निवासी ढंढाका नगर डीग बताया।

तलाशी में इनसे 8 मोबाइल मिले। जिनमें फर्जी पहचान पत्र भेज रखे हैं, किसी महिला-पुरुष की आपत्तिजनक वीडियो कॉलिंग की रिकॉर्डिंग एवं अन्य काफी फोटो भेजी हुई है। अन्य मोबाइल नंबरों पर महिला-पुरुषों के आपत्तिजनक स्थिति में वीडियो रिकॉर्डिंग व फोटोग्राफ उपलब्ध है।

शेखपुर अहीर पुलिस ने एक साइबर ठग को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी लोकेश कुमार ने बताया कि गाड़ी की वीडियो , फोटो व बुकिंग चार्ज प्राप्त करने की प्रक्रिया व गाड़ी की कीमत की लिस्ट भेजकर व झूठे प्रलोभन देने वाले तालीम पुत्र इब्राहिम निवासी हमीराका थाना शेखपुर अहीर को नबीनगर नदी गिरफ्तार कर किया है।लक्ष्मणगढ़ पुलिस ने साइबर ठगी करते दो साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। एसएचओ नेकीराम चौधरी ने बताया कि तेलीयाबास मौजपुर गांव में दबिश देकर ऑनलाइन ठगी करते साबिर खान पुत्र अतरु खान निवासी अलबक्स का बास तथा साहिल खान पुत्र खुशहाल खान निवासी तेलिया का बास तन मौजपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 2 मोबाइल फोन, एक कार तथा 1 बाइक जब्त की है।

# पैंथर के मूवमेंट से दहशत का माहौल
## ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया

करौली, 1 फरवरी (एजेंसियां)। सपोटरा उपखंड के नारौली ग्राम पंचायत के फूटी खोहरी गांव में पैंथर की बढ़ती गतिविधियों से ग्रामीणों में भय का माहौल है। वन विभाग ने निवासियों से जंगल से दूरी बनाए रखने और रात के समय विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार फूटी खोहरी गांव में पंचमुखी हनुमान मंदिर और वन विभाग पौधशाला क्षेत्र में पैंथर घूमता देखा गया, जिससे लोगों में हड़कंप मच गया।

सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पहाड़ी दीवार पर भी पैंथर नजर आया, जिसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दे दी गई है।



ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है, उनका कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से पैंथर की मौजूदगी बनी हुई है, लेकिन विभाग कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा।

ग्रामीणों के अनुसार एक मादा पैंथर अपने शावक के साथ आसपास के जंगलों में घूम रही है, जिससे लोगों में लगातार दहशत बनी हुई है।

इस मामले पर सहायक वनपाल राजेश कुमार मीना ने बताया कि जैसे ही पैंथर के मूवमेंट की सूचना मिली टीम को निगरानी के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने ग्रामीणों से जंगल से दूरी बनाए रखने और सतर्क रहने की अपील की है।

# डोडापोस्त तस्करी में 16 महीने से फरार आरोपी गिरफ्तार
## थानास्तर का टॉप-10 का है बदमाश



सिरोही, 1 फरवरी (एजेंसियां)। सिरोही जिले की पिंडवाड़ा पुलिस ने डोडा-पोस्त तस्करी में बीते 16 माह से फरार वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी आला दर्जे का बदमाश है और थानास्तर पर टॉप-10 अपराधियों में शामिल है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर अतिरिक्त जानकारियां जुटाई जा रही हैं।

सिरोही पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के मामलों में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवाराम चौधरी व पिंडवाड़ा वृत्ताधिकारी भंवरलाल चौधरी के सुपरविजन में सरूपगंज थानाधिकारी कमलसिंह की अगुवाई में टीम द्वारा बिश्नोइयों की ढाणी, हनुवंतपुरा, दुठवा, पुलिस थाना चितलवाना, जिला जालोर निवासी दिनेश कुमार पुत्र राणाराम बिश्नोई को जिला कारागृह बाड़मेर से पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर अतिरिक्त जानकारियां जुटाई जा रही हैं। आरोपी थानास्तर पर टॉप-10 अपराधियों में शामिल है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी 13 सितंबर 2023 को पिंडवाड़ा पुलिस द्वारा उदयपुर फोरलेन पर धांगा पुलिया, नेशनल हाईवे 27 पर की गई नाकाबंदी के दौरान क्रेटा कार में पकड़ी गई डोडा-पोस्त तस्करी के मामले में वांछित था। उस दौरान आरोपी नाकाबंदी देखकर कार लेकर भागने लगा। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने कार का पीछा किया।

# सरकारी स्कूल के दो अध्यापकों ने छात्राओं से की छेड़छाड़, ईट से धुनाई; स्टाफ ने बचाया

झुंझुनू, 1 फरवरी (एजेंसियां)। झुंझुनू जिले के गुढ़ागौड़जी थानाक्षेत्र के गांव बामलास के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में दो अध्यापकों द्वारा दो छात्राओं से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने विद्यालय के गेट पर ताला लगाकर प्रदर्शन किया। बाद में विभाग ने आरोपी दोनों अध्यापकों को एपीओ कर दिया।

प्रधानाचार्य मांगीलाल वर्मा ने बताया कि विद्यालय के अध्यापक नत्थूराम और ताराचंद पर छात्राओं ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। जांच के लिए छात्राओं को बुलाकर पूछताछ की गई और सीबीईओ उदयपुरवाटी आत्माराम वर्मा को मामले से अवगत कराया गया। उधर सीबीईओ आत्माराम ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए दोनों अध्यापकों को एपीओ कर दिया गया है।

मामले की सूचना मिलते ही गुढ़ागौड़जी थानाधिकारी राममनोहर ठोलिया मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना मिली थी कि अध्यापकों के साथ परिजन की झड़प हो गई। इसके बाद ग्रामीणों के आक्रोश को देखते पुलिस दोनों अध्यापकों को गाड़ी में बैठाकर थाने ले जा रही थी, लेकिन गाड़ी में दोनों अध्यापकों को बैठते देख ग्रामीण फिर से आक्रोशित हो गए और पुलिस की जीप के पीछे दौड़ने लग गए। पुलिस ने बमुश्किल से लोगों को रोका।

मौके पर पूर्व राज्यमंत्री राजेंद्र गुढा भी पहुंचे। गुढ़ा ने शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों से फोन पर बात कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही शर्मसार घटना है। छात्राओं के साथ स्कूल के अध्यापक ही ऐसी घटना कर रहे है फिर कहीं और क्या सुरक्षित रहेंगी। कार्रवाई नही हुई तो आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान सरपंच जयपाल जाखड़, लीलाधर मीणा, रोहिताश्व शेखावत, फतेह सिंह शेखावत, महावीर शेखावत, जयसिंह शेखावत, रतन सिंह शेखावत, बिरजू सिंह शेखावत, बलबीर सिंह शेखावत, जयसिंह शेखावत, जितेंद्र, महेश शर्मा, मुरारी शर्मा, रामसिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# मध्यम वर्ग के लिए लाभकारी बजट : मधुसूदन अग्रवाल



हैदराबाद, 1 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। आश्चर्यजनक रूप से आयकर सीमा 7 लाख से बढ़कर 12 लाख हो गई। किसी को इतनी वृद्धि की उम्मीद नहीं थी। यह किसी राजनीतिक विचार के कारण हो सकता है। व्यक्तिगत रूप से 12 लाख तक कोई आयकर नहीं और वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए 12.75 लाख तक कोई कर नहीं। कॉर्पोरेट की अधिकतम कर दरें व्यक्तिगत श्रेणी में भारतीय नागरिक की तुलना में कम हैं। वित्त मंत्री को आयकर दरों पर फिर से विचार करने की जरूरत है। टीडीएस और टीसीएस दरों में कई बदलावों का सुझाव दिया गया है। वरिष्ठ नागरिकों को ब्याज पर टीडीएस की सीमा 50,0000 से बढ़ाकर 1 लाख करने से लाभ हुआ है। किराए पर टीडीएस की सीमा 2,40,000 से बढ़ाकर 6,00,000/- की गई। लाभांश, कमीशन और अन्य आय पर टीडीएस सीमा बढ़ाई गई। यह एक स्वागत योग्य कदम है। अपडेटेड आईटीआर अब 2 साल के बजाय 4 साल के लिए दाखिल किया जा सकेगा। माल की खरीद-विक्रय पर टीसीएस हटा दिया गया है। गैर फाइलरों के लिए टीडीएस की उच्च दर हटा दी गई है, पैन नहीं होने पर टीडीएस की उच्च दर लागू होती है। पूंजीगत लाभ के लिए कोई लाभ नहीं दिया जाता है। इसलिए शेयर बाजार को कोई बढ़ावा नहीं मिला। बजट 2025 में भूमि और भवन सुधार, औद्योगीकरण पर किसी भी बिंदु को संबोधित नहीं किया गया है जो दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। हमारी अर्थव्यवस्था को 7 प्रतिशत और उससे अधिक बढ़ने की आवश्यकता है। बीमा में एफडीआई को 100 प्रतिशत की अनुमति है। अब कई नई कंपनियां और नए बीमा उत्पाद बाजार में आएंगे, जिससे आम आदमी को फायदा होगा। वित्त वर्ष 25 के लिए राजकोषीय घाटा अनुमानित है 4.8 प्रतिशत जीडीपी का और यही 2026 के लिए 4.4 प्रतिशत पर रखा गया है। पूंजीगत खर्चा 2025 के लिए 10.18 लाख करोड़ अनुमानित है।




## इतिहास में सबसे लोक प्रिय बजट



बाजापा के वरिष्ठ नेता अमर सिंह राजपुरोहित ने बताया 12 लाख तक की कमाई पर आयकर कर मुक्त कर हमारे देश और प्राइवेट कम्पनियों में नौकरी करने वाले व अपने निजी व्यवसाय (व्यापार) करने वाले बडा वर्ग को बहुत बडी राहत मिली है।

इसके अलाव हमारे देश में नौकरी के लिए आईआईटी एवं मेडिकल कालेज के सिटे लगभग दो गुना करने का लक्ष्य रखा है। जिसे आने वाले समय में हमारे देश में रोजगार बडेगा व देश का अधिक ढांचा मजबुत होगा और भी कई क्षेत्रों में टैक्स कम किया है। एलईडी, एलसीडी, लेटर, मोबाइल, केरार कि दवाई में भी सस्ती हुई है और भी काई वस्तुओं में हमारे लोगों को फायदा होगा।

## महिलाओं के लिए आकर्षक बजट : गौरीदेवी काग



केंद्रीय बजट में महिलाओं के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा की है। ये योजनाएं महिलाओं के आर्थिक विकास, उद्यमिता, स्वास्थ्य, कौशल विकास और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करेंगी।

पहली बार महिला उद्यमियों के लिए 2 करोड़ तक का टर्म लोन, 5 लाख तक की लिमिट वाले क्रेडिट कार्ड, मुद्रा लोन के तहत होमस्टे व्यवसाय शुरू करने की सुविधा की घोषणा की गई है। गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं को पोषण सहायता। 8 करोड़ बच्चों और 20 लाख किशोरियों को सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 योजना का लाभ इस बजट से महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त होगा!

## केंद्रीय बजट में तेलंगाना के साथ हुआ अन्याय : महेश

हैदराबाद, 1 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। टीपीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ ने कहा कि केंद्रीय बजट में तेलंगाना के साथ अन्याय किया गया है और उन्होंने राज्य के लोगों से किए गए वादों को लेकर भाजपा पर सवाल उठाया। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि उसने चुनावों को ध्यान में रखते हुए बिहार में परियोजनाओं और धन की बौछार कर दी है। टीपीसीसी अध्यक्ष ने शनिवार को यहां कहा कि भाजपा केंद्रीय बजट का इस्तेमाल राजनीतिक लाभ उठाने के लिए कर रही है।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने रेलवे परियोजनाओं, विभाजन आश्वासनों, पालमुरु रंगारेड्डी लिफ्ट सिंचाई परियोजना को राष्ट्रीय दर्जा, बय्यारम कोच फैक्ट्री और अन्य पर केंद्र सरकार को कई ज्ञापन सौंपे हैं। उन्होंने कहा कि तेलंगाना जीएसटी के माध्यम से केंद्र को लगभग 40,000 करोड़ रुपये का योगदान देता है और केंद्र सरकार को राज्य को धनराशि जारी करनी चाहिए।

## देश की समृद्धि का बजट : कालुराम काग



यह बजट विकसित और समृद्ध भारत के निर्माण के साथ समाज के सभी वर्ग विशेषकर किसानों, युवाओं, गरीबों और महिलाओं को प्राथमिकता देने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह बजट देश के आर्थिक देश को आर्थिक समृद्धि, स्थिरता और प्रगति की ओर ले जाने में भी महत्वपूर्ण साबित होगा। इससे न केवल विकसित भारत निर्माण के प्रयासों को बल मिलेगा, बल्कि और भी ज्यादा मजबूती मिलेगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में एक की मौत

संगारेड्डी, 1 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कंडी मंडल के कलिवमुला गांव में शनिवार को एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाया गया। वह रामचंद्रपुरम मंडल के वेलिमेला निवासी अशमगरी राजू (45) था। इंद्रकरण पुलिस को घटनास्थल के पास शराब की कुछ बोतलें मिली हैं। शुरूआती जांच के बाद पुलिस यह निष्कर्ष निकालने में विफल रही कि यह हत्या का मामला है या आत्महत्या का। आगे की जांच जारी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए संगारेड्डी के सरकारी अस्पताल ले जाया गया।

# आंध्र को डंपिंग यार्ड मुक्त बनाना ही लक्ष्य : एम. रमाकांत सागर




विजयवाड़ा, 1 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्य अतिथि स्वच्छन्द्र निगम अध्यक्ष कोम्मारेड्डी वट्टाभिराम ने कहा कि, पूरे एपी में मानव अपशिष्ट के एकत्रीकरण हेतु आवश्यक कार्रवाई एवं महत्वपूर्ण कदम जल्द ही उठाएं जायेंगे।

इस संदर्भ में, अपशिष्ट प्रबंधन हेतु बीआईएस द्वारा आयोजित मनकमन्दन कार्यक्रम विजयवाड़ा शहर में आयोजित किया गया। जिसमें कोम्मारेड्डी वट्टाभिराम ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। अवसर पर वट्टाभिराम ने कहा कि बीआईएन द्वारा तैयार दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए पूरे राज्य में मानव अपशिष्ट एकत्र करने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

साथ ही भारतीय मानक ब्यूरो(बीआईएस) के वैज्ञानिक व संयुक्त निदेशक एम. रमाकांत सागर ने खुलासा किया कि, वे आंध्र प्रदेश को देश में सबसे कम डंपिंग यार्ड वाला राज्य बनाने की दिशा में कार्य करेंगे।

श्री सागर ने कचरे को अलग-अलग करने और उचित संग्रहण पर ध्यान केंद्रित करने के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा की जा रही है।

यह मानकीकरण पूरे देश में लागू किया जा रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वाणिज्यिक सुविधाएं पर्यावरणीय लाभ के रूप में टिकाऊ प्रथाओं को अपनाएं। उन्होंने कहा कि प्रदूषण को कम करने और रीसाइक्लिंग को बढ़ावा देने से वैश्विक परिघटना बन चुके अपशिष्ट प्रबंधन को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करना आसान हो जाएगा।

बीआईएस वैज्ञानिक एवं उपनिदेशक डी अखिल ने अपने तकनीकी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बीआईएन एवं उत्पाद प्रमाणन की विभिन्न गतिविधियों के बारे में कहा कि, आईएन 18520-2024 उदाहरणों के साथ समझाता है कि वाणिज्यिक सुविधाओं, दुकानों, बाजारों, मॉल आदि में अपशिष्ट पृथक्करण, संग्रहण और उपयोग का प्रबंधन कैसे किया जाए। जिसमें बीआईएन द्वारा तैयार किये गए विशिष्ट दिशानिर्देशों को विस्तार से बताया गया है।

कार्यक्रम में विजयवाड़ा बीआईएन मानक संवर्धन अधिकारी डी कृष्णवीर वर्मा, विजयवाड़ा बीआईएस शाखा कर्मचारीगण और राज्य भर के शहरी और स्थानीय संगठनों के दो सौ पचास प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

## बजट वंचितों का सम्मान सुनिश्चित करेगा



केन्द्रीय वित्त मंत्रीजी द्वारा पेश किये गये बजट 2025 में गरीब, किसान व मध्यम वर्ग के कल्याण को प्राथमिक्ता दी गयी है। यह सर्वहितकारी बजट वंचितों का सम्मान सुनिश्चित करेगा और इसमें नारीशक्ति व मध्यम वर्ग का उत्थान समाहित है।

**– गुलाबसिंह राजपुरोहित, युवा नेता**

## मध्यम वर्ग को समर्पित बजट



शर्मिला पांड्या मंत्री श्री इंद्रपुरी जैन महिला मंडल कैसरबाग अगापुरा के अनुसार आम बजट इस बार महिला वर्ग को ध्यान में रखकर पेश किया गया है। यह बजट मध्यम वर्ग को समर्पित कर पेश किया गया कैंसर जैसी गंभीर बीमारी हेतु दवाई सस्ती करने का निर्णय लिया एवं हर अस्पताल में कैंसर सेंटर खोलने का विचार किया जा रहा है। इस बार 12 लाख की आय वालों के लिए टेक्स्ट फ्री कर बडी राहत दी गई है। सीनियर सिटीजन के लिए टीडीएस 50000 की बजाय 1 लाख करने से उन्हें काफी राहत मिलेगी।

## खोखले वादों की पोटली है बजट



सामाजिक कार्यकर्ता एवं बिजनेस मैन अशोक कुमार तिवारी ने सवाल किया कि क्या यह बजट आम जनता, किसानों, छोटे व्यापारियों और मध्यम वर्ग की उम्मीदों पर खरा उतरता है, या फिर यह सिर्फ आंकड़ों की जादूगरी भर है? सरकार ने इनकम टैक्स स्लैब में जो बदलाव किया है वह मध्यम वर्ग की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा है। महंगाई के इस दौर में अप्रत्यक्ष करों में बढ़ोतरी कर दी गई, जिससे आम जनता की जेब पर और भार पड़ेगा। किसानों के लिए सरकार ने कुछ घोषणाएं जरूर की हैं, लेकिन एमएसपी पर कोई ठोस नीति नहीं बनी। किसानों की आय दोगुनी करने की बात 2014 से की जा रही है, लेकिन हकीकत यह है कि किसान आज भी कर्ज़ में डूबे हुए हैं। बजट में रोजगार को लेकर कोई ठोस योजना नहीं दी गई। सरकारी भर्तियों में कटौती जारी है, और प्राइवेट सेक्टर में भी अस्थिरता बनी हुई है। स्किल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसी योजनाओं का ज़िक्र तो हुआ, लेकिन उनके लिए पर्याप्त बजट आवंटन नहीं किया गया। महामारी के बाद उम्मीद थी कि सरकार स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों पर अधिक खर्च करेगी, लेकिन बजट में इन दोनों ही अहम क्षेत्रों को दरकिनार कर दिया गया। सरकार का खर्च बढ़ा है, लेकिन यह खर्च किस मद में हो रहा है, यह देखने वाली बात है। पेट्रोल-डीजल पर टैक्स में कोई कटौती नहीं हुई, जिससे आने वाले दिनों में महंगाई और बढ़ने की आशंका है।

## बड़े वादे लेकिन राहत छोटी



युवा उद्यमी सत्यम कुमार ने बजट को विकासोन्मुखी और संतुलित बताया है, लेकिन क्या यह वास्तव में देश की आर्थिक चुनौतियों का समाधान करेगा? मध्यम वर्ग को इस बजट से काफी उम्मीदें थीं, लेकिन उन्हें कोई ठोस राहत नहीं मिली। इनकम टैक्स स्लैब में किए गए बदलाव से वे महंगाई की मार झेलते रहेंगे। सरकार के अप्रत्यक्ष करों से आम आदमी की जेब पर और बोझ बढ़ेगा। सरकार पिछले एक दशक से किसानों की आय दोगुनी करने की बात कर रही है, लेकिन इस बजट में भी उनके लिए कोई ठोस नीति नहीं बनी। किसानों की समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं, लेकिन सरकार सिर्फ खोखले वादों से काम चला रही है। सरकारी भर्तियों में कोई उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई, और निजी क्षेत्र को भी प्रोत्साहन नहीं मिला। स्टार्टअप इंडिया और स्किल इंडिया जैसी योजनाओं का ज़िक्र किया गया, लेकिन उन्हें मजबूत बनाने के लिए पर्याप्त फंडिंग नहीं दी गई।

महामारी के बाद उम्मीद थी कि सरकार स्वास्थ्य और शिक्षा पर अधिक ध्यान देगी, लेकिन बजट में इन दोनों क्षेत्रों को दरकिनार कर दिया गया। शिक्षा के क्षेत्र में भी कोई बड़ा बदलाव नहीं दिखा, जिससे छात्रों और अभिभावकों को निराशा हुई है। सरकार ने एक बार फिर विनिवेश की दिशा में कदम बढ़ाए हैं, जिससे कई सरकारी कंपनियों के निजीकरण की संभावना बढ़ गई है। यह नीति आर्थिक संप्रभुता के लिए खतरा हो सकती है, क्योंकि इससे सरकारी नौकरियों में कटौती होगी और निजी क्षेत्र का दबदबा बढ़ेगा।

## नागरिकों के हित में केंद्रीय बजट

सामाजिक कार्यकर्ता राजेश तोषनीवाल ने बजट को जनहितकारी और आर्थिक सुधारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। 12 लाख रुपये तक की आय पर आयकर में छूट दी गई है, जिससे मध्यम वर्ग को सीधा लाभ मिलेगा और उनका जीवन स्तर बेहतर होगा। सरकार ने कृषि क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। सभी प्रकार की दालों और कपास के उत्पादन को बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं, जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और देश की आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले गीग श्रमिकों और उनके परिवारों के लिए स्वास्थ्य देखभाल और कल्याणकारी योजनाओं का विस्तार किया गया है, जिससे उन्हें सरकारी लाभ का पूरा फायदा मिलेगा। शिक्षा के क्षेत्र में 10,000 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया गया है, जिससे देश में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा।

## इनकम टैक्स में छूट का स्वागत



सिकंदराबाद होलसेल व्यापारी संघ के अध्यक्ष गौतम जैन ने इनकम टैक्स में दी गई भारी छूट का स्वागत किया है। यह बजट एमएसएमई व टूरिस्ट को बढ़ाना देने वाला है। देश भर में बडे-बडे एयरपोर्ट एवं निर्माण कार्यों को बढ़ावा देने से देश उन्नति के रास्ते पर दौडने लगेगा। इसके साथ ही रोजगार की दिशा में भी बजट में प्रावधान रखे गए हैं जिससे युवाओं को अब भटकना नहीं पडेगा।

## पीएम श्री केवी पिकेट में अंग्रेजी दिवस समारोह मना




हैदराबाद, 1 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पीएम श्री केवी पिकेट में छात्रों के बीच अंग्रेजी भाषा के प्रति प्रेम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई आकर्षक गतिविधियों के साथ अंग्रेजी दिवस मनाया। अंग्रेजी भाषा के इतिहास और महत्व पर प्रकाश डाला। पीएम श्री केवी पिकेट में, दिन की शुरूआत एक विशेष सभा के साथ हुई जिसमें पुस्तकों के महत्व पर प्रकाश डालने वाला एक मधुर गीत था, उसके बाद "द बिशप्स कैंडलस्टिक्स" नामक एक लघु नाटक का प्रदर्शन किया गया। कई छात्रों द्वारा गाए गए गीत ने कविता पढ़ने और लिखने के महत्व पर प्रकाश डाला। एक नाटक "एक काल्पनिक दुनिया में जादूगरों की खोज" बहुत बढ़िया था। छात्रों द्वारा दिए गए भाषण बेहतरीन थे। कार्यक्रम का समापन कक्षा 9 डी द्वारा एक ऊर्जावान गीत संगीत कार्यक्रम के साथ हुआ, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रिंसिपल रुपिंदर सिंह, डॉ. मधुसूदन सर, वर्जीनिया सुंदर राज, समन्वयक पद्मजा, अपर्णा, दिव्या, आशीष और सुश्री मौमिता ने अंग्रेजी विभाग और प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की।

# मिडिल क्लास मालामाल : प्रमोद केडिया



हैदराबाद, 1 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय बजट 2025-26 अर्थव्यवस्था में सभी हितधारकों को लाभान्वित करता है। यह एक बहुत ही सकारात्मक बजट है। नई कर व्यवस्था के तहत वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए 12.75 लाख रुपये और सामान्य नागरिकों के लिए 12.00 लाख रुपये तक की आय को छूट देने का प्रस्ताव मध्यम वर्ग के करदाताओं के लिए एक बड़ा बढ़ावा है। परिणामस्वरूप करदाताओं के हाथों में 102600/- करोड़ रुपये का अधिशेष धन होगा, जिससे मध्यम वर्ग द्वारा उपभोक्ता मांग, बचत और निवेश को बढ़ावा मिलने की संभावना है। यह बैंकों के लिए एक बड़ा सकारात्मक कदम है क्योंकि अधिक करदाता बचत करना शुरू कर देंगे और इस अधिशेष धन को बैंकों की विभिन्न योजनाओं में निवेश करेंगे या इसका उपयोग नया वाहन, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं आदि खरीदने में कर सकते हैं।

करदाताओं के पास ईएमआई के लिए बेहतर पुनर्भुगतान क्षमता होगी। वरिष्ठ नागरिकों के लिए टीडीएस सीमा भी वर्तमान 50000/- रुपये से बढ़ाकर 100000/- रुपये कर दी गई है। इससे उन्हें अपने धन का बेहतर प्रबंधन करने में मदद मिलेगी और बैंकों के लिए टीडीएस के लिए उत्तरदायी लेनदेन की संख्या कम हो जाएगी। सरकार की ओर से विवेकपूर्ण भौतिक प्रबंधन ने बॉन्ड मार्केट के लिए कोई बड़ा आश्चर्य नहीं छोड़ा और बाजार उधारी मोटे तौर पर उम्मीदों के अनुरूप रही। आगामी दर कटौती के साथ यह बॉन्ड यील्ड को कम करेगा जो बदले में बैंकों को उनके राजकोष लाभ में सुधार करने में लाभान्वित कर सकता है।

## दुर्घटना में चार वर्षीय बच्चे की मौत

हैदराबाद, 1 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के बाहरी इलाके मेडिपल्ली के पर्वतपुर में शनिवार तड़के एक लापरवाही से चलाई जा रही कार के सड़क किनारे बने एक छप्परपोश घर में घुस जाने से चार वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, यह घटना रात करीब 1 बजे हुई, जब कार घाटकेसर से उप्पल की ओर जा रही थी।

पर्वतपुर पहुंचने पर, कथित तौर पर तेज़ गति से चल रही कार ने नियंत्रण खो दिया और सबसे पहले सड़क पर एक बिजली के खंभे से टकरा गई। उसी गति से, वाहन सड़क से उछलकर एक छप्पर वाले घर में जा घुसा और फिर रुक गया। घर के अंदर मौजूद के. अक्षिथ (4) को गंभीर चोटें आईं और उसे तुरंत पास के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां बाद में उसकी मौत हो गई।

मेडिपल्ली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कार चालक की पहचान करने और उसे पकड़ने के प्रयास जारी हैं, जो वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया है।

## पादुका दर्शन समारोह आज

हैदराबाद, 1 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। स्व-स्वरूप संप्रदाय - जिला सेवा समिति हैदराबाद के तत्वावधान में आज अम्बरपेट स्थित महाराणा प्रताप फंक्शन पैलेस में जगद्गुरु स्वामी नरेन्द्राचार्य महाराज का पादुका दर्शन समारोह आयोजित किया गया है ।

प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, जगद्गुरु रामानंदाचार्य दक्षिण पीठ, नाणीजधाम (महाराष्ट्र) के जगद्गुरु नरेन्द्रचार्य महाराज का पादुका दर्शन समारोह उत्तराधिकारी कानिफनाथ महाराज के सानिध्य में आयोजित किया जा रहा है, भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर दर्शन का लाभ लेने का आह्वान किया गया है ।

## बजट एक वैभवशाली



सर्वसमावेशी अंतरिम बजट पेश करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमणजी का आभार व्यक्त करता हूँ। यह बजट एक वैभवशाली, गौरवशाली, समृद्ध और शक्तिशाली भारत के निर्माण में सहायक बनेगा, और आने वाले समय में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को हासिल करेगा और यह सुनिश्चित होगा कि मोदीजी ने जिस महान भारत की कल्पना की है, उसमें कोई भी पीछे न रह जाये।

**– गजेन्द्रसिंह राजपुरोहित, अध्यक्ष अ.भा.राजपुरोहित संस्थान पुष्कर पंचायत**



आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमति निर्मला सीतारमणजी द्वारा प्रस्तुत केन्द्रीय बजट 2025-26 विकसित भारत के संकल्पों को सिद्ध करने वाला है। यह कल्याणकारी बजट देश के गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के समग्र विकास के साथ विभिन्न क्षेत्रों को समाहित करते हुए नव-दृष्टि से परिपूर्ण है।

**– शंकरसिंह राजपुरोहित, डायरेक्टर दी ए.पी.महाजन कॉरपोरेटिव उर्बन बैंक लिमिटेड सिकंदराबाद**

## 'विकसित भारत' की समृद्धि का संकल्प का विजन



युवा, किसान, उद्यमी, महिला, मध्यम वर्गीय लोगो को ध्यान में रखकर पेश किये गये बजट में 'विकसित भारत' की समृद्धि का संकल्प का विजन है। जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था में सकारात्मक बदलाव आना सुनिश्चित है। सब की आवश्यकताओं एवं देश के समग्र विकास को ध्यान में रखकर बनाया गया यह बजट प्रशंसनीय और स्वागत योग्य है। इस बजट में निरंतरता का विश्वास है।

**–मोहनलाल हाम्बड़, अध्यक्ष सीरवी समाज तेलंगाना पारसीगुटा**



बीते एक दशक में आदरणीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने जो समृद्धि की ओर कदम रखा है उसमें देश के मध्यम वर्ग का परिश्रम और सामर्थ्य सम्मिलित है। निश्चित ही प्रधानमंत्रीजी के मार्गदर्शन में लिया गया निर्णय मध्यम वर्ग की आशाओं और आकांक्षाओं को उड़ान देने के साथ उन्हे सशक्त बनायेगा।

**–नारायणलाल काग, सचिव सीरवी समाज तेलंगाना पारसीगुटा**



बजट 2025 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का भारत को विश्व में तीसरे स्थान की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प है। यह बजट युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवायेगा और भारत की आर्थिक व्यवस्था को मजबूत बनाने वाला है।

**–खंगारसिंह लचेटा, कोषाध्यक्ष सीरवी समाज तेलंगाना पारसीगुटा**



आम बजट में मोदी सरकार ने इस बार मध्यम वर्ग का खास ख्याल रखते हुए 12 लाख तक के आय पर कोई भी टैक्स नहीं लगाने की घोषणा की है। इससे न केवल मध्यम वर्गीय आम लोग बल्कि औद्योगिक क्षेत्र भी उत्साहित है। यह 2047 के विकसित भारत की प्लानिंग में बड़ा कदम है।

**–जसवन्त देवड़ा, सलाहकार सीरवी समाज तेलंगाना पारसीगुटा**



140 करोड़ देशवासियों के कल्याण तथा भारत को आत्मनिर्भर बनाने वाले इस बजट के लिए प्रधानमंत्रीजी और केन्द्रीय वित्तमंत्री का हार्दिक अभिनन्दन करता हुं। उनके द्वारा प्रस्तुत बजट 2025 विकसित भारत के संकल्पों को सिद्ध करने वाला है। 12 लाख रुपये तक की वार्षिक आय को कर मुक्त करने का निर्णय अभिनंदनीय है।

**–प्रभुराम परिहारियां, सरंक्षक सीरवी समाज कोरेमुला**



सीरवी समाज तेलंगाना पारसीगुटा स्थित श्री आईमाता मंदिर में समाज बन्धुओं के तत्वावधान में माघ सुदी बीज महोत्सव के अवसर पर आयोजित जागरण में भजन प्रस्तुत करते हुए नैनाराम सीरवी एंड पार्टी। अवसर पर पुजा-अर्चनाकर, दर्शन, भजनों व कार्यक्रम का लाभ लेते हुए अध्यक्ष मोहनलाल हाम्बड़, उपाध्यक्ष रमेश पंवार, सचिव नारायणलाल काग, कोषाध्यक्ष खंगारसिंह लचेटा, सलाहकार जसवन्त देवड़ा, शिक्षा समिति अध्यक्ष लाबूराम पंवार, कोषाध्यक्ष हिमताराम हाम्बड़, खेल मंत्री हिमताराम हाम्बड़, महिला मंडल अध्यक्षा सुशीला देवड़ा, कोषाध्यक्षा नीलू लचेटा, कार्यकारिणी सदस्या सुगनादेवी हाम्बड़, अनिता राठौड़, पदाधिकारी व समाज बन्धु।

## दुर्घटना में 2 तेलुगु एनआरआई की मौत

हैदराबाद, 1 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। आयरलैंड के काउंटी कार्लो में शुक्रवार को एक दुर्घटना में दो तेलुगु एनआरआई मारे गए और दो घायल हो गए। दोनों पीड़ितों की पहचान भार्गव चित्तूरी (23) और सुरेश चेरुकुरी (24) के रूप में हुई है। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए यूनाइटेड किंगडम गए दोनों पीड़ित आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले के मूल निवासी हैं। आयरलैंड की स्थानीय समाचार वेबसाइटों के अनुसार, दुर्घटना उस समय हुई जब जिस कार में वे सवार थे, वह शुक्रवार को प्रातः 1.15 बजे राथो के लेघ में ग्रेगुएनास्पिडोज के पास एन 80 पर एक पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में घायल हुए लोगों का विवरण फिलहाल अज्ञात है।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# विराट के मैच में दूसरी बार मैदान में घुसे फैंस
## सिक्योरिटी तोड़कर 3 लोग कोहली की ओर दौड़े

नई दिल्ली, 1 फरवरी (एजेंसियां)। रणजी ट्रॉफी 2024-25 के आखिरी राउंड का आज तीसरा दिन है। इस राउंड का सबसे चर्चित दिल्ली और रेलवे के बीच मुकाबला रहा। इस मैच से विराट कोहली ने 12 साल के बाद रणजी ट्रॉफी में वापसी की। कोहली दिल्ली के लिए खेल रहे हैं।

शनिवार को मुकाबले के तीसरे दिन के पहले सेशन के दौरान 3 फैंस सुरक्षा घेरा तोड़कर कोहली से मिलने मैदान में घुस गए। दिल्ली इस समय दूसरी पारी में फील्डिंग कर रही थी। पारी के 18वें ओवर में तभी अचानक गौतम गंभीर स्टैंड से 3 फैंस विराट कोहली की तरफ दौड़े और एक ने उनके पैर भी छुए।

इसके बाद तुरंत सिक्योरिटी ने उन्हें पकड़ा और मैदान से बाहर कर दिया। दो बच्चे थे और एक की उम्र 18 साल से ज्यादा रही होगी। इससे पहले, 30 जनवरी को मुकाबले के पहले दिन भी एक




फैन घुस आया था और विराट को पैर छुए थे।

**विराट ने मैच में 6 रन बनाए**

कोहली मुकाबले के दूसरे दिन दिल्ली की पहली पारी में 15 गेंद में 6 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें रेलवे के हिमांशु सांगवान ने बोल्ड कर दिया। कोहली ने पारी की डिफेंसिव शुरुआत की। उन्होंने 5वीं गेंद को कवर की ओर धकेलकर अपना पहला रन बनाया। विराट ने हिमांशु की बॉल पर स्ट्रेट ड्राइव पर चौका जमाया। फिर अगली ही बॉल पर क्लीन बोल्ड हो गए।

**दिल्ली पारी और 19 रन से जीती**

तीसरे दिन दिल्ली ने पहली पारी में 334/7 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम 374 रन पर ऑलआउट हो गई। रेलवे की टीम पहली पारी में 241 रन पर सिमट गई थी। दिल्ली को 133 रन की बढ़त मिली। रेलवे दूसरी पारी में 114 रन पर ही ऑलआउट हो गई। इस तरह दिल्ली को पारी और 19 रन से जीत मिली। दिल्ली के लिए कप्तान आयुष बडोनी 99, सुमित माथुर 86, प्रणव राजवंशी 39, सनत सांगवान 30 और यश धुल 32 रन बनाए।

**आज स्टेडियम में भीड़ नहीं**

अरुण जेटली स्टेडियम में शनिवार को ज्यादा भीड़ नहीं थी। पहले दो दिन कोहली की बैटिंग देखने के लिए स्टेडियम के कुछ स्टैंड खचाखच भरे थे। पहले दिन लगभग 15 हजार और दूसरे दिन 10 हजार से ज्यादा दर्शक आए थे। कोहली के आउट होने के बाद दिल्ली की पायल ने कहा- 'बड़े इंतजार के बाद कोहली की बैटिंग आई, लेकिन वे जल्दी आउट हो गए। इससे निराश हूं।'

**विराट ने आखिरी रणजी मैच 2012 में खेला था**

कोहली ने 2006 में तमिलनाडु के खिलाफ रणजी में डेब्यू किया था। विराट ने 2012 में अपना आखिरी रणजी मैच वीरेंद्र सहवाग की कप्तानी में खेला था, जबकि पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने यूपी की कमान संभाली थी। मैच गाजियाबाद के नेहरू स्टेडियम में खेला गया था।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान टीम का ऐलान
## फखर जमान, फहीम अशरफ की वापसी
## सईम अयूब चोट की वजह से बाहर

इस्लामाबाद,, 1 फरवरी (एजेंसियां)। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान टीम का ऐलान हो गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 15 मेंबर्स स्क्वॉड का ऐलान किया। यही टीम साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ ट्राई सीरीज भी खेलेगी। यह सीरीज 8 फरवरी से शुरू होगी।

टीम की कप्तानी मोहम्मद रिजवान करेंगे। फखर जमान और फहीम अशरफ की टीम में वापसी हुई है। फखर जमान नवंबर 2023 में आखिरी बार वनडे खेले थे। वहीं, फहीम ने अंतिम बार 2023 में इंटरनेशनल क्रिकेट खेला था।

चोटिल सईम अयूब को टीम में जगह नहीं मिली है। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से 9 मार्च तक खेली जाएगी। पाकिस्तान टीम ग्रुप-ए में है। इसी ग्रुप में भारत, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड भी हैं।




**अयूब के टखने में फ्रैक्चर**

पाकिस्तान टीम में खुशदिल शाह और सऊद शकील को भी शामिल किया गया है। वहीं, सईम अयूब टखने में फ्रैक्चर के कारण उपलब्ध नहीं हो सकेंगे। सईम को साउथ अफ्रीका के खिलाफ केप टाउन टेस्ट में चोट लग गई थी। PCB ने सईम के फिट होने का इंतजार किया और उन्हें टीम में लेने की हर संभव कोशिश की, लेकिन वह समय से फिट नहीं हो सके। उन्हें कम से कम फिट होने में चार हफ्ते लग सकते हैं।

**चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान टीम**

मोहम्मद रिजवान (कप्तान और विकेटकीपर), सलमान आगा (उपकप्तान), बाबर आजम, फखर जमां, कामरान गुलाम, सऊद शकील, तैयब ताहीर, फहीम अशरफ, खुशदिल शाह, उस्मान खान (विकेटकीपर), अबरार अहमद, हारिस रऊफ, मोहम्मद हसनैन, नसीम शाह, शाहीन शाह अफरीदी।

**23 फरवरी को दुबई में पाकिस्तान-भारत भिड़ेंगे**

पाकिस्तान टीम ग्रुप-ए में है। इसी ग्रुप में भारत, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड भी हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप मैच 23 फरवरी को दुबई में होगा। चैंपियंस ट्रॉफी 8 साल बाद होने जा रही है, 2017 में आखिरी बार पाकिस्तान ने भारत को फाइनल हराकर खिताब जीता था।

# बुमराह और मंधाना 2024 के बेस्ट क्रिकेटर



मुंबई, 1 फरवरी (एजेंसियां)। बुमराह 2024 के बेस्ट प्लेयर, मंधाना ने पिछले साल 747 रन बनाए

बुमराह को बसीसीआई ने से पहले आईसीसी ने टेस्ट और ओवरऑल साल का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना था। उन्होंने पिछले साल भारत के लिए शानदार प्रदर्शन किया और इंग्लैंड तथा बांग्लादेश के खिलाफ भारत की डोमेस्टिक सीरीज जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 31 वर्षीय तेज गेंदबाज ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 टेस्ट मैच में 32 विकेट चटकाए।

विमेंस क्रिकेट में साल की सर्वश्रेष्ठ महिला ओडीआई क्रिकेटर का अवॉर्ड मंधाना को मिला। उन्होंने साल 2024 में 747 रन बनाए। मंधाना ने पिछले साल चार एकदिवसीय शतक बनाए जो महिलाओं के फॉर्मेट में एक साल में सर्वाधिक शतक का रिकॉर्ड है। उन्होंने पिछले साल 95 चौके और 6 छक्के लगाए। मंधाना ने 2024 में वनडे में 57.86 की औसत और 95.15 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

**पिछली बार शास्त्री-इंजीनियर को यह अवॉर्ड मिला था**

1983 में भारत की वर्ल्ड चैंपियन टीम के सदस्य रवि शास्त्री और फारुख इंजीनियर को कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया गया। फारूख ने भारत के लिए 46 टेस्ट और पांच वनडे खेले।

**31 साल पहले शुरू हुआ था यह अवॉर्ड**

बीसीसीआई ने भारत के पहले कप्तान कर्नल सीके नायडू के सम्मान में 1994 में इस अवॉर्ड को शुरू किया था। नायडू का 1916 से 1963 के बीच 47 साल लंबा प्रथम श्रेणी करियर रहा है। यह एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है। नायडू ने एडमिनिस्ट्रेटर के रूप में भी खेल की सेवा की थी।

# 12 चौके-छक्के, 228 के स्ट्राइक रेट से ठोके 73 रन
## डेवाल्ड ब्रेविस ने टीम को मैच जिताकर बनाया नंबर-1

खेल डेस्क, 1 फरवरी (एजेंसियां)। साउथ अफ्रीका में जारी एसए20 लीग में फिलहाल ग्रुप स्टेज के मुकाबले खेले जा रहे हैं. इसका 27वां मैच एमआई केपटाउन और प्रिटोरिया कैपिटल्स के बीच खेला गया. इस मुकाबले में एमआई की टीम ने कैपिटल्स के खिलाफ 27 रनों से जीत दर्ज की. इस जीत में डेवाल्ड ब्रेविस का अहम रोल रहा. तूफानी और अनोखे अंदाज में खेलने के कारण बेबी एबी के नाम से मशहूर ब्रेविस की तूफानी पारी की वजह से एमआई की टीम 222 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर सकी और मैच जीतने में कामयाब रही. इसके साथ ही वो पॉइंट्स टेबल में नंबर-1 पर पहुंच गई है.

**228 के स्ट्राइक रेट से ठोके 73 रन**

एमआई केपटाउन के कप्तान राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया था.




इसके बाद ओपनर्स ने तूफानी शुरुआत की और 4.3 ओवर में ही 45 रन ठोक दिए. हालांकि, इसके बाद एमआई ने अगले 35 रन बनाने में 3 विकेट गंवा दिए. इसके बाद डेवाल्ड ब्रेविस बैटिंग के लिए आए और 228 के स्ट्राइक रेट से बैटिंग करते हुए महज 32 गेंदों में 73 रन ठोक दिए. इस दौरान उन्होंने 6 चौके और 6 छक्के भी उड़ाए.

ब्रेविस को इस पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया. वहीं नंबर-3 पर बैटिंग करने आए रीजा हेंड्रिक्स ने भी शानदार बल्लेबाजी की. उन्होंने 44 गेंद में 175 के स्ट्राइक रेट से 77 रन बनाए, जिसमें 4 चौके और 5 छक्के लगाए. दोनों बल्लेबाजों की पारी की बदौलत एमआई ने 222 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया.

**एमआई बनी नंबर-1**

223 रन के लक्ष्य को चेज करने उतरी प्रिटोरिया कैपिटल्स के बल्लेबाजों ने खूब कोशिश की लेकिन 195 रन ही बना सके. प्रिटोरिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और उसने 15 रन के स्कोर पर ही अपना पहला विकेट गंवा दिया था. हालांकि, दूसरे विकेट के लिए विल जैक्स और विल स्मीड ने तेजी से 72 रन जोड़ दिए. लेकिन इसके बाद अगले 28 रन बनाने में टीम के 3 विकेट गिर गए और प्रिटोरिया पटरी से उतर गई.

प्रिटोरिया की टीम लगातार विकेट गंवाने लगी, जिसका नतीजा रहा कि 20 ओवर में वो 8 विकेट के नुकसान पर 195 रन तक ही पहुंच सकी और मैच को 27 रनों से गंवा दिया. वहीं एमआई की टीम इस जीत के बाद पॉइंट्स टेबल में 9 मैच में 6 जीत और 30 अंकों के साथ नंबर 1 पर पहुंच गई. बता दें वह पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर चुकी है और 4 फरवरी को उसे पहले क्वालिफायर में पार्ल रॉयल्स का सामना करना है.

# हर्षित राणा ने पूरा किया पिता का चैलेंज, डेब्यू मैच में ही कर दिया बड़ा कारनामा

पुणे, 1 फरवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के चौथे मैच में युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा को कनकशन सब्सटीट्यूट के तौर पर खेलने का मौका मिला. इस मुकाबले में वह भारतीय टीम के लिए एक बड़े मैच विनर साबित हुए और अपने पिता का दिया एक चैलेंज भी पूरा करने में कामयाब रहे.

भारत और इंग्लैंड के बीच खेला गया टी20 सीरीज का चौथा मैच काफी रोमांचक रहा. इस मुकाबले में भारतीय टीम ने 15 रनों से बाजी मारी. इस मैच में भारत के युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा काफी सुर्खियों में रहे. दरअसल, भारतीय बल्लेबाजी के दौरान ऑलराउंडर शिवम दुबे चोटिल हो गए थे. उनके हेलमेट में गेंद लग गई थी. जिसके चलते हर्षित राणा को कनकशन सब्सटीट्यूट के तौर पर टीम में शामिल किया गया. इसी के साथ उन्होंने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया.

**हर्षित राणा ने डेब्यू मैच में लूटी महफिल**

हर्षित राणा के लिए ये मैच काफी यागदार रहा. उन्होंने अपने 4 ओवर के स्पेल में 33 रन खर्च किए और 3 अहम विकेट चटकाए. हर्षित राणा ने लियाम लिविंगस्टन, जेकब बेथेल और जेमी ओवर्टन को अपना शिकार बनाया. उनके इस दमदार प्रदर्शन के चलते ही टीम इंडिया इस मुकाबले को अपने नाम करने में कामयाब रही. हर्षित ने काफी घातक गेंदबाजी की और अपनी रफ्तार से इंग्लैंड के बल्लेबाजों को तंग किया.



उन्होंने इस मुकाबले के लिए दौरान एक गेंद 150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से भी फेंकी और अपने पिता का दिया चैलेंज पूरा किया.

**हर्षित राणा ने पूरा किया पिता का चैलेंज**

दरअसल, हर्षित राणा के पिता प्रदीप राणा का एक बयान काफी वायरल हो रहा है. पिछले साल दिसंबर में हर्षित के पिता ने गेंदबाज को 150 की स्पीड से गेंदबाजी करने का चैलेंज दिया था और कहा था कि वह उन्हें एक प्लेयर तभी मानेंगे जब वो 150 की स्पीड से गेंदबाजी करेंगे.

प्रदीप राणा ने कहा था, 'मैंने उसे 150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने की चुनौती दी है. मैंने उससे कहा है कि जिस दिन तुम 150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार को छू लोगे, मैं तुम्हें प्लेयर मान लूंगा. अगर तुम 150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करोगे, तो तुम्हें भारत के लिए खेलने से कोई नहीं रोकेगा, लेकिन अगर तुम 125 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करोगे, तो कोई भी लोकल क्लब टीम तुम्हें नहीं चुनेगी.'

23 साल के हर्षित राणा ने अब अपने पिता का चैलेंज पूरा कर दिया है. बता दें, हर्षित राणा के लिए पिछले कुछ महीने काफी अच्छे रहे हैं.

इससे पहले उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टेस्ट में डेब्यू का मौका भी मिला था. उस दौरे पर उन्होंने 2 मुकाबले खेले थे और 4 विकेट अपने नाम किए थे. इसके अलावा उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भी भारतीय टीम के स्क्वॉड में रखा गया है.

# गुकेश ने वेई यी से ड्रॉ खेला, प्रज्ञानंद ने कारुआना और दिव्या ने इरिना को हराया

विज्क आन ज़ी (नीदरलैंड), 1 फरवरी (एजेंसियां)। विश्व चैंपियन डी गुकेश ने चीन के वेई यी के खिलाफ आसान ड्रॉ खेल कर टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में अपनी आधे अंक की बढ़त बरकरार रखी, जबकि आर प्रज्ञानंद ने अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फैबियानो कारुआना को हराकर खुद को खिताब का प्रबल दावेदार बनाए रखा। गुकेश ने सफेद मोहरों से खेलते हुए वेई यी के खिलाफ 30 चाल में बाजी ड्रॉ कराई। उनके अब संभावित 11 में से आठ अंक हैं।

प्रज्ञानंद ने काले मोहरों से खेलते हुए जीत हासिल करके कारुआना को चौंका दिया और उनके अब 7.5 अंक हो गए हैं।



वह उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। उज्बेकिस्तान के खिलाड़ी ने जर्मनी के विंसेंट कीमर के साथ ड्रॉ खेला। भारत के अन्य खिलाड़ियों के लिए भी यह दिन अच्छा रहा। पी हरिकृष्णा ने सर्बिया के एलेक्सी सराना को जबकि लियोन ल्यूक मेंडोंका ने स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसीव को हराया। इस बीच अर्जुन एरिगैसी ने नीदरलैंड के जॉर्डन वान फॉरेस्ट के साथ अंक बांटे।

चैलेंजर्स वर्ग में दिव्या देशमुख ने रोमानिया की इरिना बुलमागा को हराया, लेकिन आर वैशाली अजरबैजान की आयडिन सुलेमानली से हार गईं।

# बेथ मूनी ने पहले टेस्ट शतक से ही रच दिया इतिहास
## ऐसा करने वाली बनी ऑस्ट्रेलिया की पहली महिला क्रिकेटर

मेलबर्न, 1 फरवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच विमेंस एशेज खेला जा रहा है. ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने टी20 और वनडे सीरीज में पटखनी देने के बाद मेलबर्न में जारी एकमात्र टेस्ट में भी दबदबा बना लिया है. टीम की बाएं हाथ की बल्लेबाज बेथ मूनी ने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार शतक लगाया और 106 रनों की पारी खेली. ये उनकी पहली टेस्ट सेंचुरी है और इसी से उन्होंने इतिहास रच दिया है. दरअसल, महिला क्रिकेट की तीनों इंटरनेशनल फॉर्मेट में शतक लगाने वाली मूनी पहली ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बन गई हैं. उनकी इस पारी की बदौलत कंगारु टीम ने पहली पारी में 440 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया है. बेथ मूनी के नाम वनडे में 3 शतक और टी20 में 2 शतक



दर्ज है. अब उन्होंने टेस्ट में भी सेंचुरी ठोक दी है. इसके साथ ही तीनों फॉर्मेट में ये कारनामा करने वाली वो सिर्फ चौथी महिला क्रिकेटर बन गई हैं. उनसे पहले इंग्लैंड की हीथर नाइट और टैमी ब्यूमोंट और साउथ अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ट ही तीनों फॉर्मेट में सेंचुरी लगा सकी हैं. वहीं बात करें तो ओवरऑल ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की तो अब तक सिर्फ शेन वॉटसन, ग्लेन मैक्सवेल और डेविड वॉर्नर ये उपलब्धि हासिल कर सके थे. इस लिस्ट में अब मूनी का नाम भी जुड़ गया है. उन्होंने 8वें टेस्ट में ही ये कारनामा कर दिखाया है. वो ऐसा करने वाली चौथी ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बन गई हैं. बता दें बेथ मूनी 82 वनडे में 47.27 की औसत से 2553 रन बना चुकी हैं. इस दौरान उन्होंने 18 अर्धशतक और 3 शतक जड़े हैं. वहीं 109 टी20 मुकाबलों में 41.21 की औसत से 3215 रन बनाए हैं, जिसमें 25 अर्धशतक और 2 शतक शामिल है. वविमेंस एशेज के लिए इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है. दोनों टीमों के बीच पहले टी20 और वनडे सीरीज के खेला गया. इन दोनों ही सीरीज में कंगारु टीम ने इंग्लैंड को क्लीन स्वीप कर दिया था. अब टेस्ट मैच खेला जा रहा है.

# बचपन के क्लब से जुड़ने पर फूट-फूटकर रोए स्टार फुटबॉलर नेमार



खेल डेस्क, 1 फरवरी (एजेंसियां)। नेमार ने ब्राजील के क्लब सांतोस के साथ छह महीने का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है। एस्टाडियो उरबानो कैल्डीरा में किट अनावरण के दौरान नेमार अपने बचपन के क्लब सांतोस से जुड़कर भावुक हो गए। एक वायरल वीडियो में नेमार को सांतोस के फैंस द्वारा शानदार स्वागत मिलने पर रोते हुए देखा गया।

**सांतोस टीम के उपाध्यक्ष ने क्या कहा?**

सांतोस के उपाध्यक्ष फर्नांडो बोनाविदेस ने कैनाल स्पोरटीवी से कहा, 'अनुबंध अभी फिलहाल छह महीने के लिए है, लेकिन निश्चित रूप से हम वह सब कुछ करेंगे जिससे नेमार हमारे साथ बने रहें। हम उम्मीद कर रहे हैं कि वह अगले साल होने वाले विश्व कप तक हमारे साथ रहेंगे।' नेमार को क्लब द्वारा एस्टाडियो उरबानो कैल्डेइरा में आयोजित समारोह में फैंस के सामने पेश किया गया। इस दौरान कई स्थानीय संगीत सितारों के संगीत कार्यक्रम भी पेश किए गए।

# गाले के मैदान में हो गया गजब खेल
## नाथन लियोन के नाम जुड़ा अनोखा रिकॉर्ड

गाले, 1 फरवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के बीच गाले स्टेडियम में दो मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट जारी है। इस मैच के चौथे दिन के पहले सेशन में गजब वाकया देखने को मिला, जहां कंगारू स्पिनर नाथन लियोन ने दिनेश चांदीमल को श्रीलंका की दूसरी पारी में ट्रेविस हेड के हाथों कैच आउट कराया। खास बात यह है कि लियोन ने उन्हें इसी सेशन में श्रीलंकाई पारी के पहले सेशन में भी आउट किया था। इस तरह से लियोन एक बल्लेबाज को एक ही सेशन में दो बार आउट करने वाले गेंदबाज बन गए हैं।

लियोन ने लंच से पहले आखिरी गेंद पर श्रीलंका के पूर्व कप्तान दिनेश चांदीमल का विकेट झटककर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के इतिहास का अपना 200वां विकेट झटका। पहली पारी में 72 रनों की शानदार पारी खेलने वाले चांदीमल दूसरी पारी में 49 गेंदों में 31 रन बनाकर हेड के हाथों कैच आउट हुए। लियोन डब्ल्यूटीसी में 200 विकेट लेने वाले सिर्फ दूसरे गेंदबाज हैं।



उनसे पहले ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे कप्तान पैट कमिंस भी यह कारनामा कर चुके हैं। उन्होंने पिछले महीने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर टीम इंडिया के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की थी। बता दें कि टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज लियोन ने पहली पारी में श्रीलंका के तीन बल्लेबाजों को आउट किया था, जिससे स्टीव स्मिथ की अगुवाई वाली टीम ने मेजबान टीम को सिर्फ 165 रन पर ऑलआउट करके उन्हें फॉलोऑन दिया था।

# कलर्स थीम पार्क प्राकृतिक सौंदर्य का घर : विजयलक्ष्मी



हैदराबाद, 1 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी महापौर गदवाल विजयलक्ष्मी ने कहा कि कलर्स थीम पार्क पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए एक आश्रय स्थल के रूप में खड़ा होगा। शनिवार को मल्लापुर, कपरा सर्किल-1, 5वें वार्ड में दो एकड़ जमीन एक लाख रुपये में खरीदी गई। 2.94 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित 'कलर्स थीम पार्क' का उद्घाटन महापौर गदवाल विजयलक्ष्मी, उप्पल विधायक बंडारी लक्ष्मी रेड्डी और उप महापौर मोथे श्रीलता रेड्डी ने किया।

इस अवसर पर महापौर ने कहा कि उन्हें जीएचएमसी के तत्वावधान में इस परियोजना का शुभारंभ करने और कलर्स थीम पार्क को जनता के लिए उपलब्ध कराने पर खुशी है। उन्होंने कहा कि इस पार्क में स्थापित की गई सुविधाएं जैसे वाटर फाउंटेन, प्ले कोर्ट, सेल्फी वॉल और बच्चों के खेल का मैदान सभी के लिए अधिक आनंद और आनंद लेकर आएगा। उन्होंने कहा कि पार्क में 107 प्रकार के रंग-बिरंगे पौधे प्रकृति के साथ शांतिपूर्ण वातावरण प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए ऐसी परियोजनाएं बहुत जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि जीएचएमसी के विकास के साथ-साथ पर्यावरण और लोगों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने लोगों से इस पार्क का सदुपयोग करने तथा इसे स्वच्छ एवं हरा-भरा बनाए रखने में सहयोग करने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि जीएचएमसी सीमा के भीतर इस तरह के और विकास कार्य जारी रहेंगे। उप्पल विधायक बंडारी लक्ष्मा रेड्डी ने कहा कि मल्लापुर क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से चली आ रही इच्छा पूरी हुई है और उन्होंने एक अच्छा पार्क उपलब्ध कराने के लिए जीएचएमसी के प्रति अपनी खुशी और आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह पार्क न केवल बच्चों के लिए बल्कि वयस्कों और युवाओं के लिए भी मनोरंजन और स्वास्थ्य लाभ के स्रोत के रूप में उपयोगी होगा। ऐसा कहा जा रहा है कि योग शेड और स्केटिंग रिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने से यहां के लोगों के शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होगा। उप महापौर मोथे श्रीलता शोभन रेड्डी ने कहा कि आज इस परियोजना का शुभारंभ एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि कलर्स थीम पार्क अपने नाम के अनुरूप प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण होगा तथा यहां स्थापित सेल्फी वॉल और झरने जैसे आकर्षण इस क्षेत्र का नाम दूर-दूर तक प्रसिद्ध करेंगे। कहा गया है कि यह पार्क एक व्यापक मनोरंजन केंद्र के रूप में काम करेगा, जिसमें विशेष रूप से बच्चों के लिए खेल का मैदान, युवाओं के लिए खेल के अवसर और वयस्कों के लिए योग शेड होगा। इस कार्यक्रम में जोनल कमिश्नर हेमंत केशव पाटिल, पार्षद पन्नाला देवेंद्र रेड्डी, प्रभु दास, एसई, यूबीडी के अधिकारी, डिप्टी कमिश्नर, ईईई, एएमएचओ, स्थानीय लोग और अन्य लोगों ने भाग लिया।

# उद्योग हितैषी है बजट : एफटीसीसीआई

हैदराबाद, 1 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। फेडरेशन ऑफ तेलंगाना चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफटीसीसीआई) ने आज केंद्रीय बजट की सराहना की। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के लगातार 8वें बजट के तुरंत बाद मीडिया से बातचीत करते हुए, एफटीसीसीआई के अध्यक्ष सुरेश कुमार सिंघल ने कहा कि बजट उद्योग-हितैषी, आम लोगों के हितैषी, वेतनभोगी हितैषी, मरीज-हितैषी और प्रगतिशील बजट है। उन्होंने व्यापार और समाज के सभी क्षेत्रों को संबोधित करने के उनके दृष्टिकोण के लिए निर्मला सीतारमण को बधाई दी। सुरेश सिंह ने कहा कि यह सभी हितधारकों के हितैषी, सकारात्मक, प्रगतिशील, विकासोन्मुखी बजट है। उन्होंने कहा कि बजट की एक मुख्य बात मंत्री का देश के सीमा शुल्क ढांचे में महत्वपूर्ण सुधार का प्रस्ताव था जिसका उद्देश्य टैरिफ प्रणाली को सरल बनाना और घरेलू विनिर्माण को समर्थन देना है।

प्रस्ताव में सात टैरिफ दरों को हटाने, शून्य दर सहित केवल आठ को शेष रखने की बात शामिल थी। उन्होंने कहा कि यह सबसे स्वागत योग्य बदलाव है और यह उद्योग के विकास के लिए एक अच्छा संकेत है। इससे घरेलू विनिर्माण क्षेत्र को भी बढ़ावा मिलेगा। एफटीसीसीआई ने अगले दो हफ्तों में आयकर अधिनियम को सरल बनाने का भी स्वागत किया, जिसका उद्देश्य करदाताओं और प्रशासकों के लिए अनुपालन बढ़ाना और विवादों को कम करना आसान बनाना है।

एफटीसीसीआई एमएसएमई को बढ़ावा देने की वकालत कर रहा है। सिंघल ने कहा कि वित्त मंत्री ने एमएसएमई क्षेत्र को कई रियायतें दी हैं, जो सही है। एफटीसीसीआई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने बजट को 'अद्भुत' और 'बहुत उपयोगी' बताया, खासकर एमएसएमई के लिए। उन्होंने कहा कि बजट भारत को वर्ष 2047 तक विकासशील भारत बनाने की सरकार की योजनाओं के अनुरूप है। एफटीसीसीआई की उद्योग समिति के अध्यक्ष श्रीनिवास गरिमेला ने कहा कि बजट में पिछले साल के बजट में उठाई गई समस्याओं के साथ-साथ पिछले साल अनुत्तरित या छूटी हुई समस्याओं का भी समाधान किया गया है। चार्टर्ड अकाउंटेंट और प्रत्यक्ष कर समिति के अध्यक्ष सुधीर वी.एस. ने कहा कि कुल मिलाकर बजट में कृषि से लेकर परमाणु ऊर्जा, आईआईटी विस्तार से लेकर एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) तक हर क्षेत्र को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि टीडीएस और टीसीएस को युक्तिसंगत बनाने से अनुपालन बोझ कम होगा, जो फिर से स्वागत योग्य कदम है।

## केंद्रीय बजट में तेलंगाना की उपेक्षा : कविता



हैदराबाद, 1 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। विपक्षी बीआरएस एमएलसी के कविता ने शनिवार को आरोप लगाया कि तेलंगाना को केंद्रीय बजट में शून्य धनराशि मिली, जबकि राज्य से भाजपा और कांग्रेस के आठ-आठ सांसद चुने जाते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में उन्होंने पूछा कि क्या यह बजट है या 'बजट उपेक्षा'? बीआरएस अध्यक्ष के चंद्रशेखर राव की बेटी कविता ने कहा कि 8 भाजपा सांसद + 8 कांग्रेस सांसद = तेलंगाना के लिए : 0।

लोकसभा चुनाव में बीआरएस का खाता भी नहीं खुल सका और भाजपा तथा कांग्रेस ने राज्य की कुल 17 सीटों में से आठ-आठ सीटें जीतीं, जबकि एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने अपनी हैदराबाद लोकसभा सीट बरकरार रखी।

## कांग्रेस ने की उम्मीदवार की घोषणा



हैदराबाद, 1 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस पार्टी ने मेदक-निजामाबाद-आदिलाबाद और करीमनगर स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के आगामी द्विवार्षिक चुनाव के लिए वी नरेंद्र रेड्डी को अपना उम्मीदवार नामित किया है। इस आशय की घोषणा एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने की।



मंदिर के पुजारियों ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को जुबली हिल्स स्थित आवास पर श्री जोगुलाम्बा अम्मा के वार्षिक ब्रह्मोत्सवम के लिए आमंत्रित किया और एआईसीसी सचिव संपत कुमार और अन्य ने भाग लिया।

# अभयारण्य से होकर गुजरने के लिए देना होगा शुल्क

मंचेरियल, 1 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। वन विभाग जल्द ही चेन्नूर डिवीजन में प्राणहिता ब्लैकबक्स वन्यजीव अभयारण्य से गुजरने वाले मोटर चालकों से पर्यावरण शुल्क वसूल करेगा। जिला वन अधिकारी शिव आशीष सिंह ने एक बयान में कहा कि कर लगाने का प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है, ताकि इसकी मंजूरी मिल सके। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में अभयारण्य को पार करने वाले मोटर चालकों से शुल्क वसूला जाएगा। इस नियम को लागू करने के लिए येंचेपल्ली रिजर्व फॉरेस्ट, परपल्ली और किश्तमपेट वाई जंक्शन पर चेक-पोस्ट बनाए जाएंगे।

आईएफएस अधिकारी ने आगे कहा कि पर्यावरण शुल्क का उपयोग अभयारण्य में कचरा, प्लास्टिक अपशिष्ट और बचे हुए खाद्य पदार्थों को उठाने के लिए किया जाएगा। जन्नाराम मंडल में कवाल टाइगर रिजर्व से गुजरने वाले वाहन चालकों से भी इसी प्रकार का पर्यावरण शुल्क वसूला जा रहा है।

# आयुक्त ने आईटी सेल एसओटी एलबी नगर का दौरा किया



हैदराबाद, 1 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कमिश्नर सुधीर बाबू आईपीएस ने आज विभिन्न पुलिस विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रदर्शन और राचकोंडा आयुक्तालय में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के हिस्से के रूप में आम लोगों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं की समीक्षा करने के लिए एलबी नगर में राचकोंडा आईटी सेल, एसओटी कार्यालयों और उप्पल पुलिस स्टेशन का दौरा किया। इस अवसर पर आईटी सेल के कार्यालय कर्मचारियों से बात करते हुए, उन्होंने शांति बनाए रखने के हिस्से के रूप में कई मामलों की जांच में तकनीकी साक्ष्य प्रदान करने के अलावा गश्त, ब्लू कोल्ट्स, 100 डायल जैसी आपातकालीन सेवाओं के कार्यान्वयन में आईटी सेल द्वारा निभाई गई भूमिका की सराहना की। आईटी सेल कार्यालय में सोशल मीडिया और अन्य विभागों के कर्मचारियों के प्रदर्शन की समीक्षा की। उन्होंने सुझाव दिया कि सीसीटीवी की आवश्यकता को अधिक प्रचारित किया जाना चाहिए और उनके प्रबंधन को मजबूत किया जाना चाहिए। प्रौद्योगिकी का उपयोग करने और नई प्रक्रियाएं बनाने का सुझाव दिया गया है ताकि पुलिस आपातकालीन स्थितियों में पीड़ितों तक अधिक तेज़ी से पहुंच सके। एसओटी कार्यालय का दौरा किया और कर्मचारियों से बात की। यह सुझाव दिया गया है कि राचाकोंडा क्षेत्र में नशीली दवाओं की आपूर्ति करने वाले गिरोह और अंतरराज्यीय साइबर अपराध गिरोह को सख्ती से दबाया जाना चाहिए। अन्य देशों के शरणार्थियों और अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में काम के लिए हैदराबाद शहर में आने वाले विभिन्न श्रमिकों को किसी भी अपराध से बचने के लिए विशेष ध्यान देने की सलाह दी गई है।

सीपी ने आज उप्पल पुलिस स्टेशन का दौरा किया और स्टेशन के रिकॉर्ड की समीक्षा की और रिसेप्शन, गश्त स्टाफ और सीसीटीवी के रखरखाव जैसे विभिन्न विभागों के प्रदर्शन की भी समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि समस्याग्रस्त क्षेत्रों के स्टाफ को हमेशा अलर्ट रखें।

उन्होंने थाने में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए किए जा रहे उपायों की जानकारी ली। महिलाओं की सुरक्षा को उच्च प्राथमिकता देने की सलाह दी गई है।

# फार्म हाउस पर कुछ कांग्रेस विधायकों की गुप्त बैठक से खलबली!

हैदराबाद, 1 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार रात शहर के बाहरी इलाके में एक फार्म हाउस में कुछ कांग्रेस विधायकों की एक गुप्त बैठक से पार्टी के मामलों, विशेषकर नेताओं के एक वर्ग के बीच पनप रहे असंतोष को लेकर व्यापक अटकलें शुरू हो गई हैं।

यह बैठक कैबिनेट मंत्री के उनके प्रति रवैये पर अपने विचार साझा करने और आदान-प्रदान करने के लिए आयोजित की गई थी। यह लगभग दो घंटे तक चली।

बताया जा रहा है कि ये विधायक, जिनमें से अधिकतर पूर्व महबूबनगर, नलगोंडा और वारंगल से थे, एक कैबिनेट मंत्री द्वारा उनकी मांगों पर विचार न करने, विशेषकर उनके निर्वाचन क्षेत्रों में कुछ विकास कार्यों के क्रियान्वयन में देरी के बारे में चर्चा करने के लिए एकत्र हुए थे। दिलचस्प बात यह है कि विधायकों ने कुछ दिन पहले ही बैठक करने का फैसला किया था। इनमें से दो विधायकों ने दो दिन पहले मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी से मुलाकात भी की थी।

हालांकि, ऐसी खबरें हैं कि बैठक में 10 विधायक शामिल हुए थे, लेकिन कुछ का कहना है कि बैठक में सात से आठ विधायक शामिल हुए थे। बैठक में शामिल विधायकों की तस्वीरें पहले से ही अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर घूम रही हैं। इस पूरे प्रकरण ने पार्टी में बेचैनी पैदा कर दी है। गांधी भवन में नेताओं के एक वर्ग में बैठक के एजेंडे को लेकर चर्चा है, खासकर स्थानीय निकाय चुनावों से पहले। कई लोग बैठक के नतीजों को लेकर चिंतित हैं।

## तस्कर गिरफ्तार, 5.44 किलोग्राम गांजा जब्त



संगारेड्डी, 1 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। संगारेड्डी में आबकारी अधिकारियों ने जिले के निकट एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 5.44 किलोग्राम सूखा गांजा और एक दोपहिया वाहन जब्त किया। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम निवासी अल्ला सिमचलम (31) को गिरफ्तार किया। आबकारी अधीक्षक नवीन चंद्र के नेतृत्व में अधिकारियों ने शुक्रवार को एक गुप्त सूचना के बाद उसे पकड़ा।

## बस के लॉरी से टकराने से 40 यात्री घायल

जोगुलम्बा गदवाल, 1 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। उंडावल्ली मंडल के अंतर्गत पुलुरू टोल प्लाजा पर शनिवार सुबह दो निजी ट्रैवल्स बसों के एक ट्रक से टकरा जाने से लगभग 40 यात्री और एक चालक घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब टाइल्स से लदा ट्रक 'यू' टर्न ले रहा था और हैदराबाद से कडप्पा जा रही सीजीआर ट्रैवल्स की बस ने ट्रक को टक्कर मार दी। कुछ ही मिनटों के भीतर, हैदराबाद से तिरुपति जा रही कावेरी प्राइवेट ट्रैवल्स की बस ने सीजीआर बस को पीछे से टक्कर मार दी। कावेरी बस के ड्राइवर और उसमें सवार 40 यात्री घायल हो गए। ड्राइवर की हालत गंभीर बताई जा रही है और घायलों को आंध्र प्रदेश के कर्नूल स्थित सरकारी जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## जम्मीकुंटा पुलिस पर अत्याचार का आरोप

### महिला ने भूमि विवाद को लेकर लगाए आरोप

करीमनगर, 1 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कटिपल्ली संध्या रानी नामक एक महिला ने आरोप लगाया है कि भूमि विवाद के मामले में जम्मीकुंटा पुलिस ने उसे प्रताड़ित किया। अपनी व्यथा बताते हुए संध्या रानी ने कहा कि एनुगु जयपाल रेड्डी नामक व्यक्ति उनकी मां कटेपल्ली लक्ष्मी की जमीन पर कब्जा करने की योजना बना रहा था। इस संबंध में उन्होंने जम्मीकुंटा सीआई वरगंती रवि से शिकायत दर्ज कराई। हालांकि, उनके बार-बार अपील करने के बावजूद सीआई ने कोई कार्रवाई नहीं की।

जब तहसीलदार ने जमीन की पैमाइश करने का फैसला किया तो वह अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ जमीन पर गई थी। हालांकि, पुलिस ने कथित तौर पर उसके और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ दुर्व्यवहार किया। उसके भाई को गिरफ्तार करने के अलावा पुलिस ने उसे पीटा भी। जब उसने सांस लेने में तकलीफ की शिकायत की तो उसे सरकारी अस्पताल ले जाया गया। दुर्भाग्य से उसे शौच के लिए भी नहीं जाने दिया गया, उसने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर से सीआई और अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने की अपील की। सामाजिक कार्यकर्ता शेख सबीर अली और दलित नेता अंबाला राजू ने सरकार से इस मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग की।




## कार की टक्कर में युवा डॉक्टर की मौत

### एक अन्य गंभीर रूप से घायल

हैदराबाद, 1 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के बाहरी इलाके नरसिंगी के खानपुर में शनिवार को तेज गति से वाहन चलाने के कारण एक युवा डॉक्टर की मौत हो गई तथा एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि यह घटना उस समय घटी जब उनकी कार एक ट्रक से टकरा गई। मृतक की पहचान बचुपल्ली के डॉ. जशवंत के रूप में हुई है और घायल की पहचान एलबी नगर की डॉ. भूमिका के रूप में हुई है। दोनों एलबी नगर के कामिनेनी अस्पताल में काम करते थे।

जानकारी के अनुसार दोनों जनवाड़ा में एक समारोह में भाग लेने के बाद हैदराबाद लौट रहे थे। खानपुर पहुंचने पर वाहन चला रहे जसवंत ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और वाहन ट्रक से टकरा गया। उन्हें गंभीर चोटें आईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। भूमिका भी गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे अस्पताल ले जाया गया। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। नरसिंगी पुलिस जांच कर रही है।

# बासर में वसंत पंचमी उत्सव की रंगारंग शुरुआत

निर्मल, 1 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तीन दिवसीय वार्षिक वसंत पंचमी उत्सव या देवी सरस्वती का जन्मदिन शनिवार को बासर स्थित प्राचीन श्री ज्ञान सरस्वती देवस्थानम के परिसर में रंगारंग ढंग से शुरू हुआ। मंदिर के कार्यकारी अधिकारी के सुधाकर रेड्डी ने बताया कि मंदिर के वैदिक पंडितों और पुजारियों ने समारोह के पहले दिन गणपति होमम, चंडी यज्ञ और अन्य पारंपरिक अनुष्ठान किए। पंचायत राज मंत्री डी सीताक्का और स्थानीय विधायक रामाराव पटेल ने सरकार की ओर से भगवान को रेशमी वस्त्र भेंट किए। मंदिर के पुजारियों और अधिकारियों ने उनका सम्मान किया।



अधिकारियों ने बताया कि उत्सव को सुचारू रूप से चलाने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए थे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कतारों, छाया, अस्थायी शौचालय और पार्किंग स्थल जैसी बुनियादी सुविधाएं बनाई गई थीं। उन्होंने बताया कि इस शुभ अवसर पर करीब 5 लाख श्रद्धालुओं के मंदिर में आने और अपने बच्चों के लिए अक्षराभ्यासम या अक्षर ज्ञान की दीक्षा देने की उम्मीद है। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, ऐसा माना जाता है कि इस दिन वसंत पंचमी या श्री पंचमी के दिन देवी सरस्वती का जन्म हुआ था। हिंदू धर्म के अनुयायी इस अवसर को मंदिरों, घरों और शैक्षणिक संस्थानों में बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाते हैं। वे सामूहिक अक्षराभ्यासम कार्यक्रम करते हैं और विद्या की देवी के मंदिरों में जाकर विशेष प्रार्थना करते हैं।

तीन दिवसीय उत्सव के दौरान न केवल तेलंगाना के विभिन्न हिस्सों से, बल्कि आंध्र प्रदेश और पड़ोसी महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ राज्यों से भी श्रद्धालु ज्ञान की देवी के ऐतिहासिक निवास पर आएंगे। वे देवी के दर्शन करने से पहले मंदिर शहर के पास बहने वाली गोदावरी नदी में पवित्र स्नान करेंगे। किंवदंती है कि लगभग 5,000 वर्ष पूर्व महाभारत काल में ऋषि व्यास ने नदी के तट पर निवास करके देवी सरस्वती की पूजा की थी।

# बाघ ने मंचेरियल के स्कूलों में छुट्टी घोषित करने पर किया मजबूर

मंचेरियल, 1 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बाघ की संदिग्ध गतिविधि के कारण शनिवार को बेल्लमपल्ली स्थित एक निजी स्कूल के प्रबंधन को एक दिन के लिए स्कूल बंद करना पड़ा। श्री चैतन्य स्कूल के प्रबंधन ने बेल्लमपल्ली शहर के बाहरी इलाके में बाघ की आवाजाही को देखते हुए संस्थान में अवकाश की घोषणा की है। पता चला है कि प्रबंधन ने छात्रों पर बाघ के संभावित हमले को रोकने के उपायों के तहत यह निर्णय लिया है।

वन अधिकारियों ने बताया कि हाल ही में कुमराम भीम आसिफाबाद जिले के तिरयानी से इलाके की तलाश में जिले की ओर आई एक मादा बाघ बेल्लमपल्ली शहर के किनारों पर घूम रही है। उन्होंने कहा कि वे जानवरों के ट्रैकर तैनात करके बाघ की गतिविधियों पर नज़र रख रहे हैं, साथ ही मानवीय नुकसान को रोकने के लिए कदम उठा रहे हैं। शुक्रवार को कासिपेट मंडल के बुग्गागुडेम गांव के बाहरी इलाके में एक सिंचाई टैंक में भी यही बाघ देखा गया। टैंक में उसके पैरों के निशान दर्ज किए गए।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.